रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 20 सितम्बर 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-29 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सीएम बघेल ने प्रदेशवासियों को नुआखाई पर्व की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों और विशेष रूप से



उत्कल समाज के लोगों को नुआखाई पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि उत्कल समाज द्वारा गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन ऋषि पंचमी को नुआखाई त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार नई फसल के आगमन, धरती एवं भगवान के वंदन और किसान भाईयों के बंधुत्व और एकत्व का प्रतीक है। इस त्यौहार पर नई फसल को भगवान में अर्पण के बाद एक साथ भोजन और मेलजोल से सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ती है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

### सम्मिट इंडिया का अंतरराष्ट्रीय अभियान

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में जी20 का सदस्य बने अफ्रीकी संघ के देशों में भारत को लेकर किस तरह का उत्साह और सोच बनी है इसका एक नज़ारा इस साल के अंत में सम्मिट इंडिया के अंतरराष्ट्रीय अभियान के तहत अफ्रीकी महाद्वीप के केन्या में मैराथन दौड़ का आयोजन में देखने को मिलेगा। इसके साथ ही केन्या सरकार के सहयोग से भारत वंशी अफ्रीकन जनों के लिये अयोध्या की तरह एक भव्य राम मंदिर बनाने की पहल की जा रही है। सम्मिट इंडिया के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने केन्या चैप्टर का अध्यक्ष डॉ स्वरूप रंजन मिश्रा को नियुक्त किया है।

### युवा कांग्रेस का चंद्रशेखर राव के खिलाफ पोस्टर युद्ध

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के खिलाफपोस्टर युद्ध शुरू करते हुए उन्हें देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने मंगलवार को कहा मुख्यमंत्री केसीआर हर चीज में 30 प्रतिशत कमीशन ले रहे हैं, यही कारण है कि हमने 'बुक माय सीएम' पोस्टर लॉन्च किया है। सीएम राज्य में हर परियोजना और योजना में कमीशन ले रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं। पोस्टर वॉर का उद्देश्य सीएम केसीआर के कुकर्मों को उजागर करना और उनके इस्तीफे की मांग करना है।

# देश की प्रगति के लिए बड़े कैनवास पर काम करने की जरूरत : प्रधानमंत्री मोदी

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संसद को अमृत काल के अगले 25 वर्ष में बड़े कैनवास पर मिलकर काम करना है और जनता की आकांक्षाओं के अनुसार नीतियों और कार्यक्रमों में सुधार लाकर देश की सर्वांगीण प्रगति को गति देनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाले नये कानून बनाएं और पुराने पड़ चुके कानूनों को समाप्त करें। उन्होंने कहा कि भारत इस समय दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रहा है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। पूरी दुनिया हमें अपेक्षा से देख रही है। उनका कहना था कि असंतुलित विकास समृद्धि नहीं दे सकता इसलिए सर्वांगीण विकास की दिशा में एकजुटता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। मोदी ने मंगलवार को नये संसद भवन में कार्यवाही शुरु होने पहले पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित दोनों सदनों के विशेष संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए पुराने संसद भवन का नाम 'संविधान सदन' रखने का प्रस्ताव किया और समारोह में मौजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से इस प्रस्ताव कार्यवाही करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा, ''आज हम यहां से विदा लेकर संसद के नए भवन में बैठने वाले हैं और ये बहुत शुभ है कि गणेश चतुर्थी के दिन वहां बैठ रहे हैं। हम सब भाग्यवान है कि आज भारत उम्मीदों की उस ऊंचाई पर है जो शायद पिछले एक हजार साल में भी नहीं रही होगी। हम यहां से उठकर एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प और निश्चय के साथ नये संसद भवन में जा रहे हैं। यह क्षण भावुकता है लेकिन कर्तव्य पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करता है। संविधान सदन हमें दिशा देता रहेगा और हमें याद दिलाता रहेगा उन महान विभूतियों की जो संविधानसभा के सदस्य थे और जिन्होंने हमारा



संविधान गढकर हमें दिया। मोदी ने कहा समय की मांग है कि आत्म निर्भर भारत के संकल्प पूरा करना है उसमें दल आड़े नहीं आते हैं इसके लिए सिर्फ दिल चाहिए और वह दिल सिर्फदेश के लिए चाहिए। हमें प्रत्येक भारतीय की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर सुधार करने होंगे। निर्णय करते समय लोगों की आकांक्षा हमारी सोच में सबसे ऊपर होनी चाहिए। हमें अमृतकाल में आत्मनिर्भर भारत बनाना है। नयी उम्मीदों के बीच संसद का यह सर्वोच्च दायित्व है कि वह जनआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नये कानून बनाए और पुराने पड़ चुके कानूनों को निरसन करे। प्रधानमंत्री ने कहा भारत विश्वमित्र के रूप में उभर रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ग्लोबल साउथ (गरीब और विकासशील देशों) की आवाज बना। भारत नई ऊर्जा से भरा हुआ है। हमारी आर्थिक वृद्धि की रफ्तार अच्छी है। पूरी दुनिया मानती है कि हम जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने जा रहे हैं और दुनिया हमारी ओर उम्मीद की नजर लगाए है। संसद का केंद्रीय कक्ष हमें हमारे कर्तव्यों को पूरा करने कील प्रेरणा देता है। यह वही ऐतिहासिक स्थल है जहां हमारे संविधान ने मूर्तरूप ग्रहण किया।

## लोकसभा में महिला आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये संसद भवन में पहले दिन लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के उद्देश्य से संविधान का 128 वां संशोधन करने वाला नारीशक्ति वंदन विधेयक 2023 पेश किये जाने की घोषणा की और संसद के दोनों सदनों के सांसदों से अपील की कि वे इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करके इसे और मजबूत बनायें। मोदी ने दोपहर सवा एक बजे नये संसद भवन में लोकसभा के नये सदन में अपने उद्घाटन भाषण में ये ऐलान किया। प्रधानमंत्री के भाषण के बाद सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के नेता अधीररंजन चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किये और इसके बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान का 128वां संशोधन करने वाला नारीशक्ति वंदन विधेयक 2023 पेश किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीति, नीति एवं शक्ति का इस्तेमाल समाज में प्रभावी बदलाव का बहुत बड़ा माध्यम होता है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं की ताकत बढ़ी है। जी-20 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने महिला नीत विकास की चर्चा की जिसे दुनिया स्वीकार कर रही है और समझ रही है। उन्होंने कहा कि महिला विकास की बात मात्र चर्चा नहीं है, यह राष्ट्र के विकास की नयी मंजिलें, महिला नीति के विकास से ही हासिल होंगी। इसे जी-20 ने भी स्वीकार किया है।

# एक्सिस बैंक में फिल्मी अंदाज में करोड़ों की लूट

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में नकाबपोश हथियार बंद युवकों ने फिल्मी अंदाज में बैंक में दाखिल होकर बैंक मैनेजर सहित अन्य स्टाफ को एक कमरे में बंद कर 7 करोड लेकर फरार हो जाने की घटना सामने आई है। डकैतों ने इस बड़ी लूट के दौरान एक्सीस बैंक के मैनेजर को चाकूओं से गोदकर घायल कर दिया है, जिसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया है। करोड़ो रूपये की डकैती की जानकारी मिलने के बाद मौके पर डीआईजी गर्ग व पुलिस अधीक्षक सदानंद पूरी टीम के साथ बैंक पहुंचे। यह मामला सिटी कोतवाली के अंतर्गत आता है और सुबह 9 से 10 बजे बैंक खुलते ही इस वारदात को डकैतों ने अंजाम दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ शहर के घरघोड़ा मार्ग में स्थित एक्सिस बैंक में सुबह तकरीबन 8:45 बजे 6 से 7 नकाबपोश युवक पहले बैंक के सामने मोटर सायकल से पहुंचे और एक-एक करके अंदर घुस गए। धारदार हथियारों से लैस इन डकैतों ने सबसे पहले बैंक के स्टाफको बंधक बनाया। साथ ही साथ बैंक मैनेजर को एक चाकू तथा बंदूक की नोंक पर मारते पीटते हुए स्टांग रूम की चाबी लेकर वहां रखे करोड़ो रूपये के जेवरात व नगदी एक बैग में भरकर बड़े आराम से वापस मोटर सायकल में सवार होकर अलग-अलग रास्तों से निकल गए। यह पूरी वारदात सामने लगे सीसीटीवी कैमरे के अलावा बैंक में लगे कैमरे में कैद हो गई है।



### क्या कहते हैं पुलिस अधीक्षक

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने बताया कि तकरीबन 10 बजे बैंक कर्मचारियों ने 112 में घटना की सूचना दी। जिसके बाद वे अपनी टीम के साथ यहां पहुंचे और जांच में पता चला कि लुटेरों द्वारा बैंक मैनेजर पर हमला करते हुए स्टाफ को बंधक बनाते हुए वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस अलग अलग टीम बनाकर लुटेरों की पतासाजी में जुट गई है। बैंक से लूटी गई रकम का आंकलन नही हो सका है जांच के बाद ही इसका पता चल सकेगा। बैंक डैकती को अंजाम देने वाले लुटेरों की संख्या 7 के करीब थी उनमें से कई हथियार से लैस थे। बहरहाल पुलिस अब बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज लेकर आरोपियों को पकड़ने सरहदी क्षेत्र के अलावा बार्डर क्षेत्र में नाकेबंदी कर आरोपियों को पकड़ने में जुट गई है।

### बैंक मैनेजर हुए हमले में घायल


दिनदहाड़े घटी इस डकैती की वारदात फिल्मी कहानी से मिलती जुलती है। बडे आराम से हेलमेट पहनकर डकैत बैंक के पास पहुंचते है और एक-एक करके दाखिल होते हुए अंदर बैंक मैनेजर को सबसे पहले बंधक बनाकर उस पर हमला करते हुए चाकूओं से गोद देते हैं और उसके बाद बैंक में रखे करोडो के गहने व नगद रकम लेकर फरार हो जाते हैं।

### खुल गई पुलिस पेट्रोलिंग की पोल

रायगढ़ पुलिस समय-समय पर यह दावा करती है कि जिले में अपराधियों को पकड़ने के लिये बकायदा सभी थानों की पुलिस के अलावा पेट्रोलिंग के जरिये अपराधियों पर नजर रखी जाती है। लेकिन एक्सीस बैंक में घटी इस घटना ने पुलिस की कथित चौकसी की पूरी पोल खोल कर रख दी है। वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित इस घटना के बाद लोगों में इस तरह की घटना से भय का माहौल है।

# छत्तीसगढ़ पीएससी मामले में गड़बड़ी पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ पीएससी मामले में गड़बड़ी को लेकर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। सीजी पीएससी में बेटे-बेटियों और रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी बनाने को लेकर लगी याचिका पर बिलासपुर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक ननकीराम कंवर ने यह याचिका लगाई है। हाई कोर्ट खुलते ही चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने इसे पहला केस लिया। हाई कोर्ट के सूत्रों के अनुसार कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए पीएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हालांकि, कोर्ट ने किसी तरह का फिलहाल स्टे देने की बजाए यथास्थिति रखने कहा है, जैसा कि हाई कोर्ट के गलियारों में चर्चा है। ननकीराम कंवर ने अपनी याचिका में राजभवन के सचिव अमृत खलको के बेटा और बेटी के डिप्टी कलेक्टर बनने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने पीएससी चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के कई रिश्तेदारों के भी सलेक्शन पर प्रश्न खड़ा करते हुए कहा है कि पीएससी में जिम्मेदार पद पर बैठे लोगों ने न सिर्फ रेवड़ियों की तरह नौकरियां नहीं बांटी बल्कि इसकी आड़ में करोड़ों का भ्रष्टचार किया गया है।

# प्रियंका गांधी वाड्रा 21 सितंबर को भिलाई दौरे पर

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपनी पूरी ताकत लगानी शुरू कर दी है। इसी क्रम में पार्टी के दिग्गज नेताओं का प्रदेश दौरा शुरू हो गया है। भाजपा से पीएम मोदी, अमित शाह छग का दौरा कर चुके हैं तो वहीं कांग्रेस के राष्ट्रिय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एक महीने में दूसरी बार छत्तीसगढ़ दौरे पर आने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे 26 सितंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। इस दौरान कांगेस अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ बैठक करेंगे। संभावना है कि कांग्रेस अध्यक्ष खडगे चुनाव के मद्देनजर सभी नेताओं के साथ बैठक कर सकते हैं। वहीं सूत्रों के अनुसार कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा 21 सितंबर को भिलाई दौरे पर आ रही हैं।

# महिला आरक्षण पर व्यापक सहमति बनाये सरकार : मल्लिकार्जुन खड़गे

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए व्यापक स्तर पर सहमति बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि संघीय ढांचे को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। खड़गे ने नये संसद भवन में राज्यसभा की पहली बैठक में वक्तव्य देते हुए कहा कि प्रस्तावित महिला आरक्षण कानून में कमजोर वर्ग की महिलाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों में महिलाओं की आवाज को दबाया जाता है। उनके इस वक्तव्य पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसका तीखा विरोध किया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि खड़गे को अन्य दलों के बारे में बोलने का अधिकार नहीं है। विपक्ष के नेता महिलाओं में विभेद पैदा कर रहे हैं। वह महिलाओं का अपमान नहीं कर सकते हैं। इसके बाद सदन में शोर शराबा होने लगा और कांग्रेस के कुछ सदस्य आसन के समक्ष आ गये। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में मर्यादा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण हैं और पूरे देश की महिलायें भी सदन की कार्यवाही देख रही हैं। खड़गे ने महिला आरक्षण में अन्य पिछडा वर्ग की महिलाओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को आरक्षण स्वयं ही मिल जाएगा लेकिन ओबीसी महिलाओं का अधिकार खत्म होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि सरकार को सभी कानूनों का लाभ गरीब वर्गों तक पहुंचाना सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग लोकतंत्र के साथ चलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी कार्यप्रणाली से संघीय ढ़ांचे को कमजोर कर रही है। राज्यों को वित्तीय संसाधन नहीं दिये जा रहे हैं और भेदभाव किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने जीएसटी के हिस्से का उदाहरण दिया। इसका शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान और सीतारमण ने कड़ा विरोध किया और उनके वक्तव्य को खारिज करते हुए कई उदाहरण दिये। इससे सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी हुई। इस पर धनखड़ ने दोनों पक्षों से अपने अपने वक्तव्य के पक्ष में प्रमाणिक दस्तावेज सदन के पटल पर रखने के निर्देश दिये। खड़गे ने कहा कि देश के विकास और निर्माण समाज के सभी वर्गों की भागीदारी है और प्रत्येक व्यक्ति इसमें सहभागी बनना चाहता है। सरकार को सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। सदन में विपक्ष के नेता के वक्तव्य के बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

## भारत एवं कनाडा के बीच इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास

# जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से भारत नाराज़, कनाडाई राजनयिक को किया निष्कासित

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का सीधा आरोप लगाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और उनके एक वरिष्ठ राजनयिक को पांच दिन के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान को बेतुका और घरेलू राजनीति से प्रेरित करार देते हुए खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि कनाडाई राजनयिक देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। भारत एवं कनाडा के बीच इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गयी है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज तलब किया गया और भारत स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दर्शाता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जिस राजनयिक का निष्कासित किया गया है, वह कनाडा में उच्चायोग में कनाडाई खुफिया सेवा के स्टेशन प्रमुख ओलिवर सिल्वेस्टर हैं। इससे कुछ देर पहले ही विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कनाडाई प्रधानमंत्री के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, हमने कनाडा के प्रधानमंत्री का उनकी संसद में दिया गया बयान और उनके विदेश मंत्री का बयान देखा है और उसे खारिज करते हैं। कनाडा में हिंसा के किसी भी कृत्य में भारत सरकार की संलिप्तता के आरोप बेतुके और प्रेरित हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार कनाडा के



प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रधानमंत्री से बातचीत में ये आरोप लगाये थे जिन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था और उनसे कहा गया था कि वह कनाडा में भारत विरोधी तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें। बयान में कहा गया, हम कानून के शासन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता वाली एक लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था हैं। इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश दर्शाते हैं जिन्हें कनाडा में आश्रय दिया गया है और जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं। इस मामले पर कनाडा की सरकार की निष्क्रियता लंबे समय से और निरंतर चिंता का विषय रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडाई राजनीतिक हस्तियों द्वारा ऐसे तत्वों के प्रति खुले तौर पर सहानुभूति व्यक्त करना गहरी चिंता का विषय बना हुआ है। कनाडा में हत्या, मानव तस्करी और संगठित अपराध सहित कई अवैध गतिविधियों को जो जगह मिली है, वह कोई नई बात नहीं है। बयान में कहा गया, हम भारत सरकार को ऐसे घटनाक्रम से जोड़ने के किसी भी प्रयास को खारिज करते हैं और कनाडा सरकार से अपनी धरती से सक्रिय सभी भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। कनाडा के प्रतिष्ठित चैनल सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा में खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में ट्रूडो ने भारत सरकार पर इस घटना में संलिप्त होने का आरोप लगाया है। भारत में वांछित हरदीप सिंह निज्जर 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के शहर सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर पार्किंग क्षेत्र में गोली मार दी गई थी।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस को महिलाओं के आरक्षण से एतराज नहीं : उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण के



खिलाफ नहीं है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से कहा, हम कभी भी महिला आरक्षण के विरोधी नहीं रहे हैं क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस पहले ही पंचायतों और अन्य स्थानों पर इसे लागू कर चुकी है। उन्होंने कहा, देश में हमारी माताओं और बहनों की आबादी 50 प्रतिशत है और उन्हें प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना चाहिए और नेशनल कांफ्रेंस को विधेयक में संशोधन करने पर कोई आपत्ति नहीं है। शमीमा फिरदौस और राज्य में पार्टी सचिव सकीना इट्टू के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की एक मजबूत महिला शाखा है और उन्होंने दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, हमें किसी भी विधेयक से कोई नुकसान नहीं है। हमें नुकसान केवल इसलिए हुआ है क्योंकि प्रशासन जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने से डरता है। वे यहां पर बेताज बादशाहों की तरह बैठे हुए हैं। हम उन लोगों से डरे हुए हैं जो यहां चुनाव कराने से भाग रहे हैं। अनंतनाग मुठभेड़ के संबंध में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमारे एक कर्नल, एक मेजर, एक पुलिस उपाधीक्षक और एक सैनिक शहीद हुए हैं और आज मुठभेड़ का सातवां दिन है लेकिन हमने अबतक एक भी आतंकवादी को नहीं मारा है।

# अनंतनाग मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा कमांडर समेत दो आतंकवादी ढेर

वार्ता ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के गडोले कोकरनाग इलामें में जारी मुठभेड में मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के एक कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गये। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कोकरनाग में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि इलाके में दो से तीन आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों और पुलिस ने गत बुधवार से संयुक्त अभियान छेड़ा था। दोनों पक्षों के बीच जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये हैं। इनमें एक आतंकवादी का शव बरामद कर लया गया है जिसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा कमांडर उजैर खान के रूप में की गयी है। कुमार ने बताया कि तलाश अभियान अभी जारी रहेगा। उन्होंने अभियान जारी रहने तक लोगों से इलाके में न जाने की सलाह दी है। मुठभेड़ की शुरुआत के दिन लापता पुलिस जवान प्रदीप का शव सोमवार को मिला जिसके साथ ही शहीद होने वाले वालों की संख्या चार हो गयी है। इससे पहले 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह और उनके कंपनी कमांडर मेजर आशीष धोंचक तथा पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजामिल भट शहीद हो गये थे।वहीं दो अन्य सैनिक घायल हुए हैं।

# इंडियन स्वच्छता लीग में अव्वल होने एक जुट हुआ रायपुर

## कूड़ा मेरा तो ज़िम्मेदारी मेरी भी, डिजिटल शपथ कार्यक्रम का हुआ आग़ाज़

### रायपुर रोवर्स की अगुवाई में बूढ़ा तालाब में हुआ भव्य आयोजन

### स्वच्छता रैंकिंग के लिए रापुरियंस निभायेंगे बड़ी ज़िम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com







स्वच्छता कार्यक्रम से शहरवासियों को जोडने् रायपुर नगर निगम व स्वच्छ भारत मिशन ने देशभर के नगरीय निकायों के लिए आयोजित 'इंडियन स्वच्छता लीग' 2.0 में रायपुर को अव्वल बनाने शहर को एक जुट किया। बूढ़ातालाब परिसर में रायपुर नगर निगम द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में रायपुर रोवर्स टीम ने कप्तान अमिताभ दुबे और स्वच्छता एंबेसडर विद्या राजपूत की मौजूदगी में अपनी दावेदारी का शानदार आगाज़ किया। इस टीम का हिस्सा बनकर रायपुरवासी मिलकर सभी को अपने शहर को साफ़रखने प्रेरित करेंगे।इस दौरान नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे, लोक स्वास्थ्य विभाग प्रमुख एम आई सी सदस्य नागभूषण राव, अपर आयुक्त विनोद पांडेय भी इस आयोजन में शामिल रहे। बूढ़ातालाब विवेकानंद सरोवर में इंडियन स्वच्छता लीग में रायपुर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आम नागरिकों ने शहर विकास व स्वच्छता में सबकी भागीदारी की शपथ ली। इस कार्यक्रम में मोर रायपुर एप के ज़रिए डिजिटल शपथ की सुविधा के संबंध में अवगत कराया गया कि प्ले स्टोर से डाउन लोड कर इस एप्प पर जाकर डिजिटल डोर नंबर प्लेट में अपने क्यू आर कोड स्कैन करने पर जागरूक नागरिक होने का प्रशस्ति पत्र मिलने के साथ ही घर पर कूड़ादान न होने पर नीला और हरा कूड़ेदान भी घर बैठे प्राप्त हो सकेगा। 'कूड़ा मेरा तो जिम्मेदारी भी मेरी' अभियान की शुरुआत हुई, इसके अंतर्गत स्वयं की वजह से उत्पन्न रैपर, पानी बोटल, पॉलिथीन या अन्य किसी कूड़े , जिसको आमतौर पर लोग बाहर फेंक देते है, ऐसे कूड़े को बाहर न फेककर इसे स्वयं सुरक्षित एकत्र कर उसका निपटान अपने घर पर रखे कूड़ेदान पर रखने की मुहिम शुरू की जा रही है। इस नवाचार से हर आयु वर्ग से जुडने् की अपील की गई है।

### स्वच्छता ही सेवा के संदेश के साथ

स्वच्छ्ता पखवाड़े का आरंभ हुआ जो 2 अक्टूबर तक अनवरत चलेगा। इसमें विशेष सफाई अभियान के साथ श्रमदान और सफाई मित्रों के लिए विशेष शिविर लगा कर उनके स्वास्थ्य की जांच और शासन के कल्याण करी योजनाओं से उन्हें जोड़ा जाएगा। स्वच्छता से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की शुरुआत में इंडियन रोवर के युवाओं ने स्वच्छता गानों की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस मौके पर नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन के सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू सहित विभिन्न सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ता, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्य चौरे ने किया।

# 380 सीसीटीवी कैमरे की मदद से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों में सुरक्षा की निगरानी

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों के अंतर्गत सैकड़ों स्टेशनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री एक स्थान से दूसरे स्थानों के लिए यात्रा करते है। प्रतिदिन यात्री रेल के द्वारा सफ़र करने के लिए स्टेशनों में पहुचते हैं और उनके सामान एवं बच्चों सहित सभी यात्रियों की सुरक्षा की व्यवस्था को बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानो के ऊपर रहती है, जिसके लिए वे चौबीसों घंटों निगरानी में तैनात रहते है। इस काम को सुचारू रूप से करने के लिए रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानो द्वारा स्टेशनों के चप्पे चप्पे पर अपने जवानो को तैनात किये जाते है एवं इसके साथ ही स्टेशनों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के द्वारा भी स्टेशनों पर एक-एक गतिविधियों पर नजऱ रखी जाती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों के रेल सुरक्षा बल के द्वारा यात्रियों की शत-प्रतिशत सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए 14 महत्वपूर्ण स्टेशनों में 380 सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है, जिनकी मदद से स्टेशनों के प्लेटफार्मों एवं पूरे स्टेशन परिसरों पर नजऱ रखी जाती है। सीसीटीवी कैमरे की मानीटरिंग में किसी भी प्रकार के संदेहास्पद व्यक्ति या घटना के सामने आते ही तुरंत ही उस पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जाती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सुरक्षा के लिए 380 सीसीटीवी कैमरा विभिन्न 14 स्टेशनों में लगाये गए है जिनका मंडल एवं स्टेशनवार विवरण इस प्रकार है बिलासपुर मंडल के रायगढ़ में 9, चाम्पा में 8, बिलासपुर में 85, शहडोल स्टेशन में - 8 कोरबा स्टेशन में 8 एवं उसलापुर स्टेशन में 2 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है। इसी प्रकार रायपुर मंडल के रायपुर स्टेशन में -55 कैमरे, दुर्ग स्टेशन में - 25 कैमरे, भिलाई पॉवर हाउस स्टेशन में 40, भाटापारा स्टेशन में 39 एवं तिल्दा नेवरा स्टेशन में 24 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। तथा नागपुर मंडल के गोंदिया में 57, बालाघाट स्टेशन में 12 एवं छिंदवाडा में 8 सीसीटीवी कैमरा लगाये गए है। इस प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल के 14 स्टेशनों में कुल 380 सीसीटीवी कैमरा लगाये गए है।

# आर्ट ऑफलिविंग दल्लीराजहरा द्वारा सुदर्शन क्रिया का फॉलोअप नगर में किया गया

पायनियर संवाददाता <
दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



आर्ट ऑफलिविंग दल्ली राजहरा द्वारा लंबे अंतराल के पश्चात सुदर्शन क्रिया का फॉलोअप नगर में स्थित सिटीजन क्लब में किया गया। इसमें पूर्व में आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस कोर्स में सुदर्शन क्रिया सीखे हुए सदस्यों के लिए यह आयोजन किया गया। जिसमे शामिल होकर सभी ने प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया की पुनरावृत्ति कर सुंदर अनुभव प्राप्त किया।आर्ट ऑफ लिविंग टीचर धीरज शर्मा द्वारा यह फॉलोअप कराया गया। शर्मा ने बताया कि सुदर्शन क्रिया बहुत ही अद्भुत व अद्वितीय श्वासों का एक अभ्यास है। जिसके निरंतर अभ्यास से मनुष्य स्वस्थ शरीर, शांत मन, तीक्ष्ण बुद्धि, निर्मल चित्त को प्राप्त होता है। सिटीजन क्लब के प्रबंधक अमित सिन्हा ने बताया कि निकट भविष्य में महिलाओं के लिए विशेष रूप से हैप्पीनेस कोर्स का आयोजन व बच्चों के लिए उत्कर्ष योगा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिलाएं व बच्चे शामिल होकर योग, प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया, ध्यान व जीवन से जुड़े ज्ञानवर्धक बिंदुओ का अनुभव करेंगे।आर्ट ऑफलिविंग एक स्वयं सेवी संस्था है। जिसके संस्थापक परम पूज्य रविशंकर है। जिसका मुख्य केंद्र बैंगलोर में स्थित है, यह संस्था दुनिया के 200 देशों में मानवता को सेवा के लिए कार्य कर रही है।

# विघ्नहर्ता गजानन श्री गणेश विराजे नगर में



**कुम्हारी।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि पर सम्पूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में निमग्न हो गया। बालक, युवा और वृद्ध सभी श्री गणेश जी की स्थापना करने के लिए अधीर थे। जगह जगह चौक चौराहों से लेकर गली मोहल्ले तथा घरों में पंडितजी के श्रीमुख से निकले सिद्धिविनायक गणपति की स्थापना के पवित्र श्लोकों से नगर गुंजायमान हो गया। न केवल घरों, गणेश पंडालों बल्कि विभिन्न संस्थानों में भी पूर्ण श्रद्धा, भक्ति भाव पूर्वक पार्वती पुत्र की प्रतिमा स्थापित की गई। नगरपालिका परिषद में भी प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गणेश प्रतिमा स्थापित किया गया। इस शुभ अवसर पर नगर के प्रथम नागरिक पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका परिषद कुम्हारी जितेंद्र कुशवाहा पार्षद सह लोक निर्माण विभाग प्रभारी मनहरण यादव, नीलेश देवांगन, राजेश देवांगन एवं नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी गण इत्यादि उपस्थित रहे, इसी प्रकार समस्त पंडालों में भक्तों ने अपनी अस्थापूर्ण भक्तिमय उपस्थिति दर्ज कराई।

# राधेश्याम शर्मा ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीजा पर्व को कांग्रेस की माताओं बहनों के साथ मनाया

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्थानीय कांग्रेस भवन में आयोजन भाटापारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार तीजा के पावन अवसर के पूर्व संध्या को स्थानीय कांग्रेस भवन में भाटापारा विधानसभा के कांग्रेस दावेदार राधेश्याम शर्मा व महिला जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गौरी भृगु व छग प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र भृगु ने कांग्रेस के लिए समर्पित माताओं बहनों को भारतीय परिधान ( लुगरा- साड़ी ) व मिठाई भेंट कर तीजा पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। भाटापारा कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस की सक्रिय समर्पित कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मान पूर्वक हमारे छत्तीसगढ़ के तीजा त्यौहार को उत्साह से मनाने की परंपरा का निर्वहन करते हुए सभी को उपहार स्वरूप लुगरा, साड़ी भेंट किया गया। ऐसे आयोजन से पार्टी के अन्दर अपनत्व का भाव दर्शित होता है।

उपस्थित महिला सदस्यों ने कहा कि राधेश्याम शर्मा ( फग्गा महराज ) ने जिस प्रेम, स्नेह, बड़े भाई के भाव से हमें सम्मान दिया है वह एक पारिवारिक परिवेश को प्रतिष्ठित करता है। हम सभी एक परिवार के रूप में कांग्रेस के लिए समर्पण का भाव रखते हैं। हमारी जिलाध्यक्ष गौरी भृगु ने सदैव महिला कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया है। इस आयोजन में मुख्य रूप से राधेश्याम शर्मा, गौरी भृगु, देवेन्द्र भृगु, राजेन्द्र वर्मा, रामायण साहू, हरि लहरें, सतरूपा वर्मा, प्रमिला साहू, हेमिन ध्रुव, निर्मला कोशले, पूर्णिमा श्रीवास, दशमत साहू, आशा ध्रुव, शकुन ढीमर, सोनिया ढीमर, पार्वती ध्रुव व अन्य उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल, क्षेत्रवासियों के लिए मांगा आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता < बसना
www.dailypioneer.com





बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सीतापुर में श्री विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत बसना पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ. सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल ने श्री विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की एवं समस्त अंचल वासियों को श्री विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दिए। तत्पश्चात आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों ने भाजपा नेता डॉ.सम्पत अग्रवाल का श्रीफल व पुष्पहार से स्वागत सम्मान किया। डॉ.सम्पत अग्रवाल ने समस्त अंचल वासियों को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए केंद्र सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर पीएम मोदी के उत्कृष्ट कार्यो एवं मोदी सरकार के सबका साथ सबका विकास के साथ उन जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वकर्मा जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। साथ ही साथ आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में पूर्ण बहुमत हासिल कर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही। इस अवसर पर लक्ष्मीधर प्रधान, मुरलीधर भोई, राधेश्याम राणा, कृपानंद साहू, रोहित राणा, उमेश विशाल, विक्रम सांड, राजेन्द्र भोई, इंद्रजीत भोई, अशोक भोई, दयाशंकर बाघ, गजानंद विशाल, उत्तर पटेल, उपेन्द्र साव, शिशुपाल प्रधान, सुपर्धन सहित बड़ी संख्या ग्रामीणजन मौजूद रहें।

# 24 घंटे के निर्जला व्रत के बाद तिजहारीनों ने तोड़ा व्रत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



**फुलेरा सजाकर रात भर किया शिव-पार्वती का पूजन, भजन-कीर्तन**

हरितालिका तीज के पावन अवसर पर राजधानी में तिजहारीनो ने 24 घंटे का निर्जला व्रत कर पति की दीर्घायु की कामना करते हुए रात्रि जागरण किया। इस दौरान रात भर भजन-कीर्तन का दौर चला। सुबह पार्थिव शिवलिंग की पूजा और विसर्जन पश्चात तिजहारिनों ने अपना व्रत तोड़ा। उल्लेखनीय है कि तीजा पर्व पर महिलाए अपने पति की दीर्घायु की कामना करते हुए कठोर व्रत धारण करती है। यह निर्जला व्रत होता है हरतालिका तीज पर सुहाग की लंबी उम्र की कामना की जाती है। व्रत में कुंवारी कन्याएं या सुहागिन महिलाएं जो व्रती हैं, व्रत पर लाल वस्त्र पहनकर, मेहंदी लगाकर सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव और पार्वती की पूजा करती है। इस व्रत में व्रती को शयन नहीं करना चाहिए तथा रात्रि में भजन कीर्तन के साथ रात्रि जागरण करना पड़ता है और प्रातः काल स्नान के बाद श्रद्धा और भक्ति पूर्वक यथाशक्ति दान किया जाता है। हरतालिका दो शब्दों से बना है हरित और तालिका हरित का अर्थ होता है हरण करना और तालिका अर्थात सखी। इस व्रत को हरितालिका इसलिए कहा जाता है क्योंकि पार्वती की सखियां उन्हें पिता के घर से हरण कर जंगल में ले गई थीं जहां भगवान भोलेनाथ को पति के रूप में पाने के लिए उन्होंने बहुत कठिन व्रत और तपस्या की थी।

# धान बेचने के लिए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी सहित प्रदेशभर में धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन शुरू कर दिया गया है। इसके तहत किसान 31 अक्टूबर तक पंजीयन करवा सकते हैं। वहीं, इस बार नई व्यवस्था के साथ बायोमेट्रिक आधार पर ही पंजीयन व धान की खरीदी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही किसानों को नामिनी का भी विकल्प दिया गया है, ताकि किसानों की अनुपस्थिति में उनके नामिनी धान की बिक्री आसानी से कृषि उपज मंडियों में कर सकें।

नई व्यवस्था के तहत किसान अधिकतम पांच नामिनी तय कर सकते हैं, जो कि उनकी अनुपस्थिति में धान बेच सकेंगे। जिसमें उसकी मां, पिता, पति, पत्नी, पुत्र, दामाद, बेटी, बहू, सगे भाई, बहन व अन्य करीबी रिश्तेदार हो सकते हैं। इन सभी रिश्तेदारों के अलावा किसान किसी अन्य को नामिनी नियुक्त नहीं कर सकेगा। यह नई व्यवस्था बिचौलियों से बचने और धान की खरीदी बिक्री में हर वर्ष आ रही धांधली को देखकर लाई गई है।

### आधार कार्ड जरूरी

नामिनी बनाने के दौरान किसान जिस किसी भी रिश्तेदार या फिर परिवार के किसी सदस्य को अपना नामिनी नियुक्त करता है, तो उसे उनका आधार कार्ड देना अनिवार्य होगा। वहीं, कृषि उपज मंडी में धान खरीदी से पहले उनका बायोमैट्रिक आथेंटिकेशन किया जाएगा, इसके बाद ही उक्त नामिनी धान बेच सकता है। इसके अलावा किसान के लिए भी यही व्यवस्था लागू होगी। पंजीयन के लिए यह दस्तावेज जरूरी ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार नंबर, पासबुक की छायाप्रति।

### संशोधन के लिए 30 सितंबर तक आवेदन

उपरोक्त दस्तावेज जमा करने के बाद ही किसान बि ी कर सकेगा। दस्तावेजों के परीक्षण व सत्यापन के बाद सहकारी समिति द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन में संशोधन के लिए 30 सितंबर तक समिति में आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। नए पंजीयन व पंजीकृत फसल या रकबे में संशोधन का काम 31 अक्टूबर तक पूरा करना होगा।

## संसदीय सचिव ने प्रदेश सरकार का ध्यानाकर्षित कराने का दिया आश्वासन

# किसानों ने की कछारडीह में नवीन धान खरीदी उपकेंद्र खोलने की मांग

पायनियर संवाददाता < महासमुन्द
www.dailypioneer.com



किसानों ने संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर ग्राम पंचायत कछारडीह में नवीन धान खरीदी उपकेंद्र खोलने की मांग की। किसानों की मांग को गंभीरता से लेते हुए संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने उनकी मांगों की ओर राज्य सरकार का ध्यानाकर्षित कराने के साथ ही उचित पहल करने का आश्वासन दिया।


ग्राम कछारडीह, उल्बा व अमोरा के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान किसानों ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रायतुम में ग्राम कछारडीह, उल्बा व अमोरा ग्राम के किसानों द्वारा धान विक्रय किया जाता है। आगामी खरीफवर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। प्रति एकड़ धान खरीदी की मात्रा बढ़ने से उपार्जन केन्द्र रायतुम में किसानों को धान विक्रय करने में असुविधा होगी।

जिसे देखते हुए ग्राम पंचायत कछारडीह में नवीन धान खरीदी उपकेन्द्र खोलने की नितांत आवश्यकता है। यहां धान खरीदी उपकेन्द्र खोलने से न केवल कछारडीह बल्कि उल्बा व अमोरा ग्राम के सैकड़ो किसानों को सुविधा होगी। किसानों की सुविधा को देखते हुए ग्राम कछारडीह में नवीन धान खरीदी उपकेंद्र खोले जाने की जरूरत है। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने इसके लिए राज्य सरकार का ध्यानाकर्षित कराने के साथ ही उचित पहल करने का आश्वासन दिया। जिस पर किसान प्रेमलाल टंडन, संतु यादव, भागवत प्रसाद साहू, चैतराम, लवकुमार, दयादास, बसन्त, अरुण, संतराम, मंगलू राम, पवनकुमार पटेल, लक्ष्मण दास, सरजू राम, मोहन, राजकुमार, रामलाल दुबे, लिलार राम खड़िया, धीरसिंग, पेशीराम, धीरेंद्र, नकुल, श्यामलाल, कुंवर सिंह ठाकुर, विनय खड़िया, गणेश्वर ध्रुव, तुलाराम, हरिश्चन्द, कृष्ण कुमार, नंदकुमार, पिलाराम, अर्जुन, सूरज कुमार, उदयनारायण ध्रुव, रामलाल ध्रुव, बालमुकुंद, मदनलाल, धनंजय, मोहन साहू, जोगीराम, कुमार सिंग, युवराज, नितेंद्र दीवान, रज्जुराम, रामेश्वर आदि ने संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर का आभार जताया है।

# श्रद्धा भक्ति के साथ विराजे नगर मे विघ्नहर्ता

## 11 दिन तक होगा विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर समेत पूरे जिले में मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना विधि विधान से साथ विभिन्न घरो एवं विभिन्न गांवों-कस्बों के चौक चौराहो में शुभ मूहर्त में की गई यघपि इस वर्ष गणेश की मूर्ति की सार्वजनिक पंडालों की संख्या बहुत कम है तथापि जहां भी स्थापित किया गया वहां पर पूरे श्रध्दा भक्ति और हर्षोल्लास पूर्वक किया गया मूर्ति की स्थापना आचार्य के सानिध्य में पूजा अर्चना कर किया गया

इसके साथ ही 11 दिनों तक गणेश पर्व मनाया जाएगा इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश धूमधाम से मनाया जा रहा है जिला मुख्यालय से लेकर समस्त अंचल में इस बार गणपति बप्पा की धूम दिखाई पड़ रही है इसके लिए कई दिनों से श्रद्धालु जहां अपने स्तर पर मूर्ति स्थापित करने के लिए तैयारी में जुटे हुए थे वही विघ्नहर्ता की मूर्ति की प्रतिमा बनाने वाले कारीगर मूर्ति को गढ़ने एवं आकार देने में जुटे हुए थे इस साल पर्व के 1 दिन पूर्व कई श्रद्धालुओं ने खासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के द्वारा 1 दिन पूर्व ही बेमेतरा जिला मुख्यालय में आकर कारीगर मूर्तिकार के यहां से मूर्ति की को ले जाने से पहले श्रीफल भेंट कर अगरबत्ती से आरती किया गया फिर मूर्ति को विशेष साधना गंतव्य स्थान ले गए वही बड़े पंडाल में स्थापित होने वाले मूर्ति को जिला मुख्यालय के कई संस्था वाले दुर्ग भिलाई रायपुर जैसे बड़े शहर से पहले से बुक कर लिए थे जिसे एक दिन पहले ही विभिन्न साधनों से शहर में मूर्ति को लाया गया और शुभ मुहूर्त पर बाजे गाजे के साथ गणेश भगवान की प्रतिमा की स्थापना पंडाल में किया गया है।

# खाद्यान्न की कमी से जूझ रहे उरंदाबेड़ा के लोग, कलेक्टर से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत उरंदाबेड़ा में खाद्यान्न की कमी को लेकर मामला सामना अया हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि, ग्राम पंचायत उरंदाबेड़ा में खाद्यान्न की कटौती के कारण वहाँ के लोगों को सही मात्रा में खाद्यान्न नहीं मिल रहा है। जनवरी से सितंबर 2023 तक खाद्यान्न का आबंटन निरंतर कम हो रहा है, जिसका ग्रामीणों ने कलेक्टर से इलाज मांगा है। जनवरी में उपभोक्ताओं की संख्या 192 हैं और प्राप्त खाद्यान्न क्विंटल 18.00 हैं, जबकि कम प्राप्त खाद्यान्न 45.50 हैं। फरवरी में भी स्थिति समान हैं, जबकि मार्च में कमी और बढ़ जाती हैं, जहां उपभोक्ता संख्या 192 हैं और प्राप्त खाद्यान्न क्विंटल 26.50 हैं, जिसके खिलाफ कम प्राप्त खाद्यान 37.00 है। मई में भी समस्या बनी रही, जहां उपभोक्ता संख्या 192 हैं और प्राप्त खाद्यान्न क्विंटल 13.00 हैं, कम प्राप्त खाद्यान 50.50 हैं। जुन और जुलाई में भी स्थिति अच्छी नहीं हैं, जबकि अगस्त में कमी और बढ़ जाती हैं, जहां उपभोक्ता संख्या 193 हैं और प्राप्त खाद्यान्न क्विंटल 62.50 हैं, कम प्राप्त खाद्यान 0.74 हैं। सितंबर में भी समस्या बनी रही, जहां उपभोक्ता संख्या 193 है और प्राप्त खाद्यान्न क्विंटल 04.90 हैं, कम प्राप्त खाद्यान 58.34 हैं। इसके परिणामस्वरूप, ग्रामीणों के पास अब कुल 285.17 क्विंटल 17 किलो ग्राम चावल हैं, जो उरंदाबेड़ा की उचित मूल्य दुकान में भंडारित करवाने की मांग कर रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर से यह इलाज मांगा हैं ताकि उन्हें उचित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। यह समस्या उरंदाबेड़ा के ग्रामीणों के लिए जीवन की मुश्किलें बढ़ा रही हैं और वे आशा कर रहे हैं कि, सरकार इसे जल्दी से समाधान करेगी। उनकी मांग हैं कि, उचित मूल्य दुकान में चावल का भंडारण जल्द ही किया जाए, ताकि उन्हें खाद्यान्न की समस्या से निजात मिल सके। इस प्रकार ग्रामीणों की यह मांग हैं कि, उरंदाबेड़ा में खाद्यान्न की कमी के समाधान के लिए कार्रवाई की जाए, ताकि वहाँ के लोगों को उचित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध हो सके।

# किसानों को मिलेगा धान के लिए 3600 प्रति रुपए क्विंटल, कांग्रेस का वादाः दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की कीमत में वृद्धि का दावा करते हुए, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज ने भाजपा के झांसों को खारिज किया हैं। दीपक बैज ने कहा हैं कि, कांग्रेस सरकार में किसानों को धान की कीमत 2 हजार 800 से 3 हजार 600 रुपये प्रति क्विंटल तक मिलेगा। वहीं उन्होंने भाजपा की नीतियों को भी नकारा दिया और कहा कि, छत्तीसगढ़ के किसान भाजपा के झूठ, भ्रम और छलावों में नहीं आएंगे। दीपक बैज ने कहा कि, केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ से धान खरीदी को कम किया हैं, जिसके चलते राज्य के किसान परेशान हैं। छत्तीसगढ़ के किसान समझ चुके हैं कि, केवल चुनावी लिहाज से ही धान और किसान भाजपा के लिए जरूरी हैं, और उन्हें भूपेश सरकार का भरोसा है। उन्होंने मोदी सरकार की नीतियों को भी खारिज किया और कहा कि, कृषि की लागत में वृद्धि और कीटनाशक के दामों में वृद्धि के बावजूद, किसानों को वादे पर खरा उतारा गया है। वहीं उन्होंने बताया कि, छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार द्वारा किए जा रहे योजनाओं से किसानों को ज्यादा लाभ होगा। इसके अलावा, दीपक बैज ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में भूमिहीन कृषि श्रमिकों के लिए चलाई जाने वाली न्याय योजना का उदाहरण देश में नहीं है। वे यकीन दिलाए कि छत्तीसगढ़ के किसानों को भूपेश सरकार से ज्यादा लाभ होगा और वे उनके संसाधनों से इनपुट सब्सिडी प्राप्त करेंगे। इस तरह दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ के किसानों के हित में कांग्रेस सरकार की नीतियों की प्रशंसा की और उन्होंने भाजपा के वादों को खारिज किया हैं।

# बाबा साहेब संस्था ने मनाया पेरियार ईवी की जयंती



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

गोंडवाना भवन में बाबा साहब सेवा संस्था के पदाधिकारी के द्वारा पेरियार ईवी रामास्वामी नायकर की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर जन्म जयंती मनाया और उनके नेक कार्य को याद किया गया। जिसमें संस्था के संरक्षक पंचू सागर, तिलक पांडे, मुख्य सलाहकार बुध सिंह नेताम, प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयम, झीटकु मरकाम, भुवन लाल मार्कंडेय, मंगउ देवांगन, सिद्धार्थ महाजन, समाज के प्रमुख उपस्थित रहें। उनका इतिहास रामासामी पेरियार (17 सितम्बर, 1879-24 दिसम्बर, 1973) जिन्हे पेरियार (तमिल में अर्थ - सम्मानित व्यक्ति) नाम से भी जाना जाता था, बीसवीं सदी के तमिलनाडु के एक प्रमुख राजनेता थे जो दलित-शोषित व गरीबों के उत्थान के लिए कार्यरत रहे। इन्होंने जातिवादी व गैर बराबरी वाले हिन्दुत्व का विरोध किया, जो इनके अनुसार दलित समाज के उत्थान का एकमात्र विकल्प था। पेरियार अपनी मान्यता का पालन करते हुए मृत्युपर्यंत जाति और हिंदू-धर्म से उत्पन्न असमानता और अन्याय का विरोध करते रहे। ऐसा करते हुए उन्होंने लंबा, सार्थक, सक्रिय और सोद्देश्यपूर्ण जीवन जिया था।

# बड़े कनेरा से 21 युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का साथ दिया, विधायक प्रतिनिधि के लिए प्रयास करेंगे



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र को बड़े कनेरा क्षेत्र के रूप में जाना जाता हैं और इस क्षेत्र में भाजपा का मजबूत प्रभाव हैं। यह क्षेत्र मोहन मरकाम के नेतृत्व में हैं और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद यहां विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। युवा और किसानों के हित में कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अच्छे प्रदर्शन किए हैं और यह क्षेत्र अब विकास से पूर्णरूप से जुड़ गया हैं। इस क्षेत्र में 21 युवा जिनमें कुछ भाजपा समर्थक भी हैं, कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। वे मोहन मरकाम के कार्य और व्यवहार के प्रभाव में आकर्षित हुए हैं और कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़े हैं। इन नवप्रवेशी कांग्रेसी युवाओं ने मोहन मरकाम को इस क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण व्यक्ति माना हैं और उन्होंने उनके साथ खड़े होकर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी हैं। युवाओं का कहना हैं कि, आगामी चुनावों में वे मोहन मरकाम को फिर से विधायक बनाने का प्रयास करेंगे और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को स्थापित करने का मिशन ले लेंगे। कांग्रेस पार्टी के इस क्षेत्र में झुमुकलाल दिवान, विधायक प्रतिनिधि जेपी यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, शाकम्भरी बोर्ड सदस्य अनुराग पटेल और मंडल अध्यक्ष नंदू दिवान की भी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। इनके साथ कई नवप्रवेशी युवा जैसे प्रकाश कश्यप, तुलाराम यादव, फिरतु राम, तिरित राम, संतोष, अशोक, मनीष, नितेश, प्रकाश यादव, बलराम, वेद पटेल, कुलेश्वर, मंगेश कश्यप, पंचराम यादव, दिनेश, जयलाल, गोवर्धन, मदनलाल चौहान, कैलास और मन्नू राम कश्यप भी इस प्रयास में शामिल हैं।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत् रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु संशोधन सूचना

**नारायणपुर।** अध्यक्ष, चयन समिति एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत् रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु 22 मई 2023 को विज्ञापन जारी कर 12 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। आवेदित अभ्यर्थियों के कक्षा आठवीं की अंकसूची में ग्रेड मार्किंग होने के कारण पदों की चयन प्रक्रिया में संशोधन गया है, जिसमें बहुवैकल्पिक परीक्षा का प्राप्तांक एवं 15 अंक (एनएचएम में कार्यरत अभ्यर्थियों) को अनुभव का प्रत्येक वर्ष 03 अंक एवं 10 अंक अन्य अभ्यर्थियों को अनुभव का प्रत्येक वर्ष (अधिकतम 5 वर्ष) 02 अंक दिया जावेग। अभ्यर्थियों के कक्षा आठवीं की अंकसूची में ग्रेड मार्किंग होने के कारण विज्ञापन के केवल ड्राईवर, हाउसकिपिंग, कुक कम केयर टेकर, आया बाई तथा क्लिनर पद हेतु कण्डिका क्रमांक 27 में प्राप्त आवेदनों में से रिक्त पदों पर 01 अनुपात 10 के आधार पर मेरिट, लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को आमंत्रित किये जाने के प्रावधान को शिथिल किया गया है।

# भाजपा नेत्री ने बांटी निशुल्क गणेश जी की प्रतिमाएं





पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर भाजपा नेत्री अधिवक्ता दीपिका शोरी ने श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का निःशुल्क वितरण कर सभी को हर्षोल्लास के साथ गणेशोत्सव मनाने हेतु अपील भी किया,दीपिका ने गादीरास, रोकल, कूकानार, सुकमा,छिंदगढ़ में कई स्थानों पर गणेश जी प्रतिमाओं का वितरण करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से हमारे आदिवासी भाई बहनों को गणेश जी को न मानने दुर्गा जी को न मानने की दिशा में कुछ लोगों के द्वारा भ्रमित किया जा रहा है मैं इसका पुरजोर खण्डन करती हूं,क्योंकि हमारे लोगों का पूरे भारत में एक गौरवशाली इतिहास रहा है विश्व की सबसे दुर्लभ गणेश जी की मूर्ति हमारे बस्तर के बारसूर में स्थित है,ढोलकल की गणेश मूर्ति,दन्तेश्वरी मन्दिर में गणेश मूर्ति,कांकेर के क्षेत्रों में गणेश मूर्ति,चिंगीतरई में स्थित गणेश जी की खण्डित मूर्ति सुकमा के ही जंगलो में कई स्थानों पर स्थित गणेश जी की मूर्ति इस बात की गवाही देता है कि हमारे पूर्वज शिव शक्ति के साथ विघ्न विनाशक श्री गणेश के उपासक रहे हैं बारसूर के युगल गणेश मूर्ति भी एक पिता की अपनी पुत्रियों के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करता है दैत्येन्द्र वाणासुर की पुत्री उषा और उनके मंत्री कुभांड की कन्या चित्रलेखा अंतरंग सखियां थीं। इन दोनों के आराध्य देव गणेश थे। इनकी पूजा के लिये ही वाणासुर ने गणेश की दो विशाल प्रतिमाओं को एक ही स्थान पर स्थापित करवाया था,जो इस बात का प्रमाण है कि हम सभी आदिकाल से ही इन देवताओं की पूजा करते आ रहे हैं आज महज अपनी राजीनीति स्वार्थ के कारण कुछ लोग हमें दिग्भर्मित कर रहे हैं।

# गोंडवाना समाज ने नयाखाई और गायता के पर्व की तय की तारीख



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम पंचायत हरवेल में स्थित गोंडवाना भवन में हाल ही में एक महत्वपूर्ण खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान विकासखंड बड़ेराजपुर के गोंडवाना समाज समन्वय समिति द्वारा 17 और 18 सितंबर को नयाखानी गायता ठाकुर जोहारनी पर्व को बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया हैं। अध्यक्ष तिरुमाल अनिल मरकाम ने बताया कि, नवाखाई को 22 सितंबर और गायता ठाकुर जोहारनी को 2 अक्टूबर को मनाने का निर्णय लिया गया हैं। इस बैठक में ग्रामीणों के बीच नयाखानी गायता ठाकुर जोहारनी पर्व के महत्व को और भी उचित मायनों में प्रस्तुत किया गया हैं। इस अवसर पर बड़ेराजपुर जिले के समस्त पदाधिकारी, उप खंड के पदाधिकारी, सियानगण, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग और सचिव कोषाध्यक्ष के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी शामिल रहें। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य गोंडवाना समाज समन्वय समिति के सदस्यों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना था। नयाखाई गायता ठाकुर जोहारनी पर्व एक महत्वपूर्ण पर्व हैं, जिसे हर साल धूमधाम से मनाया जाता हैं। इस पर्व के माध्यम से समुदाय के लोग अपनी पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर को महत्व देते हैं और उसे बढ़ावा देते हैं। इस बैठक के माध्यम से समुदाय के सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व का सुनिश्चित किया गया और सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए निर्णय लिया गया। इससे समुदाय का एकता और सामरस्य बनी रहे और उनकी पारंपरिक धरोहर को सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया।

# बफना में हुआ भगवान गणेश का प्रतिष्ठापन महोत्सव

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम बफ्ना में गणेश उत्सव के मौके पर हजारों ग्रामवासियों ने आनंद और धार्मिक भावनाओं के साथ भगवान गणेश का प्रतिष्ठापन किया। इस अवसर पर ग्राम बफ्ना के गणेश उत्सव समिति ने एक उत्कृष्ट पूजा समारोह का आयोजन किया, जिसमें गणेश भगवान की महाराज ने अपनी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस खास पूजा समारोह में ग्राम के विभिन्न परिवारों के लोगों ने भाग लिया और अपनी भक्ति और प्रेम का प्रकटीकरण किया। समिति के युवा नेतृत्व में कई युवा जैसे मनसूक, केशव, अंतू, महेंद्र, छोटू, संतोष, भावेश, सोनसिंग और भूपेंद्र ने इस उत्सव को सफलता से आयोजित किया। गणेश उत्सव का आयोजन हर साल बफ्ना में होता हैं और यह ग्राम के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रिय त्योहार हैं। इसे भगवान गणेश की पूजा और आदर के साथ मनाने का अवसर मिलता हैं जिससे सामुदायिक एकता और समरसता को प्रमोट किया जाता है।

# स्वच्छ पंचायत थीम पर स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में कोंडागांव मे चल रहें आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन और नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य पंचायत के थीम पर काम कर रही हैं। इसको लेकर जिला के 12 ग्राम पंचायतों का चयन करके उन पर कार्य किया जा रहा हैं। जिसके तहत माकड़ी विकासखंड के 10 पंचायत और कोंडागांव विकासखंड के 2 पंचायतों का चयन किया गया हैं। जहां लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं। स्वस्थ्य पंचायत में ग्रामीणों के साथ मिलकर कार्य कर रहे है। जिसके तहत ग्राम पंचायत भीरगांव ब में स्वच्छ पंचायत थीम पर स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर एक जागरूकता रैली निकली गई। जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं माता और बच्चों के स्वास्थ्य एवं खानपान की जानकारी देना एवं समय-समय पर अस्पताल जाकर उनकी जांच करवाना और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना है। इस रेली में शिक्षक हृदय राम मंडावी, टीनू ठाकुर, ललित पांडेय, निर्मला देवांगन सहित पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर प्रदीप राव एवं प्रोग्राम मैनेजर चार्ल्स ज़िम्मी एवं गांधी फेलो सूरज झरिया और संजू के द्वारा रैली निकली गई। इस रैली में माध्यमिक विद्यालय से हृदय राम मांडवी, टीनू ठाकुर, ललित पांडे, निर्मला देवांगन एवं अन्य ग्रामीण जन मौजूद रहें।

# छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंडल द्वारा की गई भगवान गणेश की स्थापना

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मण्डल किरंदुल में पिछले परंपरा को अनवरत रखते हुए इस वर्ष भी सोमवार रात को भगवान गणपति प्रतिमा का स्थापना किया गया। इस मौके पर एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन आर राजकुमार,महाप्रबंधक माइन्स एस के कोचर,समिति के अध्यक्ष लोकनाथ चुरेन्द्र एवं सचिव पीएल साहू उपस्थित थे।समिति के अध्यक्ष ने बताया कि लगातार 55 वां वर्ष इस बार गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें 11 दिनों तक भगवान गणेश की विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी।

## निर्माण व मरम्मत में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे : कलेक्टर

# सड़कों का निर्माण कार्य 1 अक्टूबर से अनिवार्यतः शुरू करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा जिले में स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्य 01 अक्टूबर से अनिवार्यतः प्रारंभ करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने आज लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खराब सड़कों की मरम्मत तथा नये सड़कों का निर्माण के संबंध में विस्तृत समीक्षा किया तथा सड़कों के निर्माण व मरम्मत में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देश दिये। अति जर्जर सड़कों को तत्काल मरम्मत करने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर एवं एसपी द्वारा जिले में स्वीकृत नवीन सड़कों तथा मरम्मत कार्यों की एजेंसीवार समीक्षा किया गया। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता महेन्द्र कश्यप ने कांकेर दुधावा मार्ग के मजबूतीकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस मार्ग के 01 से 09 किलोमीटर तक मजबूतीकरण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है तथा इसके निर्माण के लिए एजेंसी भी निर्धारित कर दिया गया है, इसे दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जायेगा। कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग के मजबूतीकरण कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए कहा गया। बनोली सरहद से तारान्दुल हायर सेकेण्डरी स्कूल तक 03 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी गई, इसे भी दिसम्बर माह तक पूर्ण किया जायेगा। भानुप्रतापपुर संभाग के अंतर्गत कोरर से संबलपुर मार्ग के मजबूतीकरण की भी समीक्षा किया गया वर्तमान में डब्ल्यू.एम.एम से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है, इसे भी समस सीमा में पूरा कराने के लिए निर्देशित किया गया। भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ मार्ग के मजबूतीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई, यह कार्य सीआरएफयोजना अंतर्गत अनुबंधित है तथा कार्य प्रगति पर है। भानुप्रतापपुर से कच्चे मार्ग का निर्माण कार्य भी प्रगति पर होने की जानकारी दी गई। अंतागढ़ से आमाबेड़ा मार्ग में पुलियों का निर्माण प्रगतिरत होना बताया गया। कापसी से परलकोट डेम मार्ग और पीव्ही-34 से पीव्ही-01 मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम पेंच मरम्मत कार्य पूर्ण होने तथा अक्टूबर माह से बी.टी पेंच रिपेयर का कार्य किया जाने की जानकारी दिया गया। मासुलपानी-जामगांव से घोटियावाही चौक तक 15.80 किलोमीटर में उन्नयन कार्य के लिए 07 करोड़ 08 लाख 99 हजार रूपये स्वीकृत होने एवं उक्त मार्ग में 5.60 किलोमीटर में डामरीकरण कार्य पूर्ण होने की जानकारी देते हुए बताया गया कि शेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जायेगा। कांकेर-अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग के किलोमीटर 01 से 7/4 तक पेच मरम्मत कार्य को भी जल्दी पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। माकड़ी-अलबेलापारा मार्ग में आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश पर मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। एसडीएम कांकेर द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़कों के नवीनकरण कार्य की भी कलेक्टर, एसपी द्वारा विस्तृत समीक्षा किया गया तथा सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सिंगारभाट से ब्यासकोंगेरा मार्ग, पीढ़ापाल-मर्रापी-धनतुलसी मार्ग, अलबेलापारा-सिदेसर मार्ग, धनोरा से डब्बीपानी मार्ग, पिपरौद से बोदेली मार्ग तथा आमाबेड़ा से चंगोड़ी मार्ग का नवीनीकरण की स्वीकृत दी गई है, जिसे 01 अक्टूबर से शुरू करने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये हैं। आमाबेड़ा से उसेली मार्ग में पुलिया एवं रिटेनिंग वॉल कार्य, जेठेगांव से नवागाव मार्ग में रिटेनिंग वॉल कार्य, नेलसोड में रिटेनिंग वॉल कार्य, मण्डागांव (खासपारा) से पटेलपारा में रिटेनिंग वॉल कार्य के लिए लेआउट दिया गया है, जिसे गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

Aavas
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात)** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **संजीव कुमार,** श्रीमती मदनी देवी, सोमारी कुमार खाता सं. LNDUR00621-220182533 | 11 जुलाई 2023 ₹ 737553/- बकाया दिनांक 4 जुलाई 2023 | मौजा - बोरीसी बस्ती, वार्ड न. 51, पीएच - 19, खसरा नं. 249/27, आरएनएम-दुर्ग-1, जिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़, राजस्थान **क्षेत्रफल 3012 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 16 सितम्बर 2023 |
| **यशवंत हीरवानी,** श्रीमती जागर्ति हीरवानी खाता सं. LNDHM02921-220197563 | 11 जुलाई 2023 ₹ 681892/- बकाया दिनांक 4 जुलाई 2023 | सम्पत्ति स्थित खसरा नं. 1078/2 व 1083/1 का हिस्सा, पीएच नं. 16/22, वार्ड नं. 35, रामपुर वार्ड, धामतरी, छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 1161 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 16 सितम्बर 2023 |
| **ओम प्रकाश डोंगरे,** श्रीमती पुष्पा डोंगरे, कृपाराम डोंगरे खाता सं. LNBHI16622-230238327 | 11 जुलाई 2023 ₹ 696759/- बकाया दिनांक 4 जुलाई 2023 | सम्पत्ति स्थित खसरा नं. (पुराना 528/11) नया 537, पी.एच. नं. 07, स्थित मौजा मलीदीह, शकीन गांव मलीदीह, सिरपुर, महाशुमुन्द, छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 2478 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 16 सितम्बर 2023 |
| **शिव कुमार दादसेना,** श्रीमती संतोषी दादसेना खाता सं. LNDUR02118-190076745 व LNDUR01818-190080017 | 11 जुलाई 2023 ₹ 905139/- व ₹ 607382/- बकाया दिनांक 4 जुलाई 2023 | सम्पत्ति स्थित केएच नं. 439/1, पी.एच. नं. 36, गांव सलोनी, खैरागढ़, राजनन्दगांव, छत्तीसगढ़ **क्षेत्रफल 864 वर्ग फीट** | सांकेतिक कब्जा दिनांक 16 सितम्बर 2023 |

स्थान : जयपुर    दिनांक 20-09-2023    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# सुहाग की लंबी आयु की कामना की परिवार की खुशहाली के लिए निर्जला उपवास रखा





पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सौभाग्यवती स्त्रियां अपने सुहाग को अखण्ड बनाए रखने और अविवाहित युवतियां मन अनुसार वर पाने के लिए हरितालिका तीज का व्रत करती हैं। सर्वप्रथम इस व्रत को माता पार्वती ने भगवान शिव शंकर के लिए रखा था। इस दिन विशेष रूप से गौरी-शंकर का ही पूजन किया जाता है। इस दिन व्रत करने वाली स्त्रियां सूर्योदय से पूर्व ही उठ जाती हैं और नहा धोकर पूरा श्रृंगार करती हैं। पूजन के लिए केले के पत्तों से मंडप बनाकर गौरी-शंकर की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसके साथ पार्वती जी को सुहमें भजन, कीर्तन करते हुए जागरण कर तीन बार आरती की जाती है और शिव पार्वती विवाह की कथा सुनी जाती है। सोमवार की रात महिलाओं ने बजरंग चौक स्थित महावीर मंदिर गौरव पथ स्थित शनि मंदिर सराफा लाइन मानस मंदिर में फुलेरा सजाया गया था इसके सामने बैठकर मिट्टी से बनाएं भगवान शिव पार्वती की प्रतिमा की पूजा की गई रात भर भजन भक्ति में गीतों का माहौल बना रहा रविवार शाम से शुरू हुआ व्रत आज मंगलवार सुबह तक जारी रहा मंगल वार आज सुबह फुलेरा और शिव पार्वती की प्रतिमा का नदी तालाब में विसर्जन करने के बाद महिलाएं उपवास तोड़ी इस लिहाज से इस बार तीजा36 घंटे का उपवास रखा तीजा व्रत में सोने की मनाही होती है यही वजह है कि सोमवार मंगलवार की रात महिलाओं ने रात्रि जागरण किया।

## सोनसिल्ली में आज कबड्डी प्रतियोगिता

**महासमुंद।** ग्राम सोनासिल्ली में 20 सितंबर दिन बुधवार को ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसके मुख्य अतिथि मुकेश यादव जनपद उपाध्यक्ष पिथौरा अध्यक्षता चोपलाल चौधरी सरपंच ग्राम पंचायत सोनासिल्ली विशेष अतिथि युगल किशोर यादव सरपंच ग्राम पंचायत कसीबाहरा गुलाल राम लोधी ग्राम पंचायत लामीडीह भारत सिंह दीवान ग्राम प्रमुख जीतराम यादव डाकेश्वर यादव नोहर सिंह बांधे उत्तम साहू डेरहा राम बंजारे कन्हैया पटेल लक्षण यादव दुष्यंत यादव नेतराम चौधरी मायाराम यादव जितेंद्र ध्रुव होंगे इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपया द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपया तृतीय पुरस्कार 3001 रुपया चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपया रखा गया है इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क का 181 रुपया रखा गया है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष राजू जांगड़े बिसम्बर भोई गरहन सेन दिलीप ध्रुव खिलेश्वर बंजारे जय ध्रुव दिलीप ध्रुव छगन रावत देवनाथ रावत समरू सेन तैयारी में जुटे हुए हैं।

# निषाद समाज के सामुदायिक भवन हेतु किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

फुलझर राज निषाद समाज महासभा के द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एम आर निषाद अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड एवं केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छ.ग. शासन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष रूपधर निषाद ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद हरदीप सिंह रैना, मनोहर लाल निषाद महासचिव छ.ग. निषाद समाज, नंदकिशोर निषाद उपसंगठन सचिव छ.ग. निषाद समाज, चातुरी नंद चौहान सेना प्रदेशाध्यक्ष, जानकी निषाद महिला सचिव छ.ग. निषाद समाज उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा रामजानकी के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर आरती पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री निषाद ने आदि काल से आज पर्यंत तक संपूर्ण समाज के उत्थान में निषाद समाज के योगदान को बताया। उन्होंने निषाद समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए वार्ड क्र.8 पंचवन मार्ग पर आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एकता व भाईचारा के साथ-साथ शिक्षा के विकास पर ध्यान देने की सीख दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार में हमारे समाज का विकास हुआ है और मछुआरा वर्ग को ध्यान दिया जा रहा है। पहले मछुआ समाज को सम्मान नहीं मिलता था, लेकिन अब मिल रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर स्वच्छता दीदीयों का किया गया सम्मान



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं भाजपा नेता संजू पटेल के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में एवं तीजा पर्व के पावन अवसर पर बलौदाबाजार नगर में स्वच्छता के लिए मुहिम चलाने वाली महिला स्व सहायकता समूह की बहनों को मंणी कंचन केन्द्र में साड़ी एवं श्रृगांर समान प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाडा दिवस मना रहे है। जिसके तहत स्वच्छता के कार्यक्रम, जनजागकरूता कार्यक्रम, जनकल्याण एवं रक्त दान जैसे अनके कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके तहत यह सम्मान कार्यक्रम भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, शहर मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, पार्षद रोहित साहू, रीटा केसरवानी, खोडस राम कश्यप, नरेश केसरवानी, उमेश बाजपेयी, लक्ष्मेन्द्र अग्रवाल, अभिषेक तिवारी, अमित केसरवानी, राहूल सोनी, मणिकांत मिश्रा, रमाशंकर सोनी, केशव जोशी, अंशु ताम्रकार, संतोष शर्मा, जेपी धुरंधर, कमलेश पटेल आदि उपस्थित थें। वहीं महिला स्व. सहायता समूह की इंदु साहू, सुभाषिनी सेन्द्रे, बिना साहू, सुनीता साहू सहित काफी संख्या में स्वच्छता दीदी उपस्थित थें।

# खुसरूपाली में विश्वकर्मा जयंती पर हुआ डीजे डांस प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

ग्राम खुसरूपाली में विश्वकर्मा जयंती के शुभावसर पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था उसमे बहुत से प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमे ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार आर. एन.ग्रुप सम्हर द्वितीय पुरस्कार अमेजिंग डांस ग्रुप खपरी तृतीय पुरस्कार चंचल ग्रुप झलमल इसी प्रकार युगल डांस ग्रुप में प्रथम पुरस्कार कौशल लक्ष्मी डांस पटेवा द्वितीय पुरस्कार अज्जू गज्जू पाटनदादर तृतीय पुरस्कार आरजू डांस खुसरूपाली व एकल डांस में प्रथम पुरस्कार जानवी डांस भाटापारा बलौदा बाजार द्वितीय पुरस्कार गौरी विश्वकर्मा रायपुर तृतीय पुरस्कार यामिनी साहू राजिम थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो ने लगाया रक्तदान शिविर

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जिला भाजपा कार्यालय बलौदाबाजार में भाजयुमो ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया और लोगों से भी आगे आकर सेवा के लिए कहा। पुर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि उनके योगदान से कई लोगों को जीवन मिल सकता है। रक्तदान शिविर में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुनील यदु, खुश्बू बंजारे, रितेश श्रीवास्तव, डोमन वर्मा, संकेत शुक्ला, मणिकांत मिश्रा, अनुपम बाजपेई, राहुल सोनी, प्रशांत यादव, अंजय श्रीवास, रवि वर्मा, विजय यादव, प्रणव अवस्थी, अजय गर्ग, वासु ठाकुर, कौशल साहू, कामेश वर्मा, तरुण वर्मा, अमन तिवारी, मोनू ध्रुव, अर्पित तिवारी, पोखराम विश्वकर्मा, प्रमोद यादव, रंजीत यादव सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पोल्ट्री फार्म की दुषित पानी से तालाब प्रदुषित





पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

पोल्ट्री फार्म की दुषित पानी से तालाब प्रदुषित हो गया है, जिसके निस्तारी करने से ग्रामीण जन बीमार हो रहे हैं। वहीं पर ग्रामीणों का आरोप है कि पोल्ट्री फार्म प्रबंधन की मनमानी के चलते पोल्ट्री फार्म से निकलने वाली बदबू से भी लोग खासा परेशान हैं, साथ ही,बड़े बड़े संक्रामक मक्खियों से ग्रामीणजनो का जीना दुभर हो गया है। इस मामले की शिकायत प्रशासन से भी किया जा चुका है। लेकिन अब तक कोई सार्थक पहल नहीं हुआ है। मामला तिल्दा विकासखंड ग्राम पंचायत केवतरा - बेहराडीह का है। पंचायत क्षेत्र में संचालित सगुना पोल्ट्री फार्म से निकलने वाली वेस्टेज प्रदूषित पानी, निस्तारी तालाब में प्रवाहित हो रहा है। जिससे तालाब दुषित हो चुका है जिसकी निस्तारी करने से ग्रामीण, गंभीर बिमारी का शिकार हो रहे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि कथित पोल्ट्री फार्म में मेडिसिन का भी छिड़काव नहीं किया जाता जिससे उत्पन्न बदबु से लोग काफी परेशान हैं। इस मामले को लेकर पंचायत प्रतिनिधि कलेक्टर रायपुर , एवं एस डी एम तिल्दा-नेवरा को शिकायत पत्र सौंपा है। वहीं उद्योग प्रबंधन के खिलाफ धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दिया है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवानिवृत्ति बढ़ाना सरकार की पहल सराहनीय : कृष्णा

**महासमुंद।** नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने भूपेश बघेल सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली आंगनबाड़ी कर्मियों के लिए एक के बाद एक दूसरी सौगात दी है। इससे पहले राज्य सरकार ने हाल ही में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में इजाफा किया था।आंगनबाड़ी कर्मियों को दूसरी बड़ी सौगात इनकी सेवानिवृत की आयु को 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने के रूप में दिया है। इतना ही नहीं राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर सहायिकाओं से पदपूर्ति में हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत कर दिया है। स्पष्ट है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कुल रिक्त पदों में से आधे पद पहले से कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती कर के भरे जायेंगे।

# गणेश पर्व पर दस दिनो तक रहेगा उल्लास का माहौल

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com




सिमगा ब्लॉक से महज कुछ ही दूरी में स्थित ग्राम पंचायत नवागांव में ऐकता गणेशात्सव समिती के तत्वधान में इस वर्ष डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिससे की ग्राम में गणेश पर्व पर दस दिनो से उल्लास का माहौल रहेगा । युवा एकता गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष रोहित साहू ने बताया की समिती व ग्रामवासियों के सहयोग से नवागांव में 28/9/2023 दिन बुधवार को डीजे डांस प्रतियोगिता राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता होगी। जो की रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होंगे। सामूहिक नृत्य में प्रथम आने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार मनोज टोन्डे के द्वारा 5555 रुपये दिया जायेगा और भारत लाल साहू द्वारा 4444 रुपए व ज्ञानचंद साहू द्वारा 3333 रूपये दिया जायेगा एवंम द्वितीय पुरस्कार आने वाले प्रतिभागी को मनोज टोन्डे के द्वारा 4444 रुपए और प्रमेलाल पाठक व समिति के द्वारा 3333 रूपये दिया जायगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवक मनोज टोन्डे के द्वारा और भारत लाल साहू द्वारा पुरुस्कार को वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम पूर्व माध्यमिक प्राथमिक शाला के सामने बाजार चौक नवागांव में होगा। आयोजन की तैयारी में समिति के युवा जुटे हुए हैं। जिसमें मुख् रूप से महेश साहू, मोहना निषाद, दाऊराम साहू, रोहीत निषाद रिखि ध्रुव एवं मंच संचालक महेश्वर साहू है। जिसके मुख्यआयोजक युवा ऐकता गणेशोत्सव समिती है। गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष रोहीत साहू, उपाध्यक्ष हरिश ध्रुव कोशाध्यक्ष अजीत साहू सचिव आकाश साहू, विशेष सहयोगी हरी ध्रुव आशीष ध्रुव अजीत साहू ऋषि साहू पंकज साहू, मिथलेश, परदेशी साहू, पुरुषोत्तम साहू, मोराज साहू संजय साहू, महेश्वर साहू, संतोष यादव गजेंद निषाद, योगेश निषाद, गोल्डी निषाद खुबिराम निषाद, दुर्गेश निषाद प्रभात निषाद सूरज साहू, पंकज व जैयराम साहू, पक्कू, अर्जुन, अंगद, साहू छत्तीसगढ़ मिडिया ऐसोशियेशन के सिमगा ब्लॉक प्रभारी व युवा पत्रकार थानेश्वर साहू, पुनाराम साहू, भानु तुकेश, शिव साहू, होमेश कुमार रविशंकर है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 'मंथन 2023' का भव्य आयोजन



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा प्रणाली 2020 पर मंथन 2023 में गहन सामूहिक चर्चा की गई साथ ही साथ राष्ट्र निर्माता गुरुओं के सम्मान में पुरस्कार समारोह (अवार्ड सेरीमनी) का भी आयोजन किया गया था। जिनमें बलौदा बाज़ार जिला से लगभग 15 विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम मंथन 2023 दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश पोपट के मार्गदर्शन में कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि . बी.एन. राव रेड्डी (मोटिवेशनल स्पीकर, मैथ्स गुरू) विशेष अतिथि एम.एन. सिंह (मुख्य प्रवक्ता एनएच गोयल रायपुर), विद्यालय के प्रबंधक अश्विन शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल, प्रधानाचार्य योगेश पोपट (डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा,) एसके पाण्डेय (प्रधानाचार्य अंबुजा विद्यापीठ रवान) जीवी राजशेखर राव ( प्रधानाचार्य टाटा डीएवी स्कूल) जीसी दास (प्रधानाचार्य अहिल्याबाई इंटरनेशनल स्कूल) पूजा जैन (प्रधानाचार्या पाठशाला स्कूल) तेजराम साहू (प्रधानाचार्य भारती विद्या मंदिर) सुनीता बहादुर (प्रधानाचार्या आदर्श पब्लिक स्कूल) पीसी झाँ (बाँगड़ पब्लिक स्कूल) अजय कुमार साहू (प्रधानाचार्य एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी वर्ल्ड क्लास स्कूल) प्रीति ताम्हणे (प्रधानाचार्या मॉडर्न इंग्लिश स्कूल भाटापारा) तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय के छात्र कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर स्वागत गान व नृत्य प्रस्तुत किया गया। मॉडरेटर की भूमिका मे पवन केसरवानी, गौरी चाँदवानी तथा श्याम बहादुर रहे। प्रधानाचार्य योगेश पोपट द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ तथा मोमेंटो भेंट करके सम्मान किया गया। प्रबंधक अश्विनी शर्मा ने भी अपने संबोधन में नई शिक्षा प्रणाली 2020 पर प्रकाश डालते हुए लोगों की उपस्थिति के लिए आभार जताया। प्रबंधक अश्वनी शर्मा, मुख्य अतिथि बीएन राव रेड्डी, विशेष अतिथि एमएन सिंह, प्रधानाचार्य योगेश पोपट द्वारा समस्त शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन सील शुक्ल एवं नम्रता मंधानी द्वारा किया गया। अंत में राहुल भटालिया के वोट आफ थैंक्स के पश्चात उपस्थित लोगों द्वारा राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। सभी के लिए रात्रि भोज की भव्य व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक, सुनियोजित तथा अनुशासित रहा।

# 16 से 2 अक्टूबर 2023 तक रायपुर मंडल के स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2023 तक आयोजन किया जा रहा है । इस स्वच्छता - पखवाड़ा दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल के भाटापारा, तिल्दा-नेवरा, बिल्हा सहित अन्य स्टेशनों पर एवं कार्यालय यूनिटों में स्वच्छता की शपथ ली गई। मंडल रेल प्रबंधक के दिशा निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है । स्वच्छता-पखवाड़ा के सफलतापूर्वक निष्पादन के लिए मंडल स्तर पर तथा विभिन्न अधिकारियों को नामित किया गया है, रेलवे स्टेशनों पर पीए सिस्टम उदघोषणा के माध्यम से भी यात्रियो से स्वच्छता अपनाने एवं उनसे भी जागरूकता फैलाने का अनुरोध किया जा रहा है। रायपुर रेल मंडल के सभी कार्यालयों यूनिटों एवं सभी स्टेशनों में स्वच्छता की शपथ ली गई जिसमे रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फराजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आज़ाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेंगे। कार्यस्थल से शुरुआत कर इसे गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। स्वयं गंदगी न करने ना ही किसी और को ना करने दूंगा एवं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा। वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा। स्वच्छता की तरफबढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करने की शपथ ली। 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2023 तक चलने वाले स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत पखवाडा में थीम के आधार पर फोकस होते हुए स्वच्छता से सम्बंधित कार्य संपादित किये जायेंगे। 16 सितंबर को स्वच्छ शपथ और स्वच्छ जागरूकता, 17 सितंबर को स्वच्छ संवाद, 18 तथा 19 सितंबर को स्वच्छ स्टेशन, 20 तथा 21 सितंबर को स्वच्छ रेल गाड़ी, 22 सितंबर को स्वच्छ पटरी, 23 सितंबर को स्वच्छ रेल परिसर, 24 को स्वच्छ आहार, 26 को स्वच्छ नीर, 27 सितंबर को स्वच्छ जलाशय एवं पार्क, 28 सितंबर को को स्वच्छ प्रसाधन एवं पर्यावरण, 29 सितंबर को स्वच्छ स्पर्धा (प्रतियोगिता), 30 को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, 1-10-23 को स्वच्छता कार्यों की समीक्षा एवं 02-10-23 को गांधी जयंती स्वच्छता ही सेवा थीम पर कार्य किए जाएंगे।

# पर्यूषण पर्व के पहले दिन किया गया विशेष अनुष्ठान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



रामसागर तालाब पर स्थित दिगंबर जैन समाज के द्वारा पयुषण पर्व मनाया जा रहा है समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया सृष्टि से आरंभ होने के प्रतीक स्वरूप जैन धर्माव्लंबी प्रतिवर्ष भाद्रपद पंचमी से अनंत चतुर्थी तक पूरे नियम संयम और धार्मिक विधि विधान से 10 दिन का पर्व मानते हैं पर्व 19 सितंबर से प्रारंभ होकर जो 28 सितंबर तक संपन्न होगा। पयुर्षणपर्व का पहला दिन उत्तम क्षमा धर्म का दिन है पयुर्षण के दस दिन हमारी वास्तविक अवस्था की ओर अग्रसर होने के प्रयोग के दिन होते हैं वास्तव में इन दस दिनों में हमारे भीतर जो विकृतियों हैं उनको हटाना चाहिए जैसे-जैसे हम उनको हटाते जाएंगे धर्म अपने आप हमारे भीतर प्रकट होता जाएगा आज पर्यूषण पर्व के पहले दिन भगवान श्री के शांति धारा कलश की बोली का सौभाग्य समाज के सचिव अमित जैन को प्राप्त हुआ समाज में सांगानेर से आए हुए समय भैया जी द्वारा मंत्रउच्चारण का कार्य किया गया पर्यूषणपर्व का पहला दिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें समाज के संरक्षक इंद्र कुमार महावीर पंडित धन प्रसाद पदमचंद रमेश कपूर चंद एवं समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन जी नरेंद्र जैन सुधीर जैन नितेंद्र जैन अनुराग जैन युवराज जैन मयूर जैन तुषार जैन समाज के सहसचिव सुभाष जैन सुमित जैन आदि एवं महिला मंडल की अध्यक्षता सुमन जैन ममता जैन निर्मल जैन अंजू जैन डिंपल जैन दीपिका जैन बिना जैन ज्योति जैन नविता जैन नेहा जैन रंजन जैन शोभा जैन आदि उपस्थित थे।

## अमरनाथ दुबे का निधन



**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय समीपस्थ ग्राम रिसदा निवासी विकास दुबे के पुत्र अमरनाथ दुबे ( 26 )का अस्वस्थ के चलते बिलासपुर एम्स में विगत दिनों निधन हो गया जिसका अंत्येष्टि गृह ग्राम रिसदा में किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग व गांव वाले शामिल हुए।

# नि :शुल्क कोचिंग देकर 200 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न नवोदय में चयन करवाने वाले शिक्षक गुनाराम चंदेल और डोगेंद्र वर्मा का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा जिला बेमेतरा में बोरई, डोंगरगढ़,माना, मल्हार के पूर्व विद्यार्थियों का स्नेह मिलन समारोह बीते रविवार को आयोजित किया गया। जिसमे इन विद्यालयों से पधारे 68 पूर्व विद्यार्थी उस्पस्थित थे। जवाहर नवोदय विद्यालय की पूरे देश में अलग नाम व पहचान है। यहां से पढ़कर निकलें विद्यार्थी आज पूरे देश में विभिन्न प्रशानिक सेवाओं, सामाजिक, राजनीतिक, औधोगिक वा अन्य क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहें है। भले ही कोई किसी पद पर हो पर जहां नवोदय या नवोदयन नाम आता है सब फिर से नवोदय के विद्यार्थी नजर आते हैं। विद्यालय में पहुंचते ही विद्यालय की प्रचार्या लक्ष्मी सिंह स्टाफवा छात्र, छात्राओ ने अपने भईया, दीदीयों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में 1993 के प्रथम बैच से लेकर 2020 तक के पूर्व विद्यार्थियों ने अपना पूर्ण परिचय दिया अपने विद्यार्थी जीवन के किस्से सुनाए। भूपेंद्र कुलदीप, रजिस्टार हेमचंद विश्वविद्यालय ने कैसे नवोदय जीवन में एक अच्छा माहौल, पढ़ाई और परवरिश मिलती है फिर नवोदय से निकलते ही बहुत सारी आर्थिक वा अन्य बाधाएं आती है। तरुण बंजारे कमांडर इंडो तिब्बत बॉर्डर फोर्स ने बच्चो को सेना की तरह ही हर मुश्किलों का डटकर सामना करने की सलाह दिया। सुधीर गोलछा, व्यापारी व समाजसेवी राजनांदगांव ने बताया की पूरे भारत वर्ष में नवोदय पूर्व विद्यार्थियों का बहुत बड़ा संगठन है जहां हर नवोदयन किसी भी नवोदयन के मुसीबत में अन्य सहायता के लिए तत्पर रहता है। बहन स्वेता साहू प्रोफेसर पीजी कॉलेज बेमेतरा ने बताया की नवोदय में पैर रखते ही उन्हें अपना पूरा विद्यार्थी जीवन आंखों के सामने नजर आता है। आज वो खुद कॉलेज की प्रोफेसर है।

इसी मंच पर गुनाराम चंदेल शिक्षक सुरुजपुरा और शिक्षक डोगेन्द्र वर्मा साजा ब्लॉक का श्रीफल व शाल से सम्मान किया गया। ये वो दोनो शिक्षक है जो नवोदय के विद्यार्थी तो नही रहें पर आज इनके द्वारा निशुल्क नवोदय प्रवेश की कोचिंग पढ़ाए 200 से भी अधिक विद्यार्थी अलग अलग नवोदयों में अध्ययनरत हैं। वर्तमान विद्यार्थियों को अच्छी लगन से पढ़ाई करने नवोदय की अनुशासित जीवन का पालन कर भविष्य में कुछ अच्छा बड़ा बनने के लिए प्रेरित सभी पूर्व विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नवोदय विद्यार्थी जीवन पर प्रस्तुतीकरण से समा बांधा वहीं पूर्व विद्यार्थियों के कुर्सी दौड़ का खूब मजा लिया। विद्यालय के बहुउद्देशीय हॉल के लिए 25 पंखे व ट्यूबलाइट उपस्थित एलुमिनी सदस्यों के सहयोग से भेंट किए जाने का घोषणा किया गया। मंच संचालन ईश्वर साहू शिक्षक परसबोड ने किया वही पूरा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रचार्या लक्ष्मी सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अवधेश पटेल पूर्व छात्र बोरई नवोदय व संचालक समाधान कॉलेज ने किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिसर में पूर्व विद्यार्थियों के हाथो पौधारोपण के साथ किया गया। मंच संचालन ईश्वर साहू, आरुग ने किया। इस कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थी दुर्गेश पटेल, हृदयराम, विक्रम देवांगन, डॉ राज मनहरे, डॉ पवन धृतलहरे संचालक पलक हॉस्पिटल, अरविंद भगत आर. टी. ओ. अधिकारी, संजय मानिकपुरी, तिलेश सेन मिलाकर 68 पूर्व विद्यार्थी , विद्यालय के वर्तमान सभी विद्यार्थी व सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# आगामी दो माह अब लगातार त्योहार यातायात नियंत्रित करने व्यवस्था नहीं

## ट्रैफिक सिग्नल बंद, चौक-चौराहों से जवान नदारद

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com




गणेश पर्व के बाद दुर्गाउत्सव और फिर दीपावली, आगामी दो माह तक अब लगातार त्योहार है। जिससे शहर में यातायात का दबाव बढ़ने वाला है, पर इसके नियंत्रण की कोई व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने और दुर्घटना में कमी लाने के लिए शहर से गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग के तीन मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए थे, पर देखरेख के अभाव में आज किसी भी चौक पर यातायात का नियंत्रण इन ट्रैफिक सिग्नलों से नहीं हो रहा है, वहीं यातायात के जवान भी चौक-चौराहों से नदारद है जिससे शहर की यातायात व्यवस्था बेलगाम हो गयी है, बता दें कि शहर में वाहनों की रफ्तार धीमी करने के साथ यातायात के बढ़ते दबाव से लोगों को राहत दिलाने के लिए 17 फरवरी को शहर के अंबेडकर चौक, नेहरू चौक और बरोंडा चौक पर ट्रैफिक सिग्नल का उद्घाटन हुआ। पालिका ने इन चौक-चौराहों पर रायपुर के फोर कॉर्नर आउटडोर मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से अनुबंध कर 'नो प्रॉफिट नो लॉस' के तहत शहर में ट्रैफिक सिग्नल लगवाए। उक्त तीन मुख्य चौक के अलावा कचहरी चौक, सिटी कोतवाली के सामने ब्लिंकर लाइट लगाई गयी। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहायता मिली। पिछले कई माह से अंबेडकर चौक का सिग्नल बंद है। वहीं 25 जून को बरोंडा चौक के एक ट्रैफिक सिग्नल को किसी वाहन द्वारा क्षतिग्रस्त करने के बाद वह हटा दिया गया है तब से इस चौक के सभी ट्रैफिक सिग्नल बंद हैं। मात्र नेहरू चौक का ही ट्रैफिक सिग्नल चल रहा था वो भी कुछ दिनों से बंद है जिससे आवागमन मे परेशानी तो है ही दुर्घटना की भी आंशका बनी हुई है। लगातार त्योहार, ऐसे में कैसे दुरूस्त होगी यातायात की व्यवस्था - मालूम हो कि अब त्योहारों का समय है पोला के बाद तीजा पर्व पर बाजारों में खासी भीड़ दिखाई दी। आज से 10 दिनों का गणेश उत्सव शुरू हो रहा है फिर क्वांर नवरात्रि शुरू हो जाएगी। इन दो उत्सवों में दर्शन के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की भीड़ शहर की सड़कों पर होगी। बाद दीपावली पर्व पर यातायात का दबाब बढ़ेगा,अगर उससे पहले यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने सिग्नल दोबारा शुरू नहीं किए गए तो यातायात व्यवस्था बेलगाम हो जाएगी जिसका परिणाम जान-माल का नुकसान भी हो सकता है।

# खेलकूद में लड़के ही नही लडकिया भी आगे हैं, जो स्वर्ण पदक लाकर देश का सम्मान बढ़ाया : अशवन्त तुषार साहू



पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com

विधानसभा सिरपुर क्षेत्र के ग्राम बंदोरा में युवा ग्रामीण के तत्वाधान में कबड्ड़ी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दो दिवसीय कबड्ड़ी प्रतियोगिता में विधायक प्रत्याशी अशवन्त तुषार साहू शामिल हुआ वही खिलाडीयो का परिचय प्राप्त किया। इस दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रत्याशी अशवन्त तुषार साहू ने कहा कि खेल में हार जीत नहीं देखते हैं। हारने वाले खिलाड़ी जीतने वाले से महज कुछ कदम पीछे रहते हैं। इसका ये मतलब नहीं होता कि खिलाड़ी खेलना छोड़ दे। इंसान ठोकरें खाकर ही आगे बढ़ता है। प्रयास करना चाहिए कि जितने वाले से भी दो कदम आगे निकल जायें। वही असली खिलाड़ी होता है, जो खेलकूद में आज लड़के ही नही लडकिया भी आगे हैं। जो स्वर्ण पदक लाकर देश का सम्मान बढ़ाया है। खेल से भविष्य सवरता है। मंच संचालन होरी लाल पटेल ने किया अपने अनोखा अंदाज से शायरी चुटकुला से सभी दर्शक का मन मोह लिया. कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में शंकर पटेल, लोकेश साहू, लुकेश ध्रुव, गोविंदा ,लेखराज, धनी ,हेमेंद्र, विनोद यादव, अन्य ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत, पति की लंबी आयु के लिए की कामना

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com



पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने तीजा पर्व पर निर्जला व्रत रखा। व्रती युवतियों व महिलाओं ने शाम से ही भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना प्रारंभ कर दी थी। सुहाग की दीर्घायु के लिए व्रत रखने महिलाएं प्रातः स्नान कर पूजा पाठ की तैयारी में जुट गई थी। जिसमें गंगा बालू मिश्रित शिवलिंग बनाकर, फुलेरा सजाने का क्रम दिन भर चलता रहा। शाम होते होते महिलाएं विशेष श्रंगार कर भगवान शंकर की पूजा अर्चना करने मंदिर सहित मोहल्ले के अन्य घरों में होने वाली पूजा में शामिल हुई तीज पर्व पर महिलाओं ने पुजारी के मार्गदर्शन में दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, गंगाजल, बेल पत्री, आंक, धतूरा दुर्वादल,धूप, नैवेद्य, श्रीफ्ल इत्र से भगवान शिव की विधि विधान से पूजा की ?। पूजा अर्चना उपरांत व्रती महिलाओं ने पूरी भक्ति भाव के साथ हरितालिका व्रत की कथा भी सुनी मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर देर रात तक चलता रहा। व्रत में रतजगा के विधान के चलते अधिकांश महिलाओं ने धार्मिक फिल्मों का भी आनंद उठाया। तीजा पर्व पर नगर सहित आसपास के गांव में भी महिलाओं में भक्ति भाव का माहौल रहा। गांव में भी महिलाएं श्रद्धा भक्ति के साथ व्रत रखकर भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाएं रात भर भजन कीर्तन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में लीन रही। तीजा पर्व के चलते नगर के बाजार में दिनभर चहल-पहल रही??। सामान्य दिनों की अपेक्षा सुबह से शाम तक बाजार में काफी भीड़ भाड़ देखा गया।

# सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल के पास सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत नगर पालिका जशपुर के समस्त सफाई मित्र एवं उनके परिवार के सदस्यों का भी निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में रक्त जाँच परीक्षण उपरांत निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इसके साथ ही इस शिविर में आए समस्त सफाई मित्र एवं उनके परिजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, डे-एनयूएलएम योजना,आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं राशन कार्ड हेतु जानकारी दी गई। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक एक्का, उप अभियंता नवीन तिवारी, स्वच्छता प्रभारी, भोला राग यादव, मुख्यमंत्री रलग स्वास्थ्य योजना की टीम, आलोक दुबे, क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक, स्वच्छ भारत मिशन जिला समन्वयक बद्रीनाथ पटेल, सन्त कुमार महतो, सिटी मिशन प्रबंधक एवं सामुदायिक संगठन शशीप्रभा ओझा उपस्थित थे ।

# विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की



पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यालय-निवास में विधिविधान से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि गणेशोत्सव की धूम पूरे शहर में है। शहर के विभिन्न चौक चौराहों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। लोग अपने आफिस और घर में भी गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज मंगलवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने अपने निवास स्थित कार्यालय में विघ्नहर्ता गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की। शुभ मूहूर्त में पूरे विधि विधान के साथ गणेश स्थापना की गई। इस दौरान कार्यालय के सभी स्टाफ ने मिलकर संसदीय सचिव चंद्राकर के साथ पूजा अर्चना की।

# हत्या के फरार आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बेस बेट एवं डंडा जप्त

- स्मृति नगर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के अंदर दोनो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार।

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com



आम जगह पर आरोपी सचिन अपने महिला मित्र के गले में हाथ डाल कर चल रहा था, जिसे प्रार्थी मना किया इस बात को लेकर सचिन द्वारा इसके साथ मारपीट किया, इस मारपीट की घटना को देखकर इसका छोटा भाई चन्द्रशेखर आया तो वह बीच बचाव करने लगा इसी बीच आरोपी सचिन का भाई गोविन्दा भी आ गया, तब ये दोनो बैस बैट एवं डण्डा से युगल किशोर एवं चन्द्रशेखर के साथ मारपीठ किया। जिससे चन्द्रशेखर को गंभीर अंदरूनी चोट आयी जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ पर डॉ. द्वारा मृत होना बताया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मृतक चन्द्रशेखर का पंचनामा कर पीएम कराया गया डॉ द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट पर मृतक की मृत्यु हत्या होने से बताया। प्रकरण के आरोपी 1. सचिन चौधरी पिता राजकुमार चौधरी उम्र 21 साल निवासी सडक 36 सुन्दर नगर कोहका चौकी स्मृतिनगर मूल निवासी ग्राम बूटी बोरी सातगांव थाना बूटी बोरी तह हिगना जिला नागपुर महाराष्ट्र 2. सन्नी उर्फगोविन्दा चौधरी पिता राजकुमार चौधरी उम्र 25 साल निवासी सडक 36 सुन्दर नगर कोहका चौकी स्मृतिनगर मूल निवासी ग्राम बूटी बोरी सातगांव थाना बूटी बोरी तह हिगना जिला नागपुर महाराष्ट्र घटना के बाद से फरार थे। पुलिस अधीक्षक दुर्ग शलभ सिन्हा के निर्देश एवं अति. पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव, व नगर पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी भिलाई नगर के आरोपियों की त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार करने के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश शर्मा, चौकी प्रभारी स्मृतिनगर उप निरीक्षक नवीन राजपूत के द्वारा मुखबीर की सूचना पर दोनो फरार आरोपियो को खुर्सीपार से पुलिस अभिरक्षा में लेकर चौकी स्मृतिनगर लाया गया, घटना के समय प्रयुक्त डण्डा एवं बैस बैट जप्त किया गया है।

# चोरी के 6 मामलों के आरोपी गिरफ्तार पामगढ़ पुलिस ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



थाना पामगढ़ क्षेत्र में लगातार हो रहे चोरी को रोकने हेतु सायबर सेल स्टाफ जांजगीर से मदद लेकर बैंक परिसर में लगे सी. सीटी.व्ही फुटेज का अवलोकन किया गया। एक व्यक्ति का हुलिया ग्राम ससहा रोड पामगढ़ निवासी विशु लहरे उर्फढोलू से मिलने से उनको हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो दारू गांजा पीने का व मंहगे मोबाईल खरीदने का शौक होने से अपना शौक पूरा करने के लिये करीब 02-03 माह पूर्व से पामगढ़ में रात्रि में घुम-घूम कर लगातार चोरी करना स्वीकार किया जो आरोपी के कब्जे से एक विवो कम्पनी का मोबाईल कीमती 8000 रू., एक टाईटन घड़ी कीमती 2000 रू. एक नग सिलींग पंखा कीमती 1500 रू., नगदी रकम कुल 23075 रू. जुमला कीमती 34575 रू. एवं घटना में प्रयुक्त 02 नग लोहे का राड, 01 नग लोहे का हथौड़ी 01 नग बड़ा पेचकस को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया। आरोपी द्वारा नगदी चोरी किए रकम में से पैसा को खा पीकर खर्चा करना तथा नगदी 23075/रुपया बरामद कराया गया है।

प्रार्थी सोनू झा उम्र 35 वर्ष हा. मु. अम्बेडकर नगर पामगढ़ नेरपोर्ट दर्ज कराया था की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करने के नियत से छ.ग. ग्रामीण बैंक शाखा पामगढ के चैनल गेट के ताला को तोड़ कर बैंक परिसर अंदर घुसर कर सटर के ताला को तोड़ने का प्रयास किया गया था कि रिपोर्ट पर थाना पामगढ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रार्थी दिलेश्वर प्रसाद साहू उम्र 42 वर्ष साकिन पकरिया थाना शिवरीनारायण द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 20.30 बजे से 11.00 बजे के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के सामने प्रार्थी का दुकान के काउंटर में रखे नगदी रकम 30,000/- रू. को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रार्थी आशीष कुमार जैन उम्र 52 वर्ष साकिन अकलतरा का रिपोर्ट दर्ज कराया कि बहोरिक चौक के पास इंडिया नम्बर 01 का एटीएम है जिसमें मध्य बीच किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एटीएम का दरवाजा एवं सटर मशीन, सीसी टीवी कैमरा को तोड़फोड़ कर दिया है।

**65 लाख रुपए की लागत से जिला मुख्यालय में बनेगा प्रेस क्लब भवन मंत्री चौबे ने किया भूमि पूजन**

# प्रिंट मीडिया का महत्व नहीं हुआ है कम, सुबह की शुरुआत ही अखबारों से : मंत्री चौबे

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक चैनल उपलब्धता बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है, इलेक्ट्रॉनिक चैनल के होने के बावजूद प्रिंट मीडिया का महत्व कम नहीं हुआ है,यही कारण है कि सुबह की शुरुआत अखबारों से शुरू होता है उक्त विचार कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे ने सोमवार यहां टाउन हाल में 65 लाख रुपए से निर्मित होने वाले प्रेस क्लब भवन के भूमि पूजन के मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा किया गया।

चौबे ने आगे यह कहा कि मीडिया देश का चौथा स्तंभ है और चौथे स्तंभ की एक शाख है जिसे पूरी शिद्दत से हमें उसे बनाकर रखना होगा। मीडिया जनता के हित और उनकी मूलभूत समस्याओं पर केंद्रित होकर समाचार का प्रकाशन होता है तब उसकी ताकत और क्षमता सत्ता को भी परिवर्तित कर देती है चौबे ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि बेमेतरा के पत्रकारों के लिए 65 लाख रुपये की लागत से प्रेस भवन का भूमिपूजन किया गया पत्रकार पहले की अपेक्षा अब कलम को पैनी करके जनहित का मुद्दा को उठाएंगे। मंत्री चौबे ने प्रेस क्लब के संरक्षक महेश दुबे,अध्यक्ष दिनेश दुबे का नाम उल्लेखित करते हुए कहा मेरे राजनीतिक दिनों की शुरुआत के समय से यहां के कुछ लोग पत्रकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बीते दिनों जिले में आए बारिश के बाद की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति के समय पत्रकारों को अपनी कर्तव्य का निर्वहन जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए जिससे शासन प्रशासन तक वस्तु स्थिति सामने आ जाए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात के दौरान पत्रकारों के द्वारा पत्रकार भवन के लिए बात रखी गई थी इस पर मुख्यमंत्री ने इसके लिए 65 लख रुपए स्वीकृत किया गया जिसके लिए भूमि पूजन का किया गया छाबड़ा ने कहा कि पत्रकारों ने सदैव जनहित का मामले को सामने लाते रहे हैं और भविष्य में भी लाते रहेंगे उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा निश्चित समय पर पत्रकारों का भवन बनकर तैयार हो जाएगा और उसका उद्घाटन भी हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी करेंगे। इसके पूर्व कैबिनेट मंत्री चौबे जी टाउन हॉल पहुंचे जहां पर पत्रकारों ने गुलदस्ता देकर भेंट की स्वागत किया तदुपरांत भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष दिनेश दुबे ने कहा कि यह पत्रकारों के लिए गौरव का दिन है जहां क्योंकि आज पत्रकार उसका स्वयं का भवन के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम हुआ अब पत्रकारों को पत्रकार वार्ता अपने ही भवन में करेंगे पहले पत्रकार वार्ता के लिए समय स्थिति के अनुसार स्थान का चयन करना पड़ता था इसके लिए दुबे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं स्थानीय विधायक आशीष छाबड़ा के प्रति पत्रकारों के तरफ से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर सिटी प्रेस क्लब बेमेतरा के पदाधिकारी - अध्यक्ष दिनेश दुबे संरक्षक महेश दुबे सलाहकार किशोर तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद गोस्वामी, महासचिव अमीन पप्पू रवानी कोषाध्यक्ष दिनेश दत्त दुबे, सचिव आनंद साहू विधि सलाहकार प्रसून शुक्ला कार्यालय मंत्री अनीश मेनन सह कार्यालय मंत्री आशीष कांठले सहसचिव मैडी धीवर अजय शुक्ला योगेश राजपूत , संजय दुबे ,सुनील खिलयानी नगर पालिका उपाध्यक्ष पंचु साहू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशी पटेल, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रणीश चौबे नगर पालिका के सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय सहित अविनाश तिवारी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा पार्षद गण तथा अधिकारी उपस्थित थे।

# बागबहार में लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजन 22 सितम्बर को




पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन एवं जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एवं सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से 22 सितम्बर 2023 शुक्रवार को शासकीय नवीन महाविद्यालय बागबहार में लर्निंग लाइसेंस जारी किये जाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवाहन अधिकारी ने बताया है कि 22 सितम्बर दिन शुक्रवार को जिला परिवहन कार्यालय जशपुर पूर्ण रूप से बंद रहेगी। किसी भी प्रकार का शासकीय कार्यों का संपादन नहीं किया जायेगा। उन्होंने समस्त आवेदकों से अपील की है कि लर्निंग लाइसेंस के लिए किसी भी लोक सेवा केन्द्र और च्वाईस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या परिवहन विभाग की वेबसाइट से स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं एवं 22 सितम्बर 2023 का स्लॉट ( अपॉइंटमेंट) लेकर बागबहार में उक्त तिथि को आवेदन के साथ उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

# खल्लास गर्ल ईशा कोप्पिकर

## एक फोटोशूट से बदल गई थी किस्मत, ताइक्वांडो में हैं ब्लैक बेल्ट



***मुंबई।*** *बॉलीवुड की खल्लास गर्ल ईशा कोप्पिकर फिल्म इंडस्ट्री का जाना-माना नाम रही हैं। ईशा ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान ही ईशा ने फोटोग्राफर गौतम राजदक्ष्या से फोटोशूट करवाया। इसके बाद उन्हें कई मॉडलिंग और ऐड के ऑफर मिले। 1995 में ईशा मिस इंडिया में पार्टिसिपेट किया। जिसमें उन्होंने मिस टैलेंट का क्राउन जीता। ईशा ने 1998 में तमिल फिल्म चंद्रलेखा से डेब्यू किया था। उन्होंने हिंदी सिनेमा में ही नहीं बल्कि, कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मराठी फिल्मों में भी काम किया है। ईशा कोप्पिकर ने बॉलीवुड में कंपनी, दिल का रिश्ता, डरना मना है, पिंजर, एलओसी कारगिल समेत कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। इसके अलावा वह राजनीति में भी सक्रिय हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में...*

अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर का जन्म 19 सितम्बर 1976 को मुंबई के एक कोंकणी परिवार में हुआ था। ईशा ने अपनी पढ़ाई मुंबई से पूरी की। इस दौरान ईशा का झुकाव मॉडलिंग की तरफ हुआ और उन्होंने मॉडलिंग में किस्मत आजमाने की सोची। इसके लिए उन्होंने कुछ फोटोशूट भी करवाए, जिसकी बदौलत ईशा को अपने करियर की शुरुआत में ही कई अच्छे विज्ञापनों में काम करने का मौका मिला। ईशा ने 1995 में मिस इंडिया कांटेस्ट में हिस्सा लिया, जिसमें उन्हें मिस टैलेंट के क्रॉउन से नवाजा गया। इन्होंने तमिल फिल्म चंद्रलेखा से एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद बॉलीवुड का रुख किया। साल 2000 ईशा ने अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म फिजा में करिश्मा कपूर और ऋतिक रोशन के साथ काम किया था। ईशा ने 10 साल बॉलीवुड में काम किया। लेकिन कुछ फिल्मों के अलावा ईशा एक्टिंग का जौहर नहीं दिखा पाईं। फिल्में फ्लॉप होने पर ईशा स्टेज शोज और विडियो एल्बम में भी काम किया।

ईशा कोप्पिकर का फिल्मी करियर कुछ ज्यादा खास नहीं रहा है और न ही इंडस्ट्री में उनको उस तरह की सफलता मिली। हालांकि, सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर इन्होंने अपनी ठीक-ठाक पहचान बना ली। बता दें कि ईशा कोप्पिकर ने साल 1997 में फिल्म एक था दिल एक थी धड़कन से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। बॉलीवुड में ईशा कोप्पिकर को अच्छी पहचान मिली फिल्म कंपनी के खल्लास गाने से। यह आइटम नंबर काफी हिट हुआ था और इसके बाद ईशा कोप्पिकर को खल्लास गर्ल कहा जाने लगा। ईशा कोप्पिकर अभिनय और डांस के साथ ही राजनीति में भी सक्रिय हैं। इसके अलावा ईशा कोप्पिकर ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट हैं। उन्होंने काफी अवसरों पर ताइक्वांडो वाला अपना टैलेंट दिखाया है। ईशा कोप्पिकर ने टिम्मी नारंग से शादी की है। उनकी तीन साल की एक बेटी है, जिसका नाम रायना है। हालांकि उनका नाम एक्टर इंदर कुमार के साथ भी जुड़ा था। दोनों के रिश्ते को लेकर काफी चर्चाएं उठी थीं, लेकिन साल 2009 में उन्होंने टिम्मी से शादी कर ली। ईशा भले ही बॉलीवुड में ज्यादा नाम न कमा पाई हों लेकिन अब वह करोड़ों की संपत्ति की मालकिन हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईशा कोप्पिकर की नेट वर्थ 50 करोड़ रूपये है।

### कभी इस हीरो के प्यार में पागल थीं ईशा

ईशा कुछ रियलिटी शोज और मिस यूनिवर्स 2008 के जज पैनल में भी शामिल रहीं। इसके साथ ही वो फैशन डिजायनर अनीता डोंगरे और प्रिया कटारिया के लिए मॉडलिंग भी करती रहीं। ईशा की पर्सनल लाइफ की बात करें तो वो अपने रिलेशनशिप को लेकर काफी विवादों में भी रहीं। शादी से पहले ईशा का अफेयर इंदर कुमार से था। लेकिन इंदर की शराब की लत की वजह से दोनों का ब्रेकअप हो गया था। कुछ समय पहले ही इंदर कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उस समय ईशा ने इंदर कुमार की लाइफ के बारे में कई खुलासे किए थे। साल 2009 में ईशा ने होटेलियर टिमि नारंग से शादी कर ली थी। लीना मोगरे और प्रीति जिंटा ने ईशा की मुलाकात टिमि से करवाई थी। अब दोनों की एक बेटी रिआना भी है। ईशा भले ही बॉलीवुड में ज्यादा नाम ना कमा पाई हों लेकिन अब वो करोड़ों की संपत्ति की मालकिन हैं।

### नेपोटिज्म की वजह से कई फिल्मों से हुई रिजेक्ट

पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में ईशा कोप्पिकर ने नेपोटिज्म पर खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में वह कई बार नेपोटिज्म की शिकार हुई हैं। एक बार उन्हें एक फिल्म से अचानक निकाल दिया गया था। दरअसल एक एक्टर के कहने पर उन्हें आखिरी वक्त पर फिल्म से बाहर कर दिया गया था। एक्ट्रेस ने बताया कि अब वह एक्टर इंडस्ट्री के सुपरस्टार हैं। यही नहीं एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्मों में अक्सर ऐसा होता है, जब आपको रोल मिलने से पहले किसी के बाप या फिर दोस्त फोन कर देते हैं ।

# बॉलीवुड के ये सेलेब्स धूम-धाम से सेलिब्रेट करते हैं गणेश चतुर्थी



**नई दिल्ली।** इस साल गणेश चतुर्थी 19 सितंबर के दिन सेलिब्रेट की जाएगी। इस दिन लोग धूम-धाम से बप्पा को घर लाते हैं और खूब अच्छे से इस त्योहार को मनाते हैं। आम जनता से लेकर टेलीविजन और बॉलीवुड के सितारे भी धूमधाम से अपने घर में बप्पा का वेलकम करते हैं। आज हम उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो गणेश चतुर्थी पर बप्पा का स्वागत धूमधाम से करते हैं। इस लिस्ट में शिल्पा शेट्टी, कार्तिक आर्यन, जैकी श्रॉफ, शाहरुख खान, सलमान खान जैसे कई नाम शामिल हैं।

***जैकी श्रॉफ***

जैकी श्रॉफ इंडस्ट्री के जाने-माने फेमस एक्टर हैं। कई फिल्मों में अपना जबरदस्त रोल निभाकर जैकी श्रॉफ ने खूब लाइमलाइट बटोरी है। एक्टर जैकी श्रॉफ आज हर किसी के दिलों में राज कर रहे हैं। गणेश चतुर्थी पर हर साल जैकी श्रॉफ गणपति जी की स्थापना करते हैं। इस दिन को वे धूम-धाम से सेलिब्रेट करते हैं। हर साल जैकी श्रॉफ की कई तस्वीरें वायरल होती हैं, जिस पर फैंस अपना बेशुमार प्यार लुटाते हैं।

***कार्तिक आर्यन***

कार्तिक आर्यन ने अपने अभिनय सफर की शुरुआत साल 2011 में की थी। यह प्यार का पंचनामा नामक एक हिन्दी फिल्म थी, जिसमें एक्टर रजत नामक लड़के का किरदार निभा रहे थे। इस फिल्म को हर किसी ने पसंद किया था। अब कार्तिक कई शानदार फिल्मों में दिखाई देते हैं और लोगों का प्यार बटोरते हैं। बता दें, इस लिस्ट में आपके फेवरेट कार्तिक आर्यन का नाम भी शामिल है। कार्तिक आर्यन भी गणेश चतुर्थी के दिन बप्पा के रंग में रंगे नजर आते हैं।

***शाहरुख खान***

बॉलीवुड के सुपरस्टार शाह रुख खान हर त्योहार बड़े ही धूमधाम से सेलिब्रेट करते हैं। गणेश चतुर्थी के दिन भी शाह रुख काफी खुश नजर आते हैं और इस त्योहार को अच्छे से मनाते हैं। किंग खान को गणपति बप्पा में बहुत विश्वास है और वह हर साल अपने घर में श्री गणेश की मूर्ति स्थापित करते हैं।

***सलमान खान***

सलमान खान और उनकी बहन अर्पिता हर साल अच्छे से अपने घर में बप्पा का स्वागत करते हैं और काफी अच्छी तरह त्योहार को मानते हैं। सलमान खान से लेकर उनका पूरा परिवार अर्पिता की इस खुशी में शामिल होता है।

***सैफ अली खान***

सैफ अली खान बॉलीवुड के सुपरहिट हीरो की लिस्ट में शामिल हैं। सैफ के घर में भी बप्पा का वेलकम बहुत धूमधाम से किया जाता है। सैफ अली खान और उनकी पत्नी करीना कपूर खान अपने बच्चों और परिवार के साथ इस त्योहार का खूब जश्न मनाते हैं। इस दौरान वो बप्पा की भक्ति में लीन दिखाई देते हैं।

***सारा अली खान***

सारा अली खान इंडस्ट्री की ब्यूटीफुल एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल हैं। एक्ट्रेस हर त्योहार को खूब धूम-धाम से सेलिब्रेट करती हैं, जिसकी तस्वीरें आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं। सारा अली खान गणेश उत्सव के समय गणपति बप्पा की घर में स्थापना करती हैं। सारा अली खान आए दिन सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं।

***शिल्पा शेट्टी***

शिल्पा शेट्टी के परिवार में गणेश स्थापना की पुरानी परंपरा है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा हर साल की तरह इस बार भी गणेश उत्सव के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

## रणबीर कपूर के नए लुक ने बढ़ाई फैंस की एक्साइटमेंट





**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। फिल्म में एक्टर का अब तक का सबसे अलग लुक देखने को मिलेगा। जब से इस मूवी की घोषणा हुई है, तब से फैंस में इसका टीजर देखने का इंतजार बना हुआ है। अब मेकर्स ने इस इंतजार पर पूर्ण विराम लगाते हुए टीजर रिलीज की डेट फाइनल कर दी है। इसके साथ ही रणबीर कपूर का नया लुक भी सामने आया है।

**एनिमल की टीजर डेट आउट :-** एनिमल फिल्म दिसंबर में रिलीज हो रही है। पहली बार रणबीर कपूर साउथ की टॉप एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते देखे जाएंगे। सेट से जुड़ी कुछ फोटोज भी सामने आ चुकी हैं और अब टीजर की फाइनल डेट का एलान भी कर दिया गया है।

**फैंस इस दिन देख सकेंगे रणबीर-रश्मिका की फिल्म का टीजर :-** फिल्म के डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी ने सोमवार को अपडेट शेयर किया कि एनिमल का टीजर रणबीर कपूर के बर्थ डे पर जारी किया जाएगा। रणबीर का जन्मदिन 28 सितंबर को है और इसी दिन उनकी पैन इंडिया लेवल पर रिलीज होने वाली इस फिल्म का टीजर जारी किया जाएगा। डेट नजदीक होने के कारण फैंस में टीजर की झलक देखने का इंतजार बढ़ गया है।

**फैंस ने की तारीफ :-** रिलीज डेट के साथ ही रणबीर कपूर का नया लुक भी सामने आया है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। न्यू लुक में वह गॉगल्स लगाए और सिगरेट पीते हुए देखे जा सकते हैं। टीजर डेट और न्यू लुक रिवील किए जाने के बाद फैंस ने अपनी एक्साइटमेंट दिखाई है।

**एनिमल की स्टार कास्ट :-** फिल्म में रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना के अलावा अनिल कपूर, तृप्ती दिमरी और सौरभ शुक्ला जैसे टैलेंटेड के स्टार्स के होने की भी चर्चा है।



हार्मोनल बदलाव, गलत डाइट, तनाव और भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल के कारण अकसर वज़न बढ़ जाता है। इसे कम करने के लिए लोग काफी मेहनत करते हैं लेकिन सही तरीका न मालूम होने के कारण उन्हें फायदा नहीं होता। व्यस्त दिनचर्या वाले अधिकतर लोगों के लिए वजन बढना एक समस्या है। कई बार लोग डाइटिंग का सहारा लेते हैं या फिर जाने-समझे बिना कोई भी व्यायाम कर लेते हैं, जिससे उन्हें फायदा तो नहीं, नुकसान जरूर हो जाता है। इस साल अगर शरीर से कुछ किलो कम करने का संकल्प ले रहे हैं तो सखी से जानें, इसका सही तरीका क्या होना चाहिए। न करें ये गलतियां-

### ओवरईटिंग

अकसर दो मील के बीच में लोग मंचिंग के लिए कुछ-कुछ खाते रहते हैं। कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करते हुए, टीवी या मोबाइल देखते हुए खाने की आदत भी सेहत के लिए हानिकारक है।
व्यक्ति को पता नहीं चलता कि वह कितना खा रहा है, जिससे वह ओवरईटिंग करने लगता है

### चाय-कॉफी ज्यादा पीना

कॉफी, एल्कोहॉल, चाय, शक्कर और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन भी वज़न बढ़ा सकता है। वजन को नियंत्रित रखना चाहते हैं तो हफ्ते में दो दिन ऐसे अवश्य निकालें, जिनमें ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें, जो लिवर और पाचन क्रिया को नुकसान पहुंचाते हों।



### हाई कैलरीयुक्त पदार्थ

चावल, आलू, शक्कर जैसी चीज़ों में कैलरीज अधिक होती हैं। अगर डाइट में हाई कैलरी वाली चीज़ें अधिक हैं तो वजन घटाने में समस्या आ सकती है। कैलरीज की मात्रा का ध्यान रखना जरूरी है, साथ ही यह भी देखना चाहिए कि वे किन चीजों से मिल रही हैं। हर मील में प्रोटीन, कार्ब्स और फैट की संतुलित मात्रा जरूरी है।

### हरी सब्जियां कम खाना

हरी पतेदार सब्ज़ियों में कई पोषक तत्वों, विटमिंस और मिनरल्स की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर को पोषण देने के अलावा वज़न को नियंत्रित रखने में मदद करती है। इसके अलावा ओमेगा 3 और ओमेगा 6 फैटी एसिड को भी आहार में शामिल करें।

### ब्रेकफस्ट स्किप करना

पूरे दिन के भोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है ब्रेकफस्ट। अकसर लोग सुबह की भागमभाग के बीच नाश्ता नहीं कर पाते या आननफानन में कुछ भी खाकर ऑफिस चले जाते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि नाश्ता न करने से मेटाबॉलिजम धीमा हो जाता है, जिससे शरीर में फैट बर्न होने की रफ्तार भी कम हो जाती है।

### पानी कम पीना

पानी कम पीने से शरीर में डिहाइड्रेशन होता है, जिससे पाचन क्रिया सुस्त हो जाती है। पानी की जगह कई बार लोग बाजार में मिलने वाले पैक्ड जूसेज पीने लगते हैं। इनमें शुगर की मात्रा जयादा होती है, जिससे वेट मैनेजमेंट का मकसद पूरा नहीं हो सकता। आजकल के मौसम में अगर पानी पीने का मन न हो तो बीच-बीच में गुनगुने पानी की सिप लेते रहें। इसके अलावा छांछ और नींबू पानी भी ले सकते हैं। लिक्विड्स की कमी के कारण शरीर की गंदगी सही ढंग से बाहर नहीं निकल पाती और वजन बढ़ने लगता है।

### ओवर डाइटिंग करना

वज़न कम करने के चक्क र में अकसर कई लोग डाइटिंग करने लगते हैं और खाना बहुत कम कर देते हैं। इससे शरीर को नुकसान होता है और काम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा नहीं मिल पाती। डाइटिंग से घटाया गया वजन स्थायी नहीं होता और रूटीन टूटते ही वापस लौट आता है। इसलिए वजन कम करने के लिए कैलरी बर्न करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।


## मांस और अंडे से ज्यादा ताकतवर हैं ये वेजिटेरियन फूड, जानें किसमें कितना है प्रोटीन

### शाकाहारी लोगों को प्रोटीन का पोषण नहीं मिलता

वेजटेरियन लोग प्रोटीन के पोषण से वंचित रह जाते हैं, पर यह ग़लतफ़हमी है कि नॉनवेज प्रोटीन का प्रमुख स्रोत है। वनस्पतियों से प्रोटीन और फाइबर भी पाया जाता है, जो पाचन तंत्र और हड्डियों के लिए फ़ायदेमंद है। इसके अलावा हर तरह की दालों, सब्ज़ियों और फलों में भी प्रोटीन पाया जाता है जबकि चिकेन, रेड मीट या अंडे में मौजूद प्रोटीन में फाइबर नहीं होता। इनमें फैट व कोलेस्ट्रॉल होता है, इसलिए नॉनवेज का सेवन दिल और किडनी के लिए सही नहीं।

### शाकाहारी आहार संतुलित नहीं होता

अगर वेजटेरियन ऐसा मानते हैं तो यह धारणा पूरी तरह ग़लत है। शाकाहारी भोजन में प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट और कोशिकाओं को पोषण देने वाले आवश्यक माइक्रोन्यूट्रिएंट तत्वों का संतुलित समन्वय होता है। नॉनवेज की तुलना में फलों, सब्ज़ियों और दाल में माइक्रोन्यूट्रिएंट तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं।



### बच्चों के लिए ज़रूरी नॉनवेज

श्री बालाजी ऐक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली की न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. प्रिया बर्मा के मुताबिक, लोग मानते हैं कि शाकाहारी भोजन में बच्चों के संतुलित विकास के लिए पोषक तत्व नहीं मिलते। यह तथ्य आंशिक रूप से सच है कि नॉनवेज में पाया जाने वाला प्रोटीन और आयरन बच्चों के शारीरिक विकास में मददगार होता है, इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे कमज़ोर होते हैं। अगर उन्हें पर्याप्त मात्रा में डेयरी प्रोडक्ट्स, सब्ज़ियां और दालें खिलाई जाएं तो इससे उनका संतुलित शारीरिक विकास होता है।

### इसमें पाएं प्रोटीन

**काबुली चना और पिटा ब्रेड**

एक पिटा ब्रेड और दो चम्मच काबुली चने में 6 ग्राम प्रोटीन मिलता है। गेहूं और चावल में अमीनो एसिड लाइसिन की कमी होती है, जबकि छोले में प्रचुर मात्रा में लाइसिन होता है।

**किनूआ-** एक कप किनूआ में 8 ग्राम प्रोटीन होता है। इसमें फइबर, मैग्नीशियम और आयरन पाया जाता है। यह चावल का एक अच्छा विकल्प है। चपातियां और कुकीज़ बनाने में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। ब्रेकफस्ट में इसका दलिया या खिचड़ी बनाई जा सकती है।

**पीनट बटर सैंडविच-** दो ब्राउन ब्रेड और 2 टेबलस्पून पीनट बटर में 15 ग्राम प्रोटीन होता है। ब्रेड पर पीनट बटर लगाकर खाने से सभी ज़रूरी अमीनो एसिड शरीर को मिलते हैं। इसमें प्रचुर मात्रा में फैट भी होता है।

**सोया-** आधा कप सोया में 15 ग्राम प्रोटीन होता है। सोया अपने आप में पूर्ण प्रोटीन है। अगर आपको थायरॉयड या कैंसर की समस्या है तो सोया के सेवन से पहले डॉक्टर की सलाह लें।

# तुकाराम चन्द्रवंशी की भूपेश संदेश एवं जनआशीर्वाद यात्रा ने अब तक 50 गांवों में दी दस्तक

## यात्रा के दसवें दिन ग्राम कोसमंदा, चोरभट्ठी, हीरापुर, बाघामुड़ा, पनेका, बहरमुडा पहुंची यात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत के सदस्य एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी के नेतृत्व में गत 31 अगस्त से विधानसभा पंडरिया में प्रारंभ की गई भूपेश संदेश एवं जन आशीर्वाद यात्रा लगातार आगे बढ़ते हुए अब तक करीब 50 से अधिक गांवों में अपनी दस्तख दे चुकी है। इस दौरान हर गांव में इस यात्रा को लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और वे इस यात्रा को हांथो हांथ ले रहे हैं। तुकाराम चन्द्रवंशी के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा विधानसभा पंडरिया के ग्राम झिरौनी से प्रारंभ होकर कोसमंदा, चोरभट्ठी, हीरापुर, बाघामुड़ा, पनेका, बहरमुडा पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने यात्रा का भव्य स्वागत सत्कार किया और यात्रा में शामिल कांग्रेस के लोकप्रिय युवा नेता तुकाराम चन्द्रवंशी को अपना समर्थन व आशिर्वाद दिया। उल्लेखनीय है कि अपनी इस यात्रा के माध्यम से तुकाराम चन्द्रवंशी विधानसभा पंडरिया के गांव-गांव, घर-घर दस्तख दे रहे हैं और लोगों से मेल मुलाकात कर उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री का संदेश तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणरी योजनाओं की जानकारी पोस्टर के माध्यम से दे रहे हैं। लोग भी मुख्यमंत्री का संदेश और सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन दे रहे हैं। वहीं चन्द्रवंशी द्वारा गांव-गांव में नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित की जा रही है। जिसमें वे प्रदेश की भूपेश सरकार के अब तक के कार्यकाल की उपलब्धियों, योजनाओं और क्षेत्र में कराए गए विकास व निर्माण कार्यो को लोगों के सामने रख रहे हैं, साथ ही विकास की इस यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए लोगों से कांग्रेस पार्टी के लिए जनसमर्थन तथा आशिर्वाद मांग रहे हैं। चन्द्रवंशी ने बताया कि यात्रा को उनकी उम्मीद से ज्यादा जनसमर्थन मिल रहा है। लगातार यात्रा में कारवां जुड़ रहा है और यात्रा विशाल रूप ले रही है। रखी जा रहा है। जिनका उनके द्वारा स्थल पर ही प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर समाधान किया जा रहा है। दसवें दिन की यात्रा में कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं राजीव युवा मितान पदाधिकारी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधी जनपद सदस्य, सरपंचगण, सोसायटी अध्यक्ष, गौठान समिति अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# राजहरा फिल्टर हाउस सिविल मेंटेनेंस तथा विभिन्न स्थानों में विराजे विश्वकर्मा महाराज

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



लौह नगरी दल्ली राजहरा माइंस क्षेत्र होने से यहां जगह-जगह विश्वकर्मा जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सिविल मेंटेनेंस नगर पालिका परिषद, फायर ब्रिगेड, रेलवे स्टेशन और कई दुकानों पर भगवान विश्वकर्मा जी की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा की गई। हिंदू धर्म में विश्वकर्मा जी को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है ऐसा मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र के रूप में जन्म लिए थे और विश्वकर्मा जी को सृष्टि का पहला इंजीनियर माना जाता है ऐसा कहते हैं कि विश्वकर्मा जी के पूजा लोहे की पूजा मशीनों औजारों की पूजा की जाती है ऐसा करने से मशीन कभी बीच में धोखा नहीं देती और भगवान की असीम कृपा बनी रहती है अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा प्रार्थना किया कि पूरे खदान सभी कर्मचारियों के ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखें और खदान में किसी तरह का कोई दुर्घटना ना हो सभी कर्मचारी सुरक्षित रहते हुए उत्पादन में अपना योगदान दे।

# भगवान विश्वकर्मा जयंती धूम धाम से मनाई गई



पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

निकटस्थ ग्राम उरला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री विश्वकर्मा पूजा समिति द्वारा देव शिल्पी बाबा विश्वकर्मा का पूजा अर्चना बड़े ही धूम धाम से मनाया गया जिसमे ग्राम उरला वाहन चालक परिचालक संघ द्वारा वाहनों की पूजा अर्चना किया गया । कार्यक्रम में महाभोग भंडारा का आयोजन रखा गया था जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुरेश साहू, अश्वनी साहू, कुन्दन साहू, प्रेम शंकर, उमेश, कुणाल, प्रशांत, करन, मिथलेश, राजा, तोरण, संतानु, प्रकाश, लोकेश, रितीक, देवेंद्र, उमेंद, मुन्ना, राघवेन्द्र, साजन, टिकम, बिट्टू, ओमप्रकाश, नितेश, उमेश, नवीन, भूपेश, चंद्रशेखर, नीरज, छगन, चंदन, रोहित, कौशल एवम संतोष राज सहित वाहन चालक-परिचालक संघ के सदस्य उपस्थित रहे ।

# जिला पंचायत सामान्य सभा बैठक निरस्त कर तिथि आगे बढ़ाने प्रज्ञा निर्वाणी ने लिखा जिला सीईओ पंचायत को पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत द्वारा आहूत सामान्य सभा की 21 सितंबर की बैठक की तिथि को आगे बढ़ाये जाने के लिए मुख्यकार्यपालन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी को पत्र लिख त्वरित इस संबंध में पत्र जारी करने को कहा है,प्रज्ञा निर्वाणी ने अपने पत्र में लिखा कि 21 सितंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गाँधी की सभा भिलाई के जयंती स्टेडियम में तय है,यह सभा महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए ही आहूत है, बेमेतरा जिला पंचायत में बहुसंख्यक महिला सदस्य कांग्रेस की हैं इसलिए दोनों जगह उनकी उपस्थिति एक ही दिन में संभव नही है,जिले से बड़ी संख्या में



महिला कार्यकर्ता अपने प्रिय नेता प्रियंका गाँधी की सभा मे उन्हें सुनने जाएंगी, इसलिए आहूत सामान्य सभा की बैठक की तिथि आगे बढ़ाना उचित रहेगा,अपने पत्र में जिला पंचायत सदस्य शुशीला जोशी,बालकुमारी ध्रुव,लक्ष्मी जागेश पटेल ने भी लिखित सहमति दी है, प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि जिले की त्रिस्तरीय पंचायत में चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कविता साहू के निर्देश पर जिले भर के महिला कार्यकर्ताओ और महिला नेत्रियां बड़ी संख्या में भिलाई के प्रियंका गाँधी के महिला सम्मेलन में उपस्थित होने आ रही है,राज्यसभा सांसद और महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने प्रदेश भर से महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी दी है, बेमेतरा जनपद अध्यक्ष रेवती साहू,नवागढ़ जनपद अध्यक्ष अंजली मार्कण्डेय,बेरला जनपद अध्यक्ष हीरा वर्मा,बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, महिला वार्ड पार्षद सहित बड़ी संख्या में जिले से महिला काँग्रेस के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

# शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय के छात्रों की बहुप्रतीक्षित एमएससी कक्षा की मांग हुई पूरी



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय के छात्र एक लंबे अर्से से एमएससी की कक्षा आरंभ करने की मांग करते चले आ रहे थे, किन्तु छात्रों की इस मांग पर पूर्ववर्ती शासन के समय से लगातार अनदेखा किया जाता रहा है। किन्तु छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन होने के साथ छात्रों को अपने इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूर्ण होने की उम्मीद बंधी थी और वह उम्मीद और बलवती हुई जब महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष के रुप में, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल की नियुक्ति हुई। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष के पद पर नियुक्त होते ही रवि जायसवाल ने विज्ञान विषय के छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए महाविद्यालय में एमएससी की कक्षा आरंभ करवाने लगातार प्रयासरत थे। उन्होने छात्रों की इस समस्या से क्षेत्रीय विधायक व महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया को भी अवगत कराते रहे थे। जिसे मंत्री ने गंभीरता से लेते हुए व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के छात्रों की मांग को प्रमुख रुप से तरजीह देते हुए महाविद्यालय के छात्रों के बहुप्रतीक्षित मांग को शासन स्तर पर पूरा कराते हुए एमएससी की कक्षा को आरंभ करवाया। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि जायसवाल के लगातार प्रयासों का ही नतीजा है की 16 सितंबर को शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय में आयोजित एक गरिमामय आयोजन में एमएससी रसायन शास्त्र व 02 स्मार्ट कक्षाओं का शुभारंभ छत्तीसगढ़ शासन की मंत्री अनिला भेड़िया के हाथों शुभारंभ हुआ। इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य रुण कुमार, जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संगीता नायर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष काशीराम निषाद, एल्डरमेन महेन्द्रन अप्पू, युवराज साहू, ईश्वर राव, चंद्रप्रकाश सिन्हा, ममता पांडे, भरत देवांगन, अयान अहमद, धनेश्वरी निषाद एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

# खदान कर्मचारी संघ ने भगवान विश्वकर्मा से मांगा आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल राजहरा खदान समूह में विभिन्न स्थानों पर विराजें भगवान विश्वकर्मा जी का दर्शन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संघ के सभी सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा जी से प्रार्थना किया कि पूरे खदान में सभी कर्मचारियों के ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखें और खदान में किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो, सभी कर्मचारी सुरक्षित रहते हुए उत्पादन में अपना योगदान दे। वैसे राजहरा खदान समूह में भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद सदा से बना हुआ है तभी तो विगत दिनों दल्ली यंत्रीकृत खदान में हुई दुर्घटना में किसी भी कर्मचारी को खरोंच तक भी नहीं आई। आज हमारे कामगारों ने अपनी मेहनत से फिर से उसे पुनः मरम्मत कर खड़ा करा दिया है ये भी भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद ही है। दर्शन के उपरांत संघ के प्रतिनिधि मंडल ने राजहरा खदान समूह के सभी कामगारों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी और उन्हें अपने कार्यस्थल पर सुरक्षा के मापदंडों के साथ कार्य करने का निवेदन किया। इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से मुश्ताक अहमद,एम पी सिंग, लखनलाल चौधरी, किशोर कुमार मायती, विमल यदु ,रजनेश कुमार, महेन्द्र साहू और शेखर निर्मलकर उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल शिविर लगाने के दिए निर्देश

## राजस्व अधिकारियों को क्षति का सही आंकलन करने कहा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

14-15 तारीख़ को पूरे बेमेतरा ज़िले और आसपास के ज़िलों में भारी बारिश के कारण नदियों का जल स्तर बढ़ गया। जिससे नदी किनारे बसे कई ग्रामों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके परिणामस्वरूप, यातायात पर बाधा आई है और बिजली सेवा में भी प्रभावित हुई हैं। अब स्थित धीरे.धीरे सामान्य हो रही है।बाढ़ के पानी से राहत शिविरों में सुरक्षित पहुँचाए गए लोग अपने ठिकानों पर पहुँचाने लगे है। तहसीलदार,सीईओ जनपद, पीएचई, खाद्य, पशु चिकित्सा



विभाग के विकासखंड के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर स्थिति का आकलन कर रहे है ।केशला ग्राम में अधिकारियों ने ग्रामीणों से रू-ब-रू चर्चा कर जानकारी ली। ज़िले के कलेक्टर पी.एस. एल्मा अधिकारियों और लोगों से सतत संपर्क बनाये हुए है। प्रभावित ग्रामों का खुद निरीक्षण कर राहत पहुँचाने के अधिकारियों को निर्देश भी थे रहे है। प्रशासनिक दल भी राहत काम काम में जुटा हुआ है। ज़िले भारी बारिश के चलते प्रशासन को संक्रमण व बीमारियां को लेकर कलेक्टर एल्मा ने उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डाक्टरों की टीम व स्वास्थ्य अमला सहित ज़िला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी प्रभावित क्षेत्रों, गांव में मेडिकल शिविर लगाने के निर्देश पहले ही दे दिए है। सीएमएचओ डॉ.जी.एल टंडन ने बताया कि मितानिन भी घर-घर जाकर ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ले रही हैं। पशु चिकित्सा की टीम भी मवेशियों का उपचार कर रही है ।राशन सामग्री वितरण और पेयजल की ज़रूरत अनुसार मुहैया कराया जा रहा है।अधिकारी ग्रामीणों से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ले रहे है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया है कि जहां-जहां बाढ़ का पानी आया था वहां विशेष सावधानी बरते । क्योंकि इन जगहों पर बीमारियां फैलने की आशंका ज्यादा होती है। एहतियातन इन गांवों में स्वास्थ्य विभाग मेडिकल शिविर लगे है। ऐसे हालात में सामान्य तौर पर लोगों को एलर्जी बच्चों को उल्टीए दस्त की समस्या बुजुर्गो में और महिलाओं में पैरो में दर्द की समस्या देखने को मिलती है । मेडिकल शिविर में मरीज़ों की जांच कर दवाइयां दी जा रही हैं। ज़िला प्रशासन के अधिकारी बाढ़ प्रभावित गांव में जाकर क्षति का आंकलन कर रहे है। प्रभावित इलाक़ों से बाढ़ का पानी अब उतरने लगा है हालांकि इससे पहले बाढ़ के पानी ने कई जगह फसलें खराब होने की संभावना हो सकती है। पूर्व अनुभवों को देखते हुए प्रशासन की सतर्कता के चलते नदी-नालों के किनारे, नज़दीक ग्रामीणों को समय रहते सुरक्षित शिविरों में शिफ्ट कर दिया था। इस कारण जनहानि की शिकायत नहीं आयी। निवासियों ने पहले से ही मवेशियों को भी सुरक्षित जगह पहुँचा दिया था या उन्हें खुला छोड़ दिया था। आंशिक कच्चे मकानों को नुकसान हुआ पर अब राहत की खबर है कि बाढ़ का पानी सूख रहा है।

# भगवान विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न

## कुम्हारी में विश्वकर्मा भवन का हुआ लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



शिल्पकारों के आराध्य भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर वार्ड क्रमांक 3 में विश्वकर्मा पूजा अत्यन्त उत्साह और उमंग और शालीनता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वकर्मा भवन का लोकार्पण भी किया गया। समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। जिसमे समाज के प्रमुख सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे । विशेषकर जिला अध्यक्ष मुकरूराम विश्वकर्मा, जिला संरक्षक रामा विश्वकर्मा एवं जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदु विश्वकर्मा उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने पूजा अर्चना की इसके पश्चात बच्चों ने संगरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जिसकी अतिथियों ने बेहद सराहना की। इस सुअवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विश्वकर्मा पूजा पर इसी प्रकार समाज के लोगों को मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए, जिससे हमारा समाज और मजबूत होगा। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर एवं वार्ड पार्षद थनेश पटेल द्वारा फीता काट कर पूजा अर्चना कर विश्वकर्मा भवन का लोकार्पण किया गया । कार्यक्रम संचालन सचिव हरिशंकर विश्वकर्मा ने किया एवं कार्यक्रम का आभार सरोज विश्वकर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम में परिक्षेत्र के अध्यक्ष रामस्वरूप विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष शिवकुमार विश्वकर्मा, साथ ही पंचगण भी उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत मे सभी को प्रसाद स्वरूप मिठाइयां बांटी गई। इसी प्रकार विश्वकर्मा जयंती पर पूरे कुम्हारी क्षेत्र के फैक्ट्री, कारखानों एवं नगरपालिका कार्यालय सहित विश्वकर्मा समाज के लोगों द्वारा विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। के. एस. के. इंजीनियरिंग इन्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कुम्हारी में कम्पनी के सभी कर्मचारियों एवं स्टाफ की उपस्थिति में विधिवत पूजा आरती कर मिष्ठान्न वितरण किया गया। कम्पनी के डायरेक्टर प्रतीक सरावगी के साथ मैनेजर बजरंग अग्रवाल, डी.के. अग्रवाल मिल इन्चार्ज सुरेश पाण्डे, ठेकेदार वीरूसिंह, आनंद पाण्डे, सापदेव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी व स्टाफउपस्थित थे।

# प्रभावित क्षेत्र में पेयजल स्रोतों, पाइप लाइन आदि का चल रहा मरम्मत का काम

## हैण्डपम्प और बोरवेल में क्लोरीन का घोल डालकर पानी को किया जा रहा शुद्ध

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वस्थ रहने के लिए सदैव साफ पानी पीना बेहद जरूरी है। ख़ासकर भारी बारिश के दौरान जलभराव और और बाढ़ की परिस्थिति के बीच और बाद भी। भारी बारिश के कारण जलभराव में पानी प्रदूषित हो जाता है। ऐसे में यह गंदा पानी पीने से कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ज़िले में बीते दिनों भारी बारिश से ज़िले के कुछ क्षेत्रों में जलभराव और नदी-नाले किनारे बसे गांवों में पानी आ गया। राहत की खबर है कि पहले से सचेत रहने से कोई जनहानि नहीं हुई। ज़िले के जिन



इलाक़ों में जल भराव या नदी-नालों का पानी बाढ़ गांव-घरों में आ गया था। अब वह घट गया है। स्थित सामान्य होने लगी है। ज़िला प्रशासन प्राथमिकता के साथ काम कर रहा है। मेडिकल टीम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ उपचार कर ज़रूरी दवाई दे रही है। वही संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी प्रभावित इलाक़ों के पेयजल स्रोतों में क्लोरीन एवं अन्य पेयजल स्रोतों को शुद्ध करने दवाई डाल रहे है। वही नगर पालिका, नगर पंचायत के कर्मचारी साफ़/सफ़ाई कर रहे है और कीटाणु नाशक दवा का आसपास इलाक़ों में छिड़काव भी कर रहे है। जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने भी लोगों से अपील की है कि पानी को उबालकर, छान कर उपयोग करें। पानी को साफ़ करने क्लोरीन और फिटकारी का उपयोग भी कर सकते है।उन्होंने संबंधित विभाग को बाढ़ प्रभावित इलाक़ों में क्लोरीन की गोली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।क्षतिग्रस्त पानी की लाइन और हैंडपंप तत्काल दुरुस्त करने को कहा है।संबंधित विभाग के कर्मचारी काम में जुट गए है।

# ग्राम सोनझरी व कोयलारी में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

## मुख्य अतिथि चोवा राम ने विजेता टीम सिंगपुर तथा बेलगांव को किया पुस्कृत

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम सोनझरी तथा ग्राम कोयलारी में गत दिनो राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें समूचे प्रदेश के कई जिलो की टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इन दोनो ही ग्रामों में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि कृषि उपज मण्डी कवर्धा के उपाध्यक्ष चोवा साहू उपस्थित थे। जिन्होने अलग-अलग जिलों से प्रतियोगिता में भाग लेने आई टीमों के खिलाडियों से मुलाकात की और उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर चोवा साहू ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होने उपस्थित जनो को संबोधित



करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होने चाहिए। ऐसे आयोजनो से खिलाडि़यों न सिर्फ अपनी खेल प्रतिभा को निखारने और प्रदर्शित करने का मौका मिलता है बल्कि लोगों के बीच आपसी भाईचारा बढ़ता है और इन प्रतियोगिता के मैदान में अलग-अलग जिलो के लोगों को एक साथ आने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार और जिले के मंत्री व कवर्धा विधायक मो. अकबर भी छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढिया आलंपिक जैसे आयोजन करा रहे हैं। जिसे लेकर प्रदेश के खिलाडि़यों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोयलारी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें सिंगपुर की टीम ने प्रथम तथा खैरागढ़ की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ग्राम सोनझरी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बेलगांव की टीम ने प्रथम तथा दरवनटोला की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनो ही प्रतियोगिताओं की विजेता व उपविजेता टीम को मुख्यअतिथि चोवा साहू द्वारा क्रमशः 15000, एवं 7500 रूपए की नगद राशि तथा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर घनुक वर्मा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि स लोहारा शरद बागंली जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि स लोहारा अविनाश मेरावी कप्तान, देवकुमार नेताम, राकेश धुर्वे, टकेश्वर साहू, संतोष कुमार मरकाम मुकेश साहू अध्यक्ष लवकुश धुर्वे धर्मेंद कुमार मरकाम सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ट्रांसफर के बाद भी आरक्षक का बिर्रा थाना से नहीं छूट रहा मोह, थाना प्रभारी एसपी के आदेश को दिखा रहे ठेंगा

## थाना प्रभारी रिलीव करने के बजाय दे रहा बेतुका बयान, क्या एक आरक्षक के बिना नहीं चल सकता बिर्रा थाना काम काज

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के पुलिस अधीक्षक ने 29 अगस्त को जिले के विभिन्न थानों मे लंबे समय से कार्यरत पुलिस कर्मियों का एक तबादला आदेश जारी किया था जिसमे से बिर्रा थाना मे पदस्थ एक आरक्षक का नाम भी शामिल था पर तबादला आदेश जारी होने के बाद भी आरक्षक ने चाम्पा थाना मे ज्वाइन नही किया है आरक्षक पर भीम आर्मी के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया था की वह क्षेत्र में शराब तस्करों से उसकी साठं गांठ है जिसे लेकर भीम आर्मी के प्रतिनिधियों ने इसकी लिखित सिकायत जिले के पुलिस अधीक्षक से की थी और उसे बिर्रा थाना से स्थानांतरण करने की अपील की थी और स्थानांतरण नही होने की स्थिति में बिर्रा थाना के सामने धरना प्रदर्शन करने की बात कही थी।

जिस पर पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक का स्थानांतरण बिर्रा थाना से चाम्पा थाना कर दिया था पर आरक्षक ने स्थानांतरण आदेश




जारी होने के बाद भी चाम्पा थाना मे ज्वाइन नही किया है वही भीम आर्मी के प्रतिनिधियों का आरोप है की आरक्षक पुन्ह बिर्रा थाना क्षेत्र में शराब तस्करों से मिली भगत कर उनको संरक्षण दे रहा है वही स्थानांतरण आदेश जारी होने बाद भी चाम्पा थाना मे ज्वाइन नही करना पुलिस अधीक्षक के आदेश को चुनौती देना साबित हो रहा है।

### आखिर कार किसका मिल रहा आरक्षक को सह जो उडा रहा एस पी के आदेश की धज्जियां

जांजगीर चांपा जिले के बिर्रा थाना मे पदस्थ आरक्षक को आखिर कार किसका इतना सह मिल रहा है की वही जिले के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक के आदेश को भी नही मान रहा है या यह कहना भी गलत नही होगा की पुलिस अधीक्षक के आदेश की धज्जियां उडा रहा है । आप को बता दे की बिर्रा थाना मे लंबे समय से जमे आरक्षक की दर्जनो सिकायत है आरक्षक पर भीम आर्मी के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि वह अवैध चखना सेंटर संचालक अवैध शराब तस्कर से लेन देन कर उनको संरक्षण दे रहा है।

आरक्षक का रवानगी नही हो पाया है मेरे पास कोई टायपिस्ट वाला आदमी नही है एस पी साहब को बोला हूं टायपिस्ट दे दे तो उसे रिलिफकर दूं। भीम आर्मी केव उसके इतना पीछे पढे है समझ से परे है भीम आर्मी वालो को बोल दो आरक्षक दे दे भीम आर्मी को कौशिक से क्या परेसानी है।

**-कृष्णपाल सिंह**
**थाना प्रभारी बिर्रा**

आरक्षक का बिर्रा थाना से चाम्पा थाना स्थानांतरण आदेश जारी हुआ है पर आरक्षक को बिर्रा थाना प्रभारी ने रिलिफनही किया है अगर जल्द से जल्द आरक्षक को रिलिफनही किया जाता है तो बिर्रा थाना का घेराव किया जायेगा। आरक्षक शराब तस्करो को संरक्षण देते आ रहा है पर अधिकारी आरक्षक पर अब भी मेहरबान बने हुए हैं।

**-कलेश्वर खुंटे**
**अध्यक्ष भीम आर्मी जांजगीर चांपा**

# समाजसेवी अंशुल गोयल को मिली डी लिट् की मानद उपाधि

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com

युवा समाजसेवी अंशुल गोयल को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए अमेरिका की मैरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी ने गाजियाबाद में एक भव्य समारोह में डी लिट की मानद उपाधि के साथ गोल्ड मेडल से सम्मानित किया है। यूनिवर्सिटी के 16 वें राष्ट्रीय समारोह में देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों के चुनिंदा लोगों को यूनिवर्सिटी के द्वारा पीएचडी की उपाधि दी गई है,उल्लेखनीय है कि अंशुल गोयल छत्तीसगढ़ प्रदेश की विभिन्न समाजसेवी, स्वयंसेवी, संस्थाओं से जुडे हुए हैं। समय-समय पर जनसेवी कार्यों के साथ परिवार की विरासत के रूप में हर समय लोगों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर भी रहते हैं। गोयल को मिली डाक्टरेट की मानद उपाधि से पूरे नगर के लोगों में हर्ष व्याप्त है। गाजियाबाद के द मोनार्क इन्द्रपुरम हैबीटेड सेंटर में आयोजित समारोह में देश-विदेश के



विख्यात जनप्रतिनिधियों के साथ शिक्षा व अन्य क्षेत्रों से जुड़ी विभूतियों के हाथों अंशुल गोयल को यह सौगात समाज सेवा के क्षेत्र में मैरीलैंड यूनिवर्सिटी के द्वारा प्रदान की गई है। यूनिवर्सिटी के इंडिया के कोआर्डिनेटर डॉ. दिनेश पाण्डेय ने बताया कि लगभग एक वर्ष से उपर की अवधि से अंशुल गोयल की प्रोफाईल व उनके कार्यों पर यूनिवर्सिटी की टीम कार्य कर रही थी।

यूनिवर्सिटी के नॉम्स में अंशुल गोयल के द्वारा किए गये उल्लेखनीय कार्यों को यूनिवर्सिटी की टीम ने प्राथमिकता से लिया और उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टर आफफिलॉशफी की उपाधि से नवाजा गया है। इस दौरान योग गुरू योगी प्रियव्रत अनिमेश, रिसला पोलो क्लब के फाउंडर प्रेसिडेंट कर्नल अजय अहलवात, पद्मश्री कंवल सिंह चौहान, मंगलमय ग्रुप की एमडी डॉ.मंजू गुप्ता, कैडिला फार्मा के वाइस प्रेसिडेंट डॉ.पी के राजपूत, अफगानिस्तान की जर्नालिस्ट हीना पेगम, डॉ. दीपिका जोशी, राईटर प्राची गुप्ता, यूएसए की सीमी हार्डिंग, कॉर्पोरेट कोच डॉ.अमायरा यादव व शिवानी शर्मा सिंह की उपस्थिति में यह उपाधि अंशुल गोयल को प्राप्त हुई। मारवाड़ी युवा मंच, गंगा ग्राम उत्थान समिति, अग्रवाल युवा सम्मेलन सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं में सक्रिय अंशुल गोयल को मिली इस उपलब्धि से नगर में हर्ष व्याप्त है और लोगों ने उन्हें बधाईयां दी हैं। अंशुल गोयल नगर के वरिष्ठ समाज सेवी व कांग्रेस नेता सुभाष गोयल के सुपुत्र हैं और पिता की ही तरह विरासत में समाज सेवा व धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते हैं।

# सोंठी के पूर्व माध्यमिक शाला में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत संपन्न हुई विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com

पूरे देश भर में जहां स्वच्छता को लेकर एक मिशन चल रहा है, तो वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश के सरकारी तथा निजी स्कूलों में भी विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने विभिन्न माध्यमों से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, इसी श्रृंखला में शक्ति जिले के विकासखंड शक्ति के ग्राम पंचायत सोंठी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोठी में 1 से 15 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताये आयोजित की गई, जिसमे प्रतियोगिताओ में प्रथम, द्वितीय,एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार के प्रधान पाठक हीरानंद साहू, सांस्कृतिक प्रभारी निशा गुप्ता चौधरी,




रजनी सिदार, गीता कंवर, रक्षक कश्यप, प्रकाश चंद्र राठौर द्वारा पुरुस्कृत किया गया, इस दौरान संकुल प्रभारी बी के साहू एवम कीर्ति कुमार चन्द्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, पूरे कार्यक्रम को लेकर प्रभारी निशा गुप्ता चौधरी ने बताया कि आज स्वच्छता को लेकर विद्यार्थियों को जागरूक करने से वे विद्यालय के अलावा अपने गांव-शहर में भी स्वच्छता के प्रति सकारात्मक भावना रखते हुए अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे तथा आज यदि हम स्वच्छ रहेंगे तो स्वछता से हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा एवं हमारा पूरा वातावरण स्वच्छ रहेगा।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से शहर में फैली गंदगी, कलेक्टर ने सम्हाला मोर्चा, दी चेतावनी

## कल से सफाई व्यवस्था को लेकर होगी नई पहल

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ नगर निगम में इन दिनों प्लेसमेंट के सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल में है जिसके चलते शहर के चारो तरफगंदगी ही गंदगी फैली हुई है। इतना ही नही रायगढ़ शहर पूरी तरह डेंगू की चपेट में आ चुका है। अब तक तीन सौ से अधिक डेंगू के मरीज मिलने के बाद भी निगम के अधिकारियों का गंभीर नही होना कलेक्टर को भारी नागवार गुजरा है उन्होंने चेतावनी जारी करते हुए शहर के लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नही करने की चेतावनी देते हुए दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश जारी किये हैं। लगातार हड़ताल के कारण शहर में फैलती डेंगू बीमारी को रोकने तथा बढ़ती गंदगी से जनता का बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर जिला कलेक्टर तारण सिन्हा ने छुट्टी के बावजूद भी एक आवश्यक बैठक लेकर



निगम के अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। बैठक में प्लेसमेंट सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बाद दूसरी व्यवस्था को रोकने वाले कर्मचारियों के उपर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए यहां तक कहा कि अगर कोई शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतता है तो उसके उपर एफआईआर तक दर्ज की जाएगी। बैठक में कलेक्टर तारण सिन्हा ने इस बात को गंभीरता से लिया कि जिला मुख्यालय में डेंगू के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं और इसके उपर गंभीरता से ध्यान नही दिया गया तो हर वार्ड में मरीजों की संख्या बढ़ते चली जाएगी और इसे रोक पाना असंभव हो जाएगा।

बैठक में जिला कलेक्टर तारण सिन्हा ने निगम आयुक्त सुर्यवंशी को कड़े शब्दों में कहा कि हडताली कर्मचारी अगर दूसरे कर्मचारियों का काम रोकते हैं या व्यवस्था में रूकावट बनते हैं तो उनसे कड़ाई से निपटा जाये, उनका कहना था कि प्लेसमेंट सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर वे आज भी गंभीर है और उनसे चर्चा करके इस बात की जानकारी भी दी गई है कि उनकी जो भी जायज मांग हो वह प्रशासन गंभीरता के साथ सुनकर पूरी करेगा लेकिन स्थाई नौकरी या अन्य बड़ी मांग राज्य सरकार की पहल पर निर्भर करता है और ऐसे में प्लेसमेंट कर्मचारियों को आगे आकर प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। बैठक में यहां तक कहा गया कि हडताली कर्मचारियों की जगह नये अस्थाई सफाई कर्मचारियों को लगाकर शहर की गंदगी को साफ करने की पहल जोर शोर से शुरू हो ताकि शहर की जनता को गंदगी मुक्त शहर मिले।

# सफाई कार्य के निरीक्षण में निकले कलेक्टर

- मिशन मोड़ में सफाई कार्य करने निगम आयुक्त को दिए निर्देश
- विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण, सफाई कार्य का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा सफाई कार्य का जायजा लेने शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किए। डेंगू संक्रमण के रोकथाम हेतु शहर में सफाई कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा हैं। कलेक्टर सिन्हा शहर के विभिन्न स्थानों में चल रहे सफाई कार्य को देखते हुए वहां ब्लीचिंग पाउडर एवं उन इलाकों में फॉगिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय एवं निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी मौजूद रहें। कलेक्टर सिन्हा मेन पोस्ट ऑफिस के पीछे, हण्डी चैक एवं केवड़ाबाड़ी स्कूल के पास हो रहे सफाई कार्य को देखा। उन्होंने सफाई कार्य में लगे अधिकारियों को सभी स्थानों में मिशन



मोड़ में सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने हण्डी चौक में वहां के व्यापारी से बात करते हुए सभी हण्डी को उल्टे रखने एवं जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न होने हेतु कहा। उन्होंने कहा कि जल-जमाव होने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने केवड़ाबाड़ी स्कूल के पास के व्यापारियों से चर्चा कर कूलर के पानी की नियमित सफाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिन्हा ने व्यापारियों एवं जन-सामान्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का प्राथमिकता से पालन करने एवं सहयोग हेतु अपील की, ताकि शहर को डेंगू के प्रभाव को कम किया जा सकें।

# बहाने से ट्रैक्टर का जैक मांग कर ले गया ड्राइवर हुआ फरार

- पुलिस को दबिश में मिली आरोपी के पास से जैक और चोरी की 02 मोटर सायकल, आरोपी जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बहाने से ट्रैक्टर का जैक मांगकर फरार हो जाने वाले आरोपी को पुलिस ने चोरी की जैक व दो बाईक के साथ गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल 17 सितंबर को थाना खरसिया में ग्राम चपले के उपसरपंच हीरालाल पटेल द्वारा लिखित आवेदन देकर थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके परिचित तरुण कुमार पटेल निवासी टमटेमा का ड्राइवर पूरन चौहान निवासी लेबड़ा थाना भूपदेवपुर बीते अगस्त महीने में एक दिन इसके घर आकर बोला कि ट्रैक्टर पंचर हो गई है, जैक दे दो वापस कर दूंगा। तब विश्वास में आकर हीरालाल पटेल ने पूरन चैहान को जैक दे दिया, काफी दिन बाद जैक वापस नहीं करने से हीरालाल ने ड्राइवर के मालिक तरुण



पटेल को जैक वापस करने बोला तो तरुण बताया कि उसका ड्रायवर पूरन काम छोड़कर भाग गया है, काफी दिन से खोजबीन कर रहा है नहीं पता चल रहा है। तब हीरालाल पटेल थाना खरसिया में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया, खरसिया पुलिस मामले में अमानत में खयानत (धारा 406 आईपीसी) का अपराध आरोपी पूरन चैहान पर दर्ज कर विवेचना में लिया गया। खरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ द्विवेदी द्वारा तत्काल अपने स्टाफ और मुखबिरों को आरोपी पूरन चैहान की जानकारी लेने निर्देशित किये और आरोपी पूरन चैहान के ठिकाने में दबिश दिया गया। आरोपी के कब्जे से हीरालाल पटेल के ट्रैक्टर का जेक (पीला काला रंग सांबा शिवा 40 टन लिखा कीमती 5,000) को बरामद कर जप्त किया गया है।

# रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर को स्वच्छ रखने की अपील की




पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत भटगांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई दिवस पर दोपहर 2:00 बजे कार्यक्रम रखा गया जिसमें क्षेत्र की विधायक संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने झाड़ू लगाकर कार्यक्रम में भाग लिया साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक व नगर पंचायत के उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे के साथ समस्त पार्षद गणों ने सफाई अभियान में शामिल रहे वही नगर के सभी स्कूलों के बच्चे भी सफाई अभियान को सफल बनाने हेतु कार्यालय नगर पंचायत से स्वच्छ भारत मिशन के तहत नारे लगाते हुए रैली निकाली जिसमें लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर को स्वच्छ रखने की अपील किया गया विधायक चंद्रदेव राय द्वारा विकासखंड बिलाईगढ़ के सभी ग्राम पंचायत में पानी टंकी निर्माण के लिए एक जगह कृषि उपज भटगांव के मंडी प्रांगण में विधिवत पूजा कर काम की शुरुआत की गई जिसके तहत 45 करोड़ 56 लाख की लागत से क्षेत्र में पानी टंकी हुआ पाइपलाइन का निर्माण किया जाएगा जिससे लोगों को स्वच्छ जल प्रदान हो सकेगा। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राय ने कहा कि मैं सूखा क्षेत्र का विधायक हूं जहां 400-500 फीट पर भी पानी नहीं है क्षेत्र की जनता की मांग पर पानी की समस्या को दूर करते हुए भूपेश सरकार ने 45 करोड़ 56 लाख की स्वीकृति देकर क्षेत्र में पीने योग्य पानी की समस्या को दूर किया है अभी तक पूरे विधानसभा में 300 से भी ज्यादा पानी टंकी का निर्माण कांग्रेस सरकार ने बिलाईगढ विधानसभा में दिया है अब सपना है महानदी से पानी सिंचाई के लिए लाना और किसान भाइयों के पानी पहुंचाना आप सब का प्यार इसी तरह मिलता रहा तो सपना सरकार होते देर नहीं है साथ ही कृषि उपज मंडी भटगांव कार्यालय में मेन रोड से कार्यालय भवन तक जो 20 लाख की लागत से बना रहे पहुंच मार्ग सीसी रोड का निरीक्षण भी राय द्वारा किया गया भूमि पूजन कार्यक्रम में कांग्रेसी नेता बड़ी संख्या में शामिल है।

# श्रीराम जानकी केवट मंदिर में नव निर्वाचित कार्यकारणी का बैठक संपन्न हुआ

पायनियर संवाददाता ✓ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ केवट (निषाद) समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के नव निर्वाचित अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कैवर्त्य ने श्री राम जानकी चौबीस अवतार केवट मंदिर परिसर शिवरीनारायण में कार्यकारणी के विशेष बैठक बुलाया था उक्त बैठक में केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के संबंधित नौ जिला से आए हुए कार्यकारणी सदस्यों ने हिस्सा लिया। भगवान श्री रामचंद्र जी और केवट समाज के आराध्य श्री गुहा निषाद राज के विधिवत पूजा अर्चना और मंगल आरती के साथ दीप प्रज्वलित कर बैठक की कार्यवाही शुरू किया गया। जहां बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए महासचिव रमेशचंद्र कैवर्त्य ने सभी नए मनोनित केंद्रीय पदाधिकारि और कार्यकारणी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए समाज को सामाजिक राजनीतिक आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से आगे किस तरह से बढ़ाया जाए इस पर सबके विचार और सुझाव मांगे। जिस पर सबने अलग अलग तरह से अपने विचार व्यक्त कर समाज को एक सशक्त और मजबूत सामाजिक संगठन के रूप में विकसित करने की बात कही साथ ही केंद्रीय समिति के संबंधित तैंतीस परिक्षेत्र



में टीम बनाकर सामाजिक व्यवस्था में सुधार लाने का संकल्प लिया गया। कई परिक्षेत्रों में समाज के लोगों के साथ सामाजिक न्याय व्यवस्था में हो रहे अलग अलग भेदभाव और सामाजिक विसंगति को दूर करने के लिए सामाजिक नियमावाली में बदलाव कर संशोधन करने का अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद के द्वारा प्रस्ताव लाया गया। जिस पर सबने सहमति जताते हुए आगामी तिथि को महासभा आयोजन करने का निर्णय लिया और सभी परिक्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारियों को समय पूर्व सूचना भेजे जाने का प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय समिति के कोषाध्यक्ष सनत कुमार केवट एवं कार्यालय सचिव विकास कैवर्त्य द्वारा संयुक्त रूप से मंदिर संचालन और सामाजिक व्यवस्था में अभी तक किए गए खर्च की जानकारी उपलब्ध कराया गया। उक्त बैठक में सर्वाराकार खोलबहरा कैवर्त्य, संरक्षक- बी.पी. राही (सेवा निवृत्त कार्यपालन अभियंता) आर. पी. कैवर्त (रिटायर्ड क्रीड़ा अधिकारी), बहरता राम केवट, उपाध्यक्ष- धनेश कैवर्त रामभरोस केवट, कार्यालय सचिव अजय कुमार कैवर्त्य, सहसचिव- संतोष निषाद, कार्यालय प्रभारी- जितेंद्र कुमार कैवर्त्य,सलाहकार- रथराम कैवर्त्य महेन्द्र कुमार खेदूराम, अंकेक्षक- मनहरण कैवर्त, प्रवक्ता- प्रकाश निषाद जयप्रकाश कैवर्त, संगठन सचिव- समारू लाल कैवर्त्य संतराम केवट तुलसी राम निषाद, प्रचार सचिव -अल्ला राम निषाद परमेश्वर निषाद, मोहन लाल निषाद सुखीराम चंदराम तिहारू कैवर्त्य विकास कैवर्त्य सूरज कैवर्त्य आनंद कैवर्त्य रघुनाथ बोधराम सुरेश कुमार तथा अन्य सभी समाज के स्वजातीय गण उपस्थित रहे।

# छाल व घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम कोटवारों के लिये आयोजित चुनावी कार्यशाला

## थाना प्रभारी ने कोटवारों को बताया आदर्श आचार संहिता व चुनावी प्रक्रिया में उनके कार्य

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार के निर्देशों के पालन में थाना प्रभारीगण अपने अधिनस्थ पुलिसकर्मियों एवं थानाक्षेत्र के ग्राम कोटवारों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी एवं चुनाव दौरान के कर्तव्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी एवं थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा द्वारा थाना के सभी स्टाफएवं क्षेत्र के ग्राम कोटवारों के लिये प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। थाना प्रभारी छाल द्वारा कोटवारों को आगामी विधानसभा चुनाव ड्यूटी के



दौरान आदर्श आचार संहिता, मतदान केंद्रों की सुरक्षा, एसपीओ को क्या करना है क्या नहीं करना है आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए चुनाव के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने की जा रही तैयारियों के संबंध जानकारी देकर उनके दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथी उन्हें निरंतर पुलिस अधिकारियों के संपर्क में रहकर गांव की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देने प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा द्वारा क्षेत्र के सभी ग्राम कोटवारों को थाने में आदर्श आचार संहिता व चुनावी प्रक्रिया का पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया तथा चुनाव के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने कोटवारों को उनके आंख और कान बताकर उन्हें सूचनाएं देने प्रेरित कर गांव के हर हलचल पर निगाह रखने और पुलिस को तत्काल सूचना देने कहा गया। उन्होंने कोटवारों को डायरी रखने तथा गांव में चुनाव को लेकर आपसी वैमनस्यता तथा उनके नजर में चुनाव प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्त्वों की जानकारी शीघ्र देने कहा गया जिससे उन पर समय रहते उचित वैधानिक कार्यवाही की जा सकें।

# तेंदूपत्ता तोड़ने वाले ग्रामीण भटक रहे भुगतान के लिये डीएफओ ने बैंक मैनेजर को लिखा पत्र पर अब तक नहीं मिली राशि

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र लिमपाली गांव के तेंदूपत्ता तोड़ने वाले 14 गरीब हितग्राहियों को उनका मेहनताना आज तक नहीं मिल पाया है। लगभग दो पखवाड़े पूर्व इस मामले की खबर प्राथमिकता से खबर चलाई गई जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सारंगढ़ एसबीआई बैंक के मैनेजर को सभी हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित करने हेतु 08 सितंबर को लिखा गया। किंतु 10 दिवस बीत जाने के बावजूद हितग्राहियों को अभी तक राशि नहीं मिल पाई है। ग्रामीण हितग्राहियों का




आरोप है कि वन विभाग के द्वारा मेहनताना राशि जारी करने बावजूद उनके खाते पर रूपये हस्तांतरित नहीं हुए हैं। 14 गरीब हितग्राहियों के नाम और संग्रहित तेंदू पत्तो की गड्डीयां-मालती चौहान- 480 गड्डी, राधिका चौहान-330 गड्डी, बसंत कुर्रे-700 गड्डी, भारत लाल पटेल-500 गड्डी, किशोर बरीहा-870 गड्डी, सुमित्रा चौहान-2570 गड्डी, तपश्वनी चौहान- 390 गड्डी, लवंगो चौहान-930 गड्डी, विनोदिनी यादव-410 गड्डी, लव सिदार-1100 गड्डी, अजय बरिहा-1100 गड्डी, मिथिला बगर्ती-1070 गड्डी, विनोद कुमार यादव-560, मनोज कुमार यादव-790गड्डी।

# कोतवाली टीआई ने थाने के पुलिसकर्मियों को दिया निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारियों द्वारा अपने थाने के कर्मचारियों को एक दिवसीय कार्यशाला में प्राप्त प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुये निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक द्वारा अपने अधिनस्थ स्टाफ को मोटिवेट करते हुये चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका एवं दायित्वों के बारे में बताया गया। उन्होंने जवानों को चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवहार रखने एवं आदर्श आचार संहिता के नियमावली तथा प्रक्रियाओं का अक्षरशरू पालन करने बताया गया। प्रशिक्षण दौरान थाना प्रभारी ने कर्मचारियों को



आचार संहिता के पहले व आचार संहिता लागू होने पर क्या करना है और क्या नहीं करना है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया जिससे निर्विवाद और शांतिपूर्ण चुनाव हो सकें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक महोदय के मंशा अनुरूप अवैधानिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रतिबंधात्मक एवं लघु अधिनियम की धाराओं के तहत अधिक से कार्रवाई करने विवेचकों को हिदायत दिया गया।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत निकाली गई रैली रामसागर तालाब में किया श्रमदान

## नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पार्षदगणों ने की तालाब घाट की सफाई

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत् स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत जनसामान्य एवं नगर वासियों के मध्य जागरूकता का संदेश लेकर नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार के द्वारा स्वच्छता रैली एवं श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार नगर पालिका कार्यालय से समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं स्वच्छता कार्य में जुड़े महिलाओं के द्वारा रैली आयोजित की गई, रैली आयोजन की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा कार्यालय भवन से प्रारंभ कराई गई। स्वच्छता का संदेश एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते रैली में एस.एल.आर.एम. सेंटर की महिलाओं के द्वारा नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक किया गया। रैली नया बस स्टैंड से मुख्य मार्ग, बजरंग चैक, सदर रोड, नेहरू चैक होते हुए रामसागर तालाब में कर सभी जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारीगण श्रमदान के कार्य में जुट गए। इस दौरान रामसागर तालाब के पार एवं घाट की सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। नगर पालिका से आयोजित स्वच्छता रैली एवं श्रमदान कार्यक्रम में पार्षद रूपेश ठाकुर, रीटा केशरवानी, डिगेश्वरी नामदेव, अंजनी भारद्वाज एल्डरमेन मनोज प्रजापति, सुखदेव साहू, दिगंबर साहू, रविंद्र नामदेव, राजा तिवारी, संदीप साहू, केश कुमार जायसवाल नगर पालिका के उपअभियंता विनोद यादव, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, जिला समन्वयक (पी.आई.यू.) नमिता ठाकुर, शतेन्द्र सिन्हा, सुरेंद्र सोना गणेश पाड़े, समयपाल जय वर्मा, सुनीता साहू, सुभाषिनी शेन्द्रे, प्रताप मरैया, बंटी नायक, सोनू खान, कृष्णा गेंडरे, कैलाश सोनी, नंद किशोर नेताम, सालिकराम वर्मा, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक कर्मचारीगण व सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

# शालू जिन्दल शिकागो में इंटरनेशनल वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल को शिकागो में इंटरनेशनल वुमन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान भारतीय दूतावास के सहयोग से डी ट्राइबल्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला 'इंडियन अमेरिकन ट्रेड फेयर' में प्रदान किया गया। जिन्दल को ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड समेत देश भर में एक करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। शिकागो में भारतीय दूतावास के महावाणिज्य दूत सोमनाथ घोष इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करने के बाद जिन्दल ने आभार व्यक्त किया और भारत में लोगों के उत्थान और उनके जीवन में गुणवत्ता लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ÷यह सम्मान प्राप्त कर मैं बहुत ही गर्वान्वित हूं। यह टीम जेएसपी फाउंडेशन के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। हम अपने देश और दुनिया भर के वंचित एवं सामाजिक रूप से कमजोर लोगों के उत्थान और उनका भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सम्मान वंचितों के लिए निरंतर काम करने के हमारे संकल्प को मजबूत करता है। जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन के रूप में जिन्दल छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड और भारत के अन्य क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में निरंतर सहयोग कर रही हैं।उनके सामाजिक प्रयासों से लाखों लोगों के जीवन में खुशहाली आई है, जो बड़ी संख्या में लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। लोगों का जीवन गुणवत्तापूर्ण बनाने के अलावा शालू जिन्दल ने कुचिपुड़ी नृत्य के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर की कुचिपुड़ी नृत्य विशेषज्ञ हैं और पूरी दुनिया में भारतीय नृत्य और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में निरंतर योगदान कर रही हैं। वे राष्ट्रीय बाल भवन की चेयरपर्सन रही हैं। यंग फिक्की की संस्थापक चेयरपर्सन के रूप में भी उनका कार्यकाल उल्लेखनीय है। वर्तमान में वह छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में स्थित ओपी जिन्दल विश्वविद्यालय की कुलाधिपति हैं। उन्हें सीएसआर टाइम्स लाइफ्टाइम अचीवमेंट अवार्ड, लंदन में गोल्डन पीकॉक अवार्ड, महात्मा अवार्ड और सिंगापुर में सीएमओ एशिया से एकलव्य पुरस्कार सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं।

# तीजा के शुभ अवसर पर डी जे डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com





विधान सभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बोड़तरा मे तीजा के शुभ अवसर पर डी जे डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया था, इस अवसर पर इंजिनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुआ, देवांगन ने सभी को तीजा पर्व की बधाई शुभकामनाए दी और समिति के सभी युवा साथियों को दिल से आभार व्यक्त किया, देवांगन ने कहा कि गांव के सभी लोगों से मिलने और उनसे बात करने का अवसर मिला सबका प्यार मिला, देवांगन ने गांव के सभी लोगों को हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए सभी लोगों का आशीर्वाद लिया, कार्यक्रम में भाई रोहित यदु, गजेंद्र साहु, यूनियन बैंक मैनेजर नामदेव, आशीष, देवांगन, निर्मल नायक, मुकेश ध्रुव, संतोष यादव, जसवंत वर्मा, पंकज ध्रुव, तोरण ध्रुव, लक्की ध्रुव, नंद कुमार ध्रुव, उत्तम ध्रुव, नीरेंद्र ध्रुव, छन्नू सेन सहीत समिति के सभी लोग उपस्थित रहे।

# कलर्स के 'बिग बॉस' का नवीनतम सीज़न दिल, दिमाग और दम के बारे में है




**रायपुर।** मनोरंजन की एक शानदार विरासत बनाने और 16 सालों तक बेजोड़ फैनडम हासिल करने के बाद, भारत का सबसे पसंदीदा रियलिटी शो, कलर्स का 'बिग बॉस' जल्द ही आपके टेलीविज़न स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है! इसके नवीनतम संस्करण ने शो का पावर-पैक फर्स्ट लुक जारी किया है, जिसमें इसके नए गेम-चेंजिंग मंत्र - दिल, दिमाग और दम की घोषणा की गई है। यह गेम पिछले साल की तुलना में और भी अधिक रोमांचक टर्न लेने के लिए तैयार है, और 'इस बार गेम नहीं होगा सबके लिए सेम टू सेम' के दिलचस्प मोड़ के साथ उम्मीद है कि यह सीज़न पिछले सभी सीज़न से अलग होगा। नए सीज़न की थीम के बारे मे, होस्ट सलमान खान ने कहा,÷इस साल, बिग बॉस पूरी तरह से दिल दिमाग और दम के बारे में है और यह हर हाउसमेट के लिए एक जैसा नहीं होगा। इस बार ऐसे सीज़न की उम्मीद करें जो नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा, क्योंकि यह मानवीय भावनाओं के जटिल चक्रव्यूह पर चर्चा करता है। इन दीवारों के भीतर, हर ट्विस्ट एक सबक है, और हर टास्क एक परीक्षा है। यह देखना रोमांचक सफर होगा कि दिल कैसे धड़कते हैं, दिमाग कैसे रणनीति बनाता है और कैसे उत्साह अपने चरम पर पहुंचता है। चूंकि कलर्स का बिग बॉस जल्द ही आपके टेलीविज़न स्क्रीन पर आएगा, अधिक अपडेट के लिए हमारे साथ बने रहें।

# गणेश प्रतिमाएं निर्माण कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं बनाने की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला संस्थान की डायरेक्टर तोशी अग्रवाल के कुशल निर्देशन में आयोजित हुई.विद्यार्थियों ने विभिन्न आकार एवं आकृति के अत्यंत आकर्षक गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। यह गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला सी.बी.एस.ई. द्वारा निर्देशित आर्ट इंटीग्रेटेड एजुकेशन के तहत संपन्न किया गया। एकेडेमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है। यही विद्यार्थी हमारे देश के भविष्य हैं जो देश की प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए अपनी जिम्मेदारी का वहन करेंगे। विद्यार्थियों की इस कार्यशाला के लिए विद्यालय के गुणी शिक्षक राम कुमार, दीप्ति वर्मा एवं श्रुति सोनी ने विद्यार्थियों को कुशल प्रशिक्षण दिया तथा गणेश प्रतिमा निर्माण में उन्हें भरपूर प्रोत्साहित किया। संस्था के डायरेक्टर्स संजीव ताम्रकार, आशीष कक्कड़, प्रशांत अग्रवाल, ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़, तोशी अग्रवाल एवं विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# घरों एवं पंडालो में विराजे गौरी पुत्र गणेश

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश मंगलवार को घरों में पारंपरिक रूप से विराजित हुए वहीं पंडालों में भी लंबोदर महाराज की मूर्ति की स्थापना की गई। पारंपरिक रूप से गणेश उत्सव की व्यापक धूम देखने को मिली। अपने-अपने सुविधा अनुसार विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के भक्तों के द्वारा अनंत चतुर्दशी तक सेवा भाव उपरांत इनको विसर्जन कर दिया जाएगा। अब नगर में 11 दिनों तक धार्मिक माहौल देखने को मिलेगा। इसी बीच कई आयोजन समितियो के द्वारा अपने सामर्थ अनुसार कई प्रोग्राम भी करने का निर्णय लिया गया है। इस बार रामानुजगंज क्षेत्र में मिट्टी से प्रतिमाओं को तैयार की गई है कारोबारी ने बताया कि पिछले लगभग 5 सालों से मिट्टी की ही मूर्ति बनाई जा रही है। अब खरीदार भी बहुत जागरूक हो चुके हैं लेने से पहले ही पूछते हैं कि मूर्ति कहीं पेरिस प्लास्टर का तो नहीं बना हुआ है जब वह संतुष्ट हो जाते हैं तभी भगवान गणेश की बनी हुई प्रतिमा लेकर जाते हैं। क्योंकि पीओपी मूर्तियां पानी में नहीं घुलती हैं। यह पानी और जीव-जंतुओं सहित पर्यावरण के लिए भी घातक है।





**मनेन्द्रगढ़।** युनिवर्सल पब्लिक हा. से. स्कूल मनेन्द्रगढ़ में संस्था की शिक्षिका निशा मोटवानी मैम (कराटे प्रशिक्षिका) द्वारा विद्यालय के बच्चों को 'आत्मरक्षा' का प्रशिक्षण दिया गया ताकि बच्चें समय आने पर अपनी रक्षा स्वयं कर सके। विद्यालय की इस नई पहल पर संस्था प्राचार्य राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए बहुत गौरव की बात है कि बच्चें अपने आत्मरक्षा के लिए जागरूक हो व समय आने पर वे अपनी रक्षा स्वयं कर सके। आज के समय को देखते हुए आत्मरक्षा का प्रशिक्षक प्रत्येक छात्र/छात्रा के लिए नितांत आवश्यक है।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर के 'ख' वर्ग में पदोन्नति पर नगर पालिका अध्यक्ष पार्षदगण एवं कर्मचारियों ने दी बधाईयां

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय नवा रायपुर के आदेश क्रमांकः एफ 4-06/2021/18ः नवा रायपुर अटल नगर 15.09.2023 को जारी किये गये पत्र अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य नगर पालिका (कार्यपालन) सेवाअंतर्गत नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर को ''ख'' वर्ग में पदोन्नत किया गया है। इस पदोन्नति पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पार्षदगण व कर्मचारियों ने बधाई दी।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आदेश के अनुरूप वर्तमान एवं नवीन पदस्थापना स्थान यथावत रखा गया है। प्रशासनिक कसावर के साथ-साथ कार्य के प्रति लगन एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करने के साथ ही शासन द्वारा दिये गये आदेशो का तत्काल अमल में लाते हुए कार्यवाही करने में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर की छवि को जाना जाता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर की पदोन्नति पर नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदगण गोविंद पात्रे, अमितेष नेताम, संकेत शुक्ला, गौतम ठेठवार, धमेन्द्र कुमार वर्मा, रीटा केशरवानी, अंजनी भारद्वाज, सतीष पटेल, मनजीत कौर सलूजा, मनोजकांत पूरैना, कमल टण्डन, रूपेश ठाकुर, सविता साहू, प्रियंका सोनी, डिगेश्वरी नामदेव, पंकज मरैया (गोल्डी), जितेन्द्र महाले, क्रांति साहू, रोहित साहू, सुरेन्द्र जायसवाल एवं एल्डरमेन गंभीर सिंह ठाकुर, मनोज प्रजापति, हेमचंद केशरवानी, अमित पंजवानी, सुखदेव साहू एवं कर्मचारीगण उपअभियंता विनोद यादव, स्वाती दुबे, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, लेखापाल दुर्गेश कुमार साहू, नमिता ठाकुर, मुकेश लहरे, गणेशराम पाड़े, आनंद राठौर, प्रसुन शर्मा, शतेन्द्र सिन्हा, तुलसीराम यादव, भुवनेश्वर साहू, सुरेन्द्र सोना, कृष्णकांत कुर्रे, जय वर्मा, रामनरेश मतावले, रजनीश मिश्रा, धनेश पटेल, संजय कुमार साहू, टिकेन्द्र द्विवेदी, अजीत कुमार रजक, कृष्णा गेण्डरे, किशोर यादव, सालिकराम वर्मा, नंद किशोर नेताम, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य विभागीय कर्मचारियों ने अपनी शुभकामनाए एवं बधाईयां दी।

# नारी शक्ति बिल का स्वागत : विभा विजय



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ केसरवानी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष विभा विजय केसरवानी ने लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन महिला आरक्षण अधिनियम का स्वागत करते हुए सभी सभी महिला बहनों को बधाई दिया है तथा विश्वास प्रकट किया है की 27 वर्षो से अटका महिला आरक्षण अधिनियम पास होकर कानून बन जायेगा। विभा ने कहा की नारी सशक्तिकरण के लिए महिला आरक्षण आवश्यक है। इस आरक्षण के माध्यम से महिलाओं को फैसला लेने की प्रक्रिया एवं देश के विकास में सहभागी बनने का अवसर मिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। अब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी और बढ़ेगी। वर्तमान में लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 15 प्रतिशत से कम है, जबकि कई राज्य विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत से भी कम है।

## 50 वर्ष या इससे अधिक आयु के 71 प्रतिशत लोग वयस्क टीकाकरण के बारे में जानते हैं

# औपचारिक दिशा-निर्देशों से वयस्क टीकाकरण को बढ़ाने में मिलेगी मदद : सर्वेक्षण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



द एसोसिएशन ऑफफिजिशियंस ऑफ इंडिया और इप्सोस ने हाल ही में 16 शहरों में 50 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों उनकी देखभाल करने वालों और डॉक्टरों के बीच वयस्क टीकाकरण के बारे में एक महत्वपूर्ण सर्वे किया है। सर्वेक्षण से पता चला है कि वयस्क टीकाकरण की दर आखिर क्यों कम है। भारत में वयस्क टीकाकरण सर्वेक्षण से पता चलता है कि 50 वर्ष या इससे अधिक आयु के 71प्रतिशत लोग वयस्क टीकाकरण के बारे में जानते हैं, लेकिन इनमें से केवल 16प्रतिशत ने ही कोई वयस्क टीका लिया है। मरीजों और डॉक्टरों ने कम टीकाकरण के लिए अलग-अलग कारण बताए हैं।

लाइफवर्द हॉस्पिटल रायपुर के सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन और द एसोसिएशंस ऑफ फिजिशयंस ऑफ इंडिया, रायपुर चैप्टर के चेयरमैन डॉ. अरुण केडिया ने कहा, सर्वे में सामने आया है कि वयस्क टीकाकरण के बारे में जानकारी एवं प्रयासों के बीच के अंतर को पाटने की जरूरत है। इस दिशा में पहला कदम है वयस्क टीकाकरण को लेकर औपचारिक दिशानिर्देश तैयार करना। इससे जरूरी व्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी और यह सुनिश्चित होगा कि मरीजों, उनकी देखभाल करने वालों और डॉक्टरों के बीच वयस्क टीकाकरण को लेकर बात हो। लोगों को टीकाकरण से रोकी जा सकने वाली शिंगल्स जैसी बीमारियों के प्रभावों के बारे जागरूक करने की जरूरत है। ये बीमारियां व्यापक रूप से फैल रही हैं और देशभर में वयस्कों को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए उन्हें समझाना होगा कि टीकाकरण के माध्यम से इनसे बचाव हो सकता है और इस समस्या को हल्के में नहीं लेना चाहिए। सर्वेक्षण में शामिल अधिकांश डॉक्टरों का कहना है कि औपचारिक दिशानिर्देशों की कमी के कारण रोगियों में टीकाकरण के प्रति रुचि और इसे अपनाने में कमी आती है। डॉक्टर भी अपने मरीजों के साथ वयस्क टीकाकरण पर चर्चा करने में झिझकते हैं क्योंकि उनके पास समय की कमी होती है और उन्हें यह भी लगता है कि मरीज लागत की वजह से बीमारी की रोकथाम करने की बजाय जल्द उपचार कराना चाहते हैं। इसलिए डॉक्टरों का मानना है कि मरीज टीकाकरण की सिफारिशों के प्रति कम उत्सुकता दिखाते हैं। वहीं मरीजों का कहना है कि उन्हें अपने डॉक्टरों से टीकाकरण के लिए कोई ठोस सिफारिश नहीं मिलती है, इसलिए उन्होंने सक्रिय रूप से वयस्क टीकाकरण नहीं कराया है। 50 प्रतिशत या इससे अधिक आयु के 69 प्रतिशत लोग और उनकी देखभाल करने वाले डॉक्टरों से वयस्क टीकाकरण के बारे में नहीं पूछते क्योंकि उनका मानना है कि यदि उन्हें इसकी आवश्यकता होगी, तो उनके डॉक्टर खुद इसकी सिफारिश करेंगे।

इस बारे में पूछे जाने पर कि वयस्क टीकाकरण में सुधार कैसे किया जाए, तो वयस्क उत्तरदाताओं और उनकी देखभाल करने वालों ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता के लिए लागू किए गए उपाय वयस्क टीकाकरण को अपनाने में वृद्धि कर सकते हैं। वयस्कों के टीकाकरण के बारे में कुछ गलतफहमियां भी लोगों को टीका लगवाने से रोकती हैं। 50 साल या इससे ज्यादा उम्र के आधे से ज्यादा लोग (58 प्रतिशत) और उनकी देखभाल करने वाले 62 प्रतिशत लोग मानते हैं कि उन्हें या उनके परिवार के लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए टीके से भी ज्यादा बेहतर तरीके उपलब्ध हैं और 47 प्रतिशत वयस्क मानते हैं कि कोविड के अलावा अन्य बीमारियां इतनी गंभीर नहीं हैं कि उनके लिए टीका लगवाया जाए। 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों में शिंगल्स एक महत्वपूर्ण टीका-रोकथाम योग्य बीमारी है और टीकाकरण के माध्यम से इसकी रोकथाम के बारे में जागरूकता कम है। सर्वेक्षण का दूसरा भाग जागरूकता के स्तर और रोगियों पर इस स्थिति के प्रभाव को समझने के लिए 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के शिंगल्स रोगियों के साथ आयोजित किया गया था। शिंगल्स, या हर्पीस जोस्टर, चिकनपॉक्स वायरस के पुनः सक्रिय होने के कारण होता है जो 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के 90प्रतिशत लोगों में मौजूद रहता है। यह एक बेहद दर्दनाक स्थिति है जहां दर्द हफ्तों या महीनों तक बना रह सकता है।

# आम जनता तक प्राथमिकता से बुनियादी सुविधाएं पहुंचा रही भूपेश सरकार : गुलाब

## विधायक कमरो की पहल पर बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों हेतु 1 करोड़ 41 लाख रूपए मंजूर

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



प्रदेश की संवेदनशील भूपेश सरकार प्राथमिकता से आम जनता तक मूलभूत बुनियादी सुविधाएं पहुँचाने निरंतर कार्य कर रही है। क्षेत्र के विकास के लिए जब भी प्रदेश सरकार से जितनी राशि की मांग की गई है, उससे दो गुना बढक़र राशि मंजूर की गई है। यही वजह है कि विकास कार्यों के लिए राशि की कोई कमी आज तक आड़े नहीं आई है। उक्त बातें सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने कही।

**बता दें कि विधायक कमरो की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र में 23**

बहुप्रतिक्षित बुनियादी विकास कार्यों के लिए शासन की ओर से 1 करोड़ 41 लाख रूपए की बड़ी राशि को मंजूरी प्रदान की गई है। जिन विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है उसमें विकासखंड मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत परसगढ़ी में उप सरपंच के घर तक सीसी रोड निर्माण लागत 5 लाख, ग्राम पंचायत शंकरगढ़ में देवन घर की ओर सीसी रोड निर्माण 7 लाख, ग्राम पंचायत कछौड़ स्थित नाका में शेड निर्माण 2 लाख, ग्राम पंचायत ताराबहरा के ग्राम बैरागी में चतुर्वेदी घर के पास पुलिया निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत साल्ही के कर्मघोंघा में सौदर्यीकरण कार्य हेतु 5 लाख, ग्राम पंचायत चैनपुर में नाका के पास शेड निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत भल्लौर के बिहीडांड पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण 10 लाख, ग्राम पंचायत हस्तिनापुर में पंचायत भवन के सामने इंटरलाकिंग 7 लाख, ग्राम पंचायत चनवारीडांड के मलाईभट्ठा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, ग्राम पंचायत पेण्ड्री में आनंद राय घर के पास सीसी रोड निर्माण 5 लाख एवं ग्राम पंचायत साल्ही में विद्युत स्ट्रीट लाईट फिटिंग कार्य हेतु 5 लाख, विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत तोजा में कंकाली माता मंदिर के पास सीढ़ी निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत धोवाताल के ग्राम बरेल व ग्राम पंचायत डोम्हरा में हाईस्कूल का अहाता निर्माण 5-5 लाख, ग्राम पंचायत जनकपुर स्थित नवीन महाविद्यालय में शेड निर्माण 10 लाख, ग्राम पंचायत हरचोका के घोरधरा बस्ती में सीसी रोड निर्माण 7 लाख, ग्राम पंचायत भगवानपुर के भेड़ाधारनाला में स्टाप डेम निर्माण 10 लाख, ग्राम पंचायत मसर्रा में पंचायत भवन मार्ग में सीसी रोड निर्माण 6 लाख, विकासखंड सोनहत के ग्राम पंचायत स्थित नवीन कॉलेज में सायकल स्टैण्ड निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत कैलाशपुर में नाली निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत चकडंड केकन्हैयापारा में सीसी रोड निर्माण 4 लाख, सोनहत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए शव वाहन हेतु 6 लाख एवं बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत रटगा अंतर्गत ग्राम डोंगरीपारा में जगरनाथ घर तक सीसी सडक़ निर्माण कार्य हेतु 7 लाख रूपए मंजूर किए गए हैं।

# महागणपति का आह्वान, शंखनाद और करतल ध्वनि के बीच विराजीत हुए बप्पा

## रात जागरण के बाद व्रतियों ने सुबह किया पारण

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





हरितालिका तीज की व्रति महिलाओं ने रात जागरण के बाद मंगलवार की सुबह पारण किया। अखंड सौभाग्य और मनोरथ के लिए शिव-पार्वती की उपासना का दौर दो दिनों तक चलता रहा। इधर, तीज के साथ ही चतुर्थी तिथि का उदय हो जाने से सोमवार को भी श्रीगणेश की स्थापना हुई। मुहूर्त अनुसार देर रात तक यह क्रम चलता रहा। वहीं मंगलवार को घरों के साथ-साथ पंडालों में प्रतिमा स्थापना की गई। पूरा दिन शहर में हर ओर गणपति बप्पा मोरया की गूंज रही। मंगलवार से श्री महागणपति की 10 दिवसीय आराधना का पर्व शुरु हो गया। अनंत चतुर्दशी तक हर ओर भव्य और आकर्षक प्रतिमाएं लोगों का मन मोहती रहेगी। बड़े से बड़े और छोटे से छोटे पंडाल जगह-जगह सजाए गए हैं। रंग-बिरंगी लाईटें और नए-नए तरह की साज सज्जा से शहर जगमगा रहा है। शाम होने के बाद नजारा और भी अद्भुत लग रहा है। मुहूर्त प्रारंभ होने के साथ ही वैदिक तरीकों से महागणपति का आह्वान कर षोड़श उपचार पूजन किया गया।

शहर में कई स्थानों पर दिव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। कई पंडालों की परंपरा रही है कि वे भव्य और आकर्षक रुप में गणपति की स्थापना करते हैं। इनके दर्शन के लिए 10 दिनों तक मेले सा माहौल रहेगा। इसके लिए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। अंदरुनी सड़कों पर यातायात का दबाव इस दौरान बढ़ जाता है क्यूंकि कई मार्गों पर गणेश पंडाल तैयार किए जाते हैं। इधर, विसर्जन झांकियों की तैयारियां भी जोर-शोर से जारी हैं। प्रशासन ने ऐसी समितियों की सूची बनाना भी शुरु कर दिया है। जल्द ही बैठक में झांकी का रुट और समय सहित सुरक्षा के उपाय और अन्य विषय पर चर्चा कर आयोजन की रुपरेखा तैयार की जाएगी। गौरतलब है कि संस्कारधानी की झांकी देखने के दूर-दराज के लोग भी शहर पहुंचते हैं। पूरी रात यह आयोजन चलता है जिसमें 2 से 3 लाख लोग शामिल होते हैं। आज गाजे-बाजे के साथ श्रीगणेश प्रतिमाओं को लाया गया। कई विख्यात पंडालों की प्रतिमाएं नामी मूर्तिकारों ने तैयार की है। शहर के अलावा बाहर से भी प्रतिमाएं लाई गई हैं जो कि विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पंडालों की साज सज्जा में भी नई तकनीक और उपकरणों से नयापन आया है। समितियों ने 10 दिनों तक गणपति उपासना के लिए विशेष तैयारियां की हैं और इस दौरान कई तरह के आयोजन भी होंगे।

# पैलीमेटा अस्पताल का कलेक्टर ने किया दौरा, लगेगा सोलर सिस्टम

## हॉस्पिटल में सोलर सिस्टम हेतु प्रस्ताव भेजें और 108 वाहन हेतु पत्राचार करें: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार को पैलीमेटा पहुंचकर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान पंजीयन कक्ष, ओपीडी, पैथोलॉजी, प्रसूता कक्ष, भंडार कक्ष आदि का निरीक्षण कर, स्वच्छता के निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पैलीमेटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इस दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के हॉस्पिटल में सोलर सिस्टम हेतु तत्काल प्रस्ताव भेजें और 108 वाहन हेतु पत्राचार करें। जन-स्वास्थ्य जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। इस दिशा में आवश्यक सहयोग किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य उपकरण, मरीज पंजीयन, ओपीडी, पैथोलॉजी, प्रसूता कक्ष, मेडिसिन रूम, एक्सपायरी वेस्ट आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। गांवों में प्राथमिक उपचार के संसाधन तथा दवाईया उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। प्रसूता कक्ष में जाकर नवजात शिशु को देखा और उसकी माता व परिजन से हालचाल पूछा। कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास रहने हेतु निर्देशित किया गया।

### मरीजो से की बातचीत

कलेक्टर ने हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पैलीमेटा में निरीक्षण के दौरान दैनिक मरीजों की जानकारी ली। चिकित्सा अधिकारी शिवभजन जंघेल ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन 50 से 70 के बीच क्षेत्र के मरीज आकर स्वास्थ्य लाभ लेते है। इलाज हेतु उपस्थित मरीजो से कलेक्टर ने बातचीत की और निःशुल्क इलाज की जानकारी लेते हुए पूछा कि इलाज का कोई शुल्क लेते है क्या इस पर मरीजों ने नही में जवाब दिया।

### स्वरोजगार योजना अंतर्गत विशेष शिविर 20 को

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत 20 सितम्बर 2023 को सुबह 11 बजे जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हॉल क्रमांक 01 संयुक्त जिला कार्यालय भवन कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगावं में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में व्यवसाय व उद्योग स्थापना करने हेतु इच्छुक युवाओं को उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार स्थापना के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता हैं। जिसमें व्यवसाय हेतु अधिकतम 2 लाख रूपए, सेवा क्षेत्र हेतु 10 लाख रूपए एवं उद्योग स्थापना हेतु 25 लाख रूपए का ऋण का प्रावधान है। साथ ही योजनांतर्गत अधिकतम 25 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है।

# रेल कॉरिडोर से सिर्फ अडानी को लाभ : जिपंसदस्य

## अडानी के लिए छत्तीसगढ़ आये थे प्रधानमंत्री मोदी

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने बड़ा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से राज्य के लोगों को निराशा हुई। प्रधानमंत्री सिर्फ भाजपा की चुनावी संभावनाओं को तलाशने आये थे लेकिन उनकी सभा में नदारत भीड़ यह बताने के लिये पर्याप्त था कि छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री को और भाजपा दोनों को नकार दिया है। यादव के मुताबिक प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ अपने मित्र अडानी के व्यापार को बढ़ाने के लिये आये थे। प्रधानमंत्री ने जिस रेल कॉरीडोर का शिलान्यास किया वह छत्तीसगढ़ की जनता के लिये नहीं अडानी के फायदे के लिये थे। मोदी राज में देश का सबसे बड़ा कोयला व्यापारी अडानी समूह बन गया। अडानी के कोयला परिवहन और पावर प्लांटों तक कोयला आसानी से पहुंचे इसलिये प्रधानमंत्री को इन रेल कॉरीडोरों की चिंता थी। छत्तीसगढ़ की जनता की रेल सुविधाओं की प्रधानमंत्री को कोई फिक्र नहीं है। यादव ने जोर देते हुए कहा कि देश व् प्रदेश कि जनता अब सब कुछ जान और समझ चुकी है। आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस 75 से अधिक सीट हासिल कर छत्तीसगढ़ में पुनः जनहित की सरकार बनाएगी और लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार का भी सूपड़ा साफ़ हो जाएगा।

### मतदान के लिए किया गया जागरूक

**राजनांदगांव।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजनांदगाव द्वारा स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समीर शर्मा ने मजबूत लोकतंत्र के लिए जनसामान्य से भयमुक्तए निष्पक्ष एवं बगैर प्रलोभन के नैतिक रूप से मतदान करने करने की अपील की।

# एलबी नगर में भाजपाईयों ने किया परिवर्तन रथ का स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली गईपरिवर्तन यात्रा का आगमन रविवार को मोहला से छुरिया होते हुए लाल बहादुर नगर से गुजरी। इस अवसर पर यात्रा का स्वागत पूर्व विधायक खेदूराम साहू, पूर्व सरपंच देवेन्द्र साहू एवं भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं ने किया। यात्रा में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अरूण साव, परिवर्तन यात्रा के प्रदेश संयोजक व विधायक शिवरतन शर्मा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ अब नहीं सहिबो बदल के रहिबो के नारे लगाएं। स्वागत में लाल बहादुर नगर, मक्काटोला, हीरापुर, झिंझारी, गोविंदपुर, अंडी, मड़ियान एवं धनडोंगरी के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने फुल माला एवं पुष्प वर्षा करके एवं फटाके जलाकर अतिथियों का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि इस बार कांग्रेस की सरकार को बदलना है। इसके लिए पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा निकाला गया है, जिसे सभी क्षेत्रों में भारी जनसमर्थन मिल रहा है। साव ने कहा कि लाल बहादुर नगर के कार्यकर्ताओं का जोश देखकर मैं निश्चित तौर पर यह कह सकता हूं कि इस बार डोंगरगांव विधानसभा में कमल खिलेगा और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगा, उन्होंने भव्य स्वागत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त भी किया। इस अवसर पर अंडी सरपंच जसबीर सिंह चौहान, रामाधार ओझा, शत्रुहन वर्मा, चेतन साहू, राजकुमार ताम्रकार, देवेन्द्र यादव, युवराज चंद्रवंशी , अवध राम साहू, नरेंद्र ठाकुर, टेकचंद अग्रवाल, कुशल साहू, संतोष बंजारे,पुरानिक साहू, खेमलाल साहू,हरि राम मंडल ,झिराखन साहू, लक्ष्मीकांत रजक, अरूण वर्मा के साथ क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# अपहरण व अनाचार का आरोपी अहमद नगर महाराष्ट्र से गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

अपहरण व अनाचार के आरोपी ग्राम कुरदा थाना दाढी जिला बेमेतरा निवासी 28 वर्षीय युवक को गंडई पुलिस ने अहमद नगर महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर जेल भेज दिया है। बीते 26 जून को प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को अज्ञात आरोपी भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 363 कायम कर विवेचना में लिया गया था। थाना से टीम तैयार कर प्रकरण में विधिवत विवेचना कर आरोपी व अपहृता को अहमद नगर (महाराष्ट्र) में होने की सूचना पर संभावित स्थान पर घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ एवं पीड़िता के कथन के आधार पर प्रकरण में पृथक से धारा 366, 376(2)(ढ़), भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया है। आरोपी टिकेश निषाद (23) निवासी कुरदा थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# छत्तीसगढ़ को रामायण से मिली विश्व में ख्याति : मदन साहू

## किरगी-ब में हुआ रामधुनी प्रतियोगिता का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम किरगी-ब में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता के शुभारंभ में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू अतिथि रहे। उन्होंने यहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अर्चना कर उन्हें प्रणाम करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आयोजक बाल मित्र रामधुनी व सिद्धी विनायक गणेश उत्सव समिति के इस धार्मिक-सांस्कृति आयोजन को सराहा और सहयोग की बात कही। श्रीराम चरित्र पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि - दक्षिण कौशल यानी आज का छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है। हमारी संस्कृति में भांजे का विशेष मान उन्हीं के चलते है। मदन साहू ने कहा कि ङ्क पहले के दौर में गांव-गांव में रामसत्ता-रामधुनी के आयोजन होते थे। चौपालों में बुजुर्ग से लेकर बच्चे तक इसमें शामिल होते थे और भगवान के चरित्र पर चिंतन-मंथन करते हुए उनका गुणगान करते थे। छत्तीसगढ़ सरकार यही धार्मिकता लौटा रही है। सरकार ने राम वनगमन पथ का भी निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि - सरकार ने गांव गांव में रामायण के आयोजन को बढ़ावा देने के साथ ही पहली बार अंतर्राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया। इससे छत्तीसगढ़ को विश्व में ख्याति प्राप्त तो हुई ही हमारी संस्कृति का भी प्रचार-प्रसार हुआ। बड़े-बड़े दिग्गज कथाकार, मानस के गायक यहां आए और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अब सरकार ऐसे आयोजनों के लिए ग्राम पंचायतों को 10 हजार रुपए की राशि मुहैया करा रही है। राजीव युवा मितान क्लब से जुड़े युवा सदस्यों को भी एक लाख रुपए मिल रहे हैं जिससे वे ऐसे आयोजनों को स्वयं के प्रयास से आयोजित कर सकें।

# चिरचारीखुर्द के प्राचार्य बीएल यादव हुए सेवानिवृत्त

■ रिटायर्ड प्राचार्य का जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



शासकीय हाईस्कूल चिरचारीखुर्द में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य बीएम यादव अपने स्वर्णिम सेवाकाल पूर्ण कर बीते दिनों सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति पर उन्हें स्कूल के बच्चों, शैक्षिक स्टॉफ, ग्रामीणजनों तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भावभीनी बिदाई गई। शांत, मिलनसार, कर्तव्यपरायण तथा मृदुभाषी श्रीयादव को बिदाई देने पूरा उमड़ पड़ा था। बिदाई समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य एसके जोशी ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि बादराटोला प्राचार्य एमएल ठाकुर, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष केपी गंगबेर, सरपंच चित्ररेखा साहू, पूर्व जनपद सदस्य डुमेश्वर साहू, प्रभारी प्राचार्य करमरी कौशल कुमार साहू उपस्थित थे। बिदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत्त प्राचार्य बीएम यादव ने सर्वप्रथम ऐतिहासिक और यादगार बिदाई समारोह के लिए सभी जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया,पश्चात् उन्होंने अपने सेवाकाल के खट्टे मीठे अनुभवों को लोगों के बीच बांटते हुए कहा कि जो अच्छा सोचता है, जो अच्छा करता है, उसके साथ अच्छा ही होता है, यह उनका अपना अनुभव है। उन्होनें बच्चों, स्कूल स्टॉफ सहित ग्रामीणजनों के सुखद और उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में प्रभारी प्राचार्य एसके जोशी ने कहा कि हम प्रत्येक व्यक्ति से कुछ न कुछ सीखते हैं, मुझे भी यादव से चंद दिनों में बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला, जो उनके कर्तव्य निर्वहन में काम आयेगा। उन्होनें कहा कि व्यक्ति कभी रिटायर नहीं होता, कार्य से विलग जरूर होता है। उन्हें आशा और विश्वास है कि यादव की सक्रियता का लाभ सर्वसमाज को मिलता रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेन्द्र किशोर साहू तथा मंच संचालक दिनेश कुरेटी छुरिया द्वारा से किया गया। इस दौरान अनुसूइया साहू, कृष्णाराम साहू, रूपसिंग साहू, बीआर साहू, पूरन साहू, देवेन्द्र साहू, थानसिंह साहू, तीजूराम, कमल यादव, इन्द्राणी साहू, गायत्री यादव, खुशबू चक्रवर्ती, सीमा कंवर, जेएस ठाकुर, एचआर ठाकुर, पोषण चंद्रवंशी, प्रीतम सिन्हा, लक्ष्मी नारायण सोनी, आरएल सोनकुंवर, रेखा गहरवार सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# देशी पिस्तौल लेकर घूम रहा आदतन अपराधी दबोचा पकड़ाया, एक जिन्दा कारतूस भी बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



एक माह के भीतर दूसरी बार शहर में देसी पिस्तौल बरामद हुई है। सायबर सेल और कोतवाली पुलिस ने मिलकर आरोपी को कंचनबाग से हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खुलासा किया कि आरोपी हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में आरोपी है और कुछ ही दिनों पहले जेल से छूटा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। जानकारी मिली थी कि कंचनबाग में पानी टंकी के पास एक युवक पिस्तौल लेकर घूम रहा है। तत्काल टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी हर्षित सिंह उर्फ हर्ष सरदार (23) संगम चौक तुलसीपुर का रहने वाला है। तलाशी लेने पर उसके पास से एक नग देशी पिस्टल एवं 01 नग 7.65 एम0एम0 का जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बताया गया कि, आरोपी आदतन अपराधी है और कुछ माह पूर्व हत्या के प्रयास के मामले में जेल से छुटा था। इसके विरूद्ध पूर्व में थाना कोतवाली में पांच अलग-अलग मामले दर्ज हैं। अपराध में चालान किया गया है साथ ही आरोपी के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने धारा 151-107,116(3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### सोमनी थाना के परसबोड का मामला

**राजनांदगांव।** सोमनी इलाके के परसबोड के एक किसान के निजी संपत्ति को अज्ञात शरारती तत्वों ने आग लगाकर नुकसान पहुंचाया है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। अज्ञात लोगों ने ऐसे वक्त में आगजनी की कोशिश की, जब पूरा गांव रामसत्ता कार्य म में मौजूद था। मिली जानकारी के मुताबिक सोमनी थाना के अधीन परसबोड में 17 सितंबर की रात को राजूराम निषाद रात को सोए हुए थे। करीब 2 बजे अचानक कुछ विस्फोट होने की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलने पर देखा तो उनकी निजी मोटर साइकिल आग में धधक रही थी। उधर घर के पीछे बियारा में भी आग लगने का अहसास हुआ। पीछे जाकर देखा तो ट्रेक्टर के सामने का हिस्सा भी आग में जल रहा था। थोड़ी देर बाद घर के किराना स्टोर में भी पेट्रोल की बदबू आ रही थी। मौके पर दुकान को भी आग के हवाले कर दिया गया था। इस घटना की खबर राजूराम निषाद ने अपने बेटे मानसिंग निषाद को दी। गांव के सरपंच पति और अन्य नागरिकों को हादसे की खबर मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

## भूपेश पर साधा निशाना, विक्रांत के लिए मांगे वोट

# परिवर्तन यात्रा में गरजे रमन सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



भाजपा की परिवर्तन यात्रा का सातवें दिन गंडई नगर के मंडी प्रांगण में पहुंची। हजारों की संख्या में बीजेपी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बड़े ही जोश के साथ स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, यात्रा प्रभारी शिवरतन शर्मा, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, केदार कश्यप, विजय शर्मा, खिलावन साहू, कोमल जंघेल, विधायक प्रत्याशी विक्रांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू की उपस्थिति में विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। परिवर्तन यात्रा को सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता अपने साथ बाइक रैली नर्मदा से कार्यक्रम स्थल तक लेकर आए। सभा को संबोधित करते हुए यात्रा प्रभारी शिवरतन शर्मा ने भूपेश सरकार की वादा खिलाफ़ी को गिनाया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने 2018 के चुनाव में 36 वायदे किये थे जिसे पूरा नहीं किया गया। इसी तरह खैरागढ़ विधानसभा के बीजेपी प्रत्याशी विक्रांत सिंह ने कहा कि खैरागढ़ विधानसभा का चारों कोना जिसमे खैरागढ़, छुईखदान, गंडई और साल्हेवारा विकास के नाम पर तरस गया है। विधानसभा में 2 लाख 11 हजार वोटर है उनके लिए भूपेश बघेल ने कुछ नहीं किया। सिंह ने केसीजी जिला को समझौता के तहत बनाये जाने कि बात कही है। उन्होंने खैरागढ़ विधानसभा के विकास को रमन सिंह की देन कहा।

पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह ने गंडई की आमसभा से कहा कि गंडई से छत्तीसगढ़ का टेम्प्रेचर का पता चलता है। परिवर्तन को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा लबरा कहा है। उन्होंने भिलाई कि मनकित वाली घटना, कवर्धा घटना, बिरनपुर घटना का हवाला देते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की नाकामी का नतीजा बताया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ को लव जिहाद का गढ़ बनने की बात कही है। इस दौरान सभा में खम्हन ताम्रकार, भूपेंद्र सिंह सेवन्नी, अनिल अग्रवाल, राजेश मेहता, संजय अग्रवाल, जीवन दास रात्रे, राजेश ताम्रकार, टेकन देवांगन, श्यामपाल ताम्रकार, विक्की अग्रवाल, राकेश ठाकुर, राकेश जायसवाल, टी. के. चंदेल, राकेश टंडन, विक्की कुर्रे, दीना जंघेल, धरमु पटेल, रामा साहू, दूजे वर्मा, रवि भवनानी, मनीषा चतुर्वेदी, उमा चौबे, अंजलि देवांगन, प्रिया तिवारी, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### इधर कांग्रेस ने किया सांकेतिक विरोध

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के खिलाफकांग्रेस पार्टी के युवाओं ने मुख्य चौक में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किये। प्रदर्शन कारियों ने बताया कि डॉ. रमन सिंह जिस समय मुख्यमंत्री थे, उसी समय विकास यात्रा निकाली गई थी। यहां उन्होंने गंडई को तहसील का दर्जा देने वाले आश्वासन दिया था। तहसील की घोषणा कर उसे अमलीजामा नहीं पहना पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में बने कृषि उपज मंडी में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह अपना परिवर्तन संकल्प यात्रा की सभा कर रहे हैं। लोग समझ गए है कि किसान पुत्र भूपेश बघेल किसानों, मजदूरों, भूमिहीन के लिए अनेक कल्याणकारी योजना चला रहे हैं। डॉ. रमन सिंह के खिलाफपुतला दहन विरोध प्रदर्शन किया जाना था लेकिन अधिकारियों के कहने पर सांकेतिक प्रदर्शन किया है। कार्य म में प्रमुख रूप से सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह चंदेल, पार्षद भिगेश यादव, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मोहसिन खान, तारा चंद बंजारे, शुभम बघेल, कन्हैया कुर्रे, वेदांत यद्दु, महंगू कोसरिया, निरंजन धनकर, मुज्जु खान, तबरेज खान, तुलसी रात्रे, अमन सोनी, साद मेमन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेहरू महाविद्यालय में टैली का 30 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स संपन्न

## टैली वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत : रेड्डी




**डोंगरगढ।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई व्ही रेवती के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में विगत 1 अगस्त से संचालित 30 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत टैली विथ जीएसटी का निःशुल्क प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम 15 सितम्बर को किया गया। उक्त कोर्स में भाग लेने वाले बी.काम. एवं एम.काम. के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया एवं वैल्यू एडेड कोर्स टैली के प्रशिक्षक जे.विजय रेड्डी को उनके सफल प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जे. विजय रेड्डी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की टैली एक रोजगार परक विषय है जो आज प्रत्येक व्यावसायिक संस्थान के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रेवती ने वैल्यू एडेड कोर्स के महत्व एवं वर्तमान समय में टैली की उपयोगिता के बारे में बताया।

# उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उमरेली का नाम रौशन करें छात्र-छात्रा : डॉ. चरणदास महंत

## उमरेली में नवीन महाविद्यालय का उद्घाटन किया छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने

- प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'भेंट-मुलाकात' कार्यक्रम में की थी नवीन महाविद्यालय शुरू करने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा ग्राम चिर्रा में "भेंट-मुलाकात" कार्यक्रम में की गयी घोषणा के तहत जिले के सीमावर्ती ग्राम उमरेली में नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने नवीन महाविद्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि "उमरेली जैसे गाँव में महाविद्यालय का खुलना एक बड़ी उपलब्धि है। यह सब क्षेत्र के लोगों के प्रयास और प्रदेश के मुख्यमंत्री की वजह से हो पाया है। इस कॉलेज में उमरेली सहित आसपास गाँव के सभी बच्चे पढ़ेंगे।"

उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने बच्चों को पढ़ने के लिए अवश्य भेजे और यहाँ पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा हासिल कर उमरेली का नाम रौशन करें। इस दौरान कोरबा लोकसभा क्षेत्र सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला सुनीता कंवर, पूर्व विधायक श्याम लाल कंवर, कलेक्टर सौरभ कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, सुरेन्द्र जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उमरेली में नवीन महाविद्यालय का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. महंत ने आगे कहा कि ÷मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ हुआ है। नरवा, गरवा, घुरवा और बारी जैसी योजना के अलावा राजीव गाँधी किसान न्याय योजना, मजदूर न्याय योजना, कर्ज माफी से किसानों को लाभ मिला है। आने वाले दिनों में ज्यादा मात्रा और ज्यादा राशि में धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज गाँव-गाँव योजनाएं पहुँच रही है और विकास हो रहा है। उमरेली सहित दूरदराज गांवों में महाविद्यालय खुलना विकास का उदाहरण है अन्यथा कॉलेज में पढ़ाई के लिए बिलासपुर, नागपुर तक जाना पड़ता था।"
उन्होंने गाँव में सभी ग्रामीणों को भाई-चारे के साथ रहने, एक दूसरे का सहयोग करते हुए गाँव के विकास में सबको सहभागी बनने की अपील की और कहा कि नवीन महाविद्यालय में गाँव के बच्चों का भविष्य टिका है, इसलिए सभी की अपनी जिम्मेदारी है कि वे उच्च शिक्षा में आगे बढ़ने अपने बच्चों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने चिटफंड जैसे संस्थाओं में अपनी कमाई नहीं लगाने और जागरूक बनने की अपील भी की। सांसद ज्योत्सना महंत ने उमरेली में महाविद्यालय संचालन होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में किसी को उच्च शिक्षा से वंचित नहीं होना पड़ेगा और विद्यार्थियों के एक सुनहरे भविष्य का निर्माण होगा। कोरबा जिला कलेक्टर सौरभ कुमार ने शिक्षा को विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया और उच्च शिक्षा से विद्यार्थियों के जीवन में एक नया द्वार खुलने की बात कही।

# कोयलांचल के दो जर्जर सड़क की कायाकल्प होने बंधी उम्मीद

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत गेवरा बस्ती की दो सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। इन सड़कों का नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसमें एक मार्ग कबीर चौक से गेवरा बस्ती हनुमान चौक होते हुए विश्रामपुर तक बनेगी। वहीं दूसरी सड़क हनुमान चौक गेवरा बस्ती से पंतोरा जाने वाले मार्ग का बस्ती के भीतर लगभग 2 किलोमीटर तक नए सिरे से निर्माण होगा। अनुमान हैं की कबीर चौक से विश्रामपुर तक बनने वाले मार्ग की लागत लगभग 1 करोड़ 16 लाख रुपये होगी। यहां डामरीकृत मार्ग बनाया जाएगा, वहीं गेवरा बस्ती के भीतर बनने वाले मार्ग की लागत 2 करोड़ 35 लाख रुपये की होगी। यह पूर्ण रूप से सीसी सड़क बनेगी, जिसमें सड़क के साथ-साथ नाली का भी निर्माण कराया जाएगा। यह दोनों मार्ग एसईसीएल कुसमुंडा बनाएगा। बारिश के कारण इस मार्ग में कई स्थानों पर तालाब बन जाते हैं। ऐसे में लोगों को आवागमन के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गेवरा बस्ती वार्ड पार्षद अजय प्रसाद इन मार्गों के नवनिर्माण के लिए लगातार प्रबंधन के साथ पत्राचार करते रहे हैं। वहीं कुसमुंडा प्रबंधन ने एसईसीएल के उच्च अधिकारियों को इस व्यापक समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों ने समस्या को समझते हुए फंड देने की बात कही, जिसके बाद सड़कों के टेंडर की प्रकिया का रास्ता खुला। फिलहाल गेवरा बस्ती अंदर सीसी रोड के काम का टेंडर हो चुका है, कुछ कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के ही साथ बरसात के तुरंत बाद काम शुरू हो जाएगा। वहीं कबीर चौक से विश्रमापुर मार्ग के लिए टेंडर जारी हुआ है। इस मार्ग का नवनिर्माण कार्य नवंबर-दिसंबर तक शुरू होने की संभावना है। बीते दिन कुसमुंडा हाउस में हुई बैठक में कटघोरा एसडीएम ऋचा सिंह ने भी इस मार्ग की जर्जर हालत को देखते हुए एसईसीएल कुसमुंडा को सड़क निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वयंसेवकों के लिए ओजोन दिवस पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com




शासकीय महाविद्यालय कोतरी के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वयंसेवकों के लिए ओजोन दिवस पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तेल चित्र प्रदीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधि व शुरुआत की गई. राज्य गीत अरपा पैरी के धार गीत का सामूहिक गायन किया गया. इस आधुनिकीकरण कार्यक्रम पर इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर दिनेश कुमार पांडे ने कार्यक्रम के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों का व्यक्तित्व का विकास होता है.उसमें छुपी हुई प्रतिभा को एक मंच प्रदान करने का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना करता है और इससे हम समाज और देश के लिए एक सकारात्मक कार्य कर सकते हैं. सहा. प्राध्यापक माधुरी कश्यप ने ओजोन परत के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इसका संरक्षण हेतु सभी को पौधारोपण करना चाहिए तथा आसपास के लोगों को भी पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित करना होगा. अर्पिता दुबे ने पर्यावरण संरक्षण पर गीत की प्रस्तुति दी . पारथ कश्यप ने कहा कि हमें संस्कारवान होना चाहिए क्योंकि इसी से हमें अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं. जीपी साहू ने एनएसएस के गानों को छात्रों के सामने प्रस्तुति दी. गत वर्ष के स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव कार्यक्रम के बारे में बताया और गीतों का गायन सामूहिक रूप से गायन किया.कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार जायसवाल ने एनएसएस के लक्ष्य, उद्देश्य और इन पर किए जाने वाले स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा, मतदाता जागरूकता एवं विधिक कार्य गोद ग्राम एवं विशेष शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी. स्वच्छता ही सेवा है के भाव को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन महाविद्यालय में किया जा रहा है।

# कुमेकेला माँ दुर्गा महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रही है सेनेटरी पेड निर्माण

## समूह को 20 हजार रुपए का हुआ है आमदनी

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गौठानों को स्वावलंबी बनाने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है और स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। गौठानों में मुर्गी पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, बांस की टोकरी निर्माण, बटेर पालन, बाड़ी विकास, साग सब्जी का उत्पादन, राईस मिल, पोल निर्माण, सरसो तेल, हेचरी पालन, सेनेटरी पेड निर्माण सहित अन्य गतिविधियों में शामिल करके समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिला पंचायत के एनआर.एल.एम. बिहान द्वारा भी स्व सहायता समूह के महिलाओं को सशक्त बानने के उद्देश्य से आर्थिक गतिविधियों में जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। जिले के विभिन्न विभागों द्वारा भी रीपा के तहत् परिवारों और समूह की महिलाओं को विभाग की योजना से लाभान्वित कर अतिरिक्त आदमनी अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम कुमेकेला में मॉ दुर्गा महिला स्व सहायता समूह द्वारा प्रशिक्षण ले करके सेनेटरी पेड निर्माण किया जा रहा है। विकासखंड मुख्यालय से 3 किलोमीटर की दूरी में ग्राम कुमेकेला स्थित है। बिहान योजना के अंतर्गत इस ग्राम पंचायत में कुल 26 समूह गठित किए जा चुके हैं जिसमें 2 ग्राम संगठन का निर्माण किया गया है। गांव मां दुर्गा स्व सहायता समूह की सभी महिलाओं सप्ताहिक बैठक कर बचत जमा करते हैं और बिहान योजना के तहत 15000 रुपए चक्रीय निधि की राशि भी प्राप्त कर चुकी हैं तथा बैंक लोन लेकर सेनेटरी पैड वितरण करने का काम करती हैं जिसमें कि गांव की महिलाओं को शिक्षित कर कपड़ा के स्थान पर सेनेटरी पैड उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं।

# संगीता यादव को पी एच डी की उपाधि

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



लोयोला महाविद्यालय कुनकुरी के वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवम डॉ सी वी रमन यूनिवर्सिटी के रिसर्च स्कॉलर संगीता यादव को पी एच डी की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि इन्हें फाइटो सोशियो लॉजिकल एंड एथेनो बॉटनिकल स्टडी ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स इन कुनकुरी जशपुर डिस्ट्रिक्ट ऑफछत्तीसगढ़ टॉपिक पर पांच साइट कुनकुरी, सलहियाटोली, महुआटोली, दुलदुला एवम मयाली के 161 पादपों की प्रजाति में शोधकार्य करने पर प्रदान की गई। इन्होंने अपना शोधकार्य डॉ लता शर्मा सह प्राध्यापिका वनस्पति शास्त्र डॉ सी वी रमन यूनिवर्सिटी के निर्देशन में पूर्ण किया है। इस शोधकार्य एवम वनस्पति विभाग की विभागाध्यक्ष में कार्यरत के दौरान इन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1.बेस्ट यंग टीचर 2.यंग रिसर्चर 3.बेस्ट एच ओ डी 4.बेस्ट फैकल्टी 5. यंग एचीवर 6. बेस्ट रिसर्चर 7.बेस्ट कॉन्फ्रेंस प्रेजेंटेशन के साथ साथ भारत शिक्षा रत्न एवं यंग साइंटिस्ट के साथ सात अवार्डो से नवाजा गया एवम इन्होंने इस शोधकार्य के दौरान दस इंटरनेशनल पेपर अच्छे जर्नल एवम यूजीसी लिस्टेड में प्रकाशित करते हुए उन्नीस सेमिनार, तीन वर्कशॉप राष्ट्रीय एवम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धी हांसील करते हुए डॉ सी वी रमन यूनिवर्सिटी से 2017 में एम फिल एवम 2023 में पी एच डी की उपाधि प्राप्त कर अपने कार्यरत लोयोला महाविद्यालय कुनकुरी के साथ साथ जशपुर जिले का भी मान बढ़ाया। शोधकार्य में परिवार एवं सभी सहयोगी साथियों के साथ साथ मार्गदर्शक डॉ लता शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# जिले के ग्राम उरगा से बिलासपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग इकोनामिक कॉरिडोर के निर्माण कार्य पर लगी विराम

## बारिश के कारण हुआ काम प्रभावित

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम उरगा से बिलासपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग इकोनामिक कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है। 70 किलोमीटर लंबी सड़क की लागत 1115 करोड रुपए है। इसका निर्माण नवंबर 2024 तक पूर्ण होना है। बारिश के कारण काम प्रभावित होकर उस पर विराम लग गया हैं। मिट्टी का काम अभी पूरी तरह बंद है। इसलिए निर्माण कंपनी ने अपने सारे हाइवे को खड़े कर दिए हैं। हाइवा की मिट्टी साफ हो जाए और उसमें पानी भी न रुके इसलिए सभी के डाले को स्टैंड मोड में रखकर एक लाइन से खड़े कर दिए हैं, जो आने-जाने वालों का ध्यान बरबस ही अपनी ओर खींच रहा है।

**ग्राम उरगा से पत्थलगांव का निर्माण कार्य नहीं हो पाया शुरू-** जिले के ग्राम उरगा से बिलासपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग इकोनामिक कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है, पर उरगा से पत्थलगांव के बीच 87 किलोमीटर का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसकी निविदा हो चुकी है। इसकी लागत 1955 करोड़ है। निविदा होने के बाद वन भूमि का क्लीयरेंस होना बाकी है। अधिकारियों के मुताबिक अक्टूबर में काम शुरू होगा। यह इकोनामिक कॉरिडोर रायपुर से धनबाद के बीच अलग-अलग चरणों में बन रहा है। कुल लंबाई 627 किलोमीटर है। इसमें छत्तीसगढ़ में 384 किलोमीटर और झारखंड में 240 किलोमीटर है। पत्थलगांव से आगे कुनकुरी तक सड़क का काम भी शीघ्र ही शुरू होने वाला है। उरगा से बिलासपुर सड़क से जांजगीर-चांपा व कोरबा के लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। बिलासपुर आवाजाही के लिए दोनों जिले के लोगों को दो राजमार्ग मिल जाएंगे।

# मानस मंच में नव मतदाता सम्मेलन शिविर का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



लोरमी विधानसभा बीजेपी के तीनों मंडलों के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा लोरमी के मानस मंच में नव मतदाता सम्मेलन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री से पुरस्कृत छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता व भाजपा नेता अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नव मतदाता कार्यक्रम में लोरमी विधानसभा क्षेत्र के नए मतदाता हजारों संख्या में मानस मंच पर उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि अनुज शर्मा ने अपने उद्बोधन के दौरान भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का कारण बताया और देश हित में कौन सी पार्टी में जुड़ना चाहिए कहते हुए कहा कि मेरे पास कोई भी कमी नहीं है मैं संपन्न हूं ख्याति प्राप्त हूं जब मेरी मां ने मुझसे पूछा कि भारतीय जनता पार्टी से ही क्यों जुड़ना चाहते हो तो मैंने उनसे कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश हित के बारे में सोचती है और राष्ट्र के बारे में पहले सोचती है भारतीय जनता पार्टी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही कश्मीर से धारा 370 हटाया उन्होंने ही राम मंदिर का निर्माण कराया जब मुझे सब कुछ मिल गया है तो मैं सब की सेवा करूं राष्ट्र की सेवा करूं इस भावना से ही मैं भारतीय जनता पार्टी में जुड़ा। कार्यक्रम को लेकर वर्तमान विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए नव मतदाता सम्मेलन में आए हुए नए मतदाताओं का स्वागत किया और उन्होंने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर राष्ट्रीय पार्टी भाजपा में आने की बात कही भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने की बात कही। मुकेश कौशिक प्रभारी ने कहा कि मतदान का अधिकार संविधान द्वारा दिया गया सबसे बड़ा अधिकार है। वह नवयुवा जो पहली बार मतदाता बने हैं वह राष्ट्रनिर्माण के नाम अपना मतदान करें। आज भारत विश्वगुरु बनने की राह पर है और राह को और आसान करने के लिए इस बार युवा वोट करेगा। उन्होंने कमल के फूल पर वोट देने की अपील किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा शहीद शंकर शाह, रघुनाथ शाह' 'बलिदान दिवस एवं आदिवासी सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम डोंगरीगढ़'

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



सोमवार को लेखनी सोनू चंद्राकर मुख्य अतिथि के द्वारा 700000 खुद की स्वीकृति राशि से निर्मित बहु प्रतिक्षित आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता भागीरथी मराबी जिला अध्यक्ष गोंड समाज, विशिष्ट अतिथि श्यामसुंदर शांडिल्य जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, अश्वनी अघन मरावी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, कलाअशोक सिंद्राराम जनपद सदस्य खुड़िया, पुरुषोत्तम मार्को अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डिंडोरी , संतोष राज जनपद पंचायत सदस्य डिंडोरी, तीतरू सिंह मरावी, पूर्व जिला सदस्य, रामस्वरूप श्याम पूर्व जनपद सदस्य, पदम सिंह सरसो पूर्व सरपंच,रतनू ध्रुव पप्पू खान, राजू साहू,रामबली साहू, विदेश यादव, दिनेश घृतलहरे ग्राम पंचायत डोंगरीगढ़ के पदाधिकारी कृष्णा लखन यादव सरपंच,रामकुमार साहू सचिव, सुरेखा, उइके दुकालहीन भाई श्याम, तिलक राम श्याम, गणेश सोनवानी, सुंदर सिंह मरावी, शिव कुमारी पट्टा, अश्वनी साकत, उषा सेन, रामीता साहू , इंद्राणी कोलाम, गणेश ध्रुव जनक राम साहू, सुखमती श्याम, सीताबाई, सुहागा बाई, कैलाशनी सिंद्राराम बहादुर मार्को, अशोक मरकाम, राजेंद्र उइके, रोजगार सहायक, सुरेश सोनवानी, बहादुर यादव,उमेद कोलाम, दशरथ नेताम,मंगल मरावी, हेमराज श्याम, श्रवण सिंह श्याम,गोकुल साहू ,राम सिंह टेकाम ,मनोज श्याम, सीरत मरावी, चंदन सिंह पट्टा लखन नेताम,विशाल मरावी, राकेश ग्वाल, मोहन धुर्वे, किशन यादव,पूसऊ मरावी,नरपत मरावी,पतीराम धुर्वे, रमेश धुर्वे चंद्रपट्टा, गंगाराम पट्टा,टीकम मरावी, हीरा सिंह पोर्ते, रामचरण धुर्वे,एवं ग्रामवासी महिला युवा वरिष्ठ जन मां भुवनेश्वरी के पावन धरा भागवत मंच पर सैकड़ों की संख्या उपस्थित माताओं बहनों को लेखनी सोनू चंद्राकर ने तीजा त्यौहार की बधाई देते हुए क्षेत्रवासियों के मंगलकामना हेतु मां भुवनेश्वरी देवी से प्रार्थना किये।

## नवोदय कोरबा के सागर सिंह और हर्ष मार्को के विज्ञान मॉडल का चयन एनसीईआरटी राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए

# राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी जेएनवी गाजियाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त किया

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा कोरबा के दो होनहार छात्र सागर सिंह और हर्ष मार्को के विज्ञान मॉडल का चयन राष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए हुआ है इसकी सूचना नवोदय विद्यालय कोरबा के प्राचार्या शांति मोहंती के निर्देश पर रसायन विज्ञान शिक्षक और गाइड शिक्षक संतोष कुमार चौरसिया ने बताया कि कक्षा दसवीं के छात्र सागर सिंह द्वारा बनाया विज्ञान मॉडल एनसीईआरटी राष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए 2023 के लिए चयनित हुआ है , यह मॉडल आईसीटी इनोवेशन केटेगरी में सम्मिलित हुआ। भौतिक विज्ञान शिक्षक गाइड शिक्षक सोनटके ने बताया की नवोदय विद्यालय समिति द्वारा इस मॉडल का चयन तीन स्तर पर आयोजित हुआ प्रथम स्तर क्लस्टर लेवल का आयोजन जेएनवी बालाघाट मप्र में हुआ था जिसमे कोरबा नवोदय विद्यालय का मॉडल प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय स्तर के लिए चयनित हुआ था जो की जेएनवी विदिशा में आयोजित हुआ था वहा पर इस मॉडल को भोपाल में स्थान रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिकों द्वारा पुनः इस मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था और तत्पश्चात इस मॉडल ने नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के आयोजन जो की जेएनवी गाजियाबाद में हुआ जहा पूरे भारत के 8 क्षेत्रीय कार्यालय से आए मॉडलों के बीच सागर सिंह का मॉडल पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस मॉडल के निर्माण में गाइड शिक्षक की भूमिका लोकचंद सोनटके और संतोष चौरसिया ने देखरेख में हुआ था। अधिक जानकारी देते हुए शिक्षक संतोष चौरसिया ने बताया की इनका मॉडल हमारे आस पास नित्य घटित होते आग को डिटेक्ट करने पर आधारित है जिसका अनुमानन लागत लगभग 2000 रुपए है जिसमे विभिन्न प्रकार के सेंसर आदि का प्रयोग किया गया है। विद्यालय की प्राचार्य शांति मोहंती और समस्त शिक्षकों ने दोनो बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर चयन पर खुशी जाहिर किया है।
और दोनो बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पालकों को बहुत सारी बधाई दी। इस चयन से समस्त छात्र छात्राओं में हर्ष का माहौल है।

# आंगनबाड़ी केंद्र सूकरा, तमिया, बेलटोली, अंबाडीपा और मरचाटोली के पोषण वाटिका में लगा है हरी सब्जियां

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत् संचालित जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका विकसित किया गया है। जिसमें कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं द्वारा केला, पपीता, मक्का सहित ताजी, हरी-भरी एवं पोषक से भरपूर सब्जियां का उत्पादन किया जा रहा है। पोषण वाटिका बनाने का उद्देश्य बच्चों और गर्भवती माताओं में एनीमिया और कुपोषण को दूर करना है जिससे कुपोषण मुक्त एवं स्वास्थ्य छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार किया जा सके, साथ ही समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बना उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ किया जा सके। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत् संचालित सेक्टर सन्ना के परियोजना सन्ना अंतर्गत् आंगनबाड़ी केन्द्र सूकरा, तमिया, बेलटोली, अंबाडीपा और मरचाटोली में भी पोषण वाटिका निर्माण किया गया। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के द्वारा हरी साग-सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। केन्द्रों के वाटिका में हरी साग सब्जी, मक्का, पपीता और केला लगाए गए हैं जिससे पूरा वाटिका में हरियाली छाई हुई है। पोषण वाटिका से गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को गर्म भोजन में हरी साग-सब्जी दिया जा रहा है। जिससे उनके की सेहत में सुधार आ सके।

# छत्तीसगढ़ को स्वस्थ और खुशहाल बनाने हो रहे उल्लेखनीय कार्य : मुख्यमंत्री बघेल



पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट मेकाहारा में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान इंस्टिट्यूट में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से लाभांवित मरीजों तथा उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री बघेल का अभिनंदन कर आभार जताया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में 25 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, मुख्यमंत्री के सलाहाकार रूचिर गर्ग तथा डॉ. प्रीति नागरिया, डॉ. स्मिथ श्रीवास्तव, डॉ. राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## हितग्राहियों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री बघेल ने आभार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य हुए है। इसके तहत प्रदेश के दूरस्थ वनांचल तक सुगम इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। हमारे लिए यह गर्व की बात हैं कि आज छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पतालों में भी ऐसे उपकरण और ऐसी सुविधाएं हैं, जिनकी तुलना विश्वस्तर पर की जा सकती है। शासकीय भीमराव आंबेडकर अस्पताल का यह एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट भी इन्हीं में से एक है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान एडवांस कार्डियक इंस्टीट्युट मेकाहारा, रायपुर के सुदृढ़ीकरण के लिए वहां आधुनिक उपकरणों सहित तमाम जरूरी सुविधाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हृदय रोगों को अत्यंत गंभीर रोगों में शामिल माना जाता है। इन रोगों के उपचार की प्रक्रिया भी बहुत जटिल और महंगी होती है। अस्पतालों में अक्सर जरूरी उपकरणों और संसाधनों का भी अभाव रहता है। एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के माध्यम से इन जरुरती को पूरा करने की कोशिश हम लोगों ने की है। हृदय रोगों के साथ-साथ अन्य सभी तरह के रोगों के उपचार में मरीजों को आर्थिक समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान अवगत कराया कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के दायरे में प्रदेश के 69 लाख परिवार शामिल है। अभी तक 3643 करोड़ 09 लाख रुपए 36 लाख 43 हजार क्लेम प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। अभी कुछ समय पहले तक यह राशि 20 लाख रुपए थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में 02 हजार 643 मरीजों को 79 करोड़ 57 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की जा चुकी है। मुख्यमंत्री बघेल ने यह भी बताया कि रायपुर का पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और डॉ. भीमराव आंबेडकर शासकीय अस्पताल हमारे छत्तीसगढ़ का गौरव है।

# चिटफंड कम्पनी यश ड्रीम के निवेशकों को जल्द लौटाई जाएगी राशि

## यश ड्रीम की सम्पत्तियों की नीलामी से शासन को मिले 42.77 करोड़ रूपए

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चिटफंड कम्पनियों के विरूद्ध कार्रवाई और उनकी सम्पत्ति की नीलामी से प्राप्त राशि को निवेशकों को लौटाए जाने का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। चिटफंड कम्पनी यश ड्रीम रीयल स्टेट की सम्पत्तियों की नीलामी से प्राप्त हुई 42 करोड़ 77 लाख 82 हजार रूपए की राशि इस कम्पनी के निवेशकों को शीघ्र लौटाई जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में विभिन्न चिटफंड कम्पनियों की धोखाधड़ी के शिकार हुए निवेशकों को अब तक 33.97 करोड़ रूपए की राशि लौटाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यश ड्रीम कम्पनी के निवेशकों को नियमानुसार शीघ्र राशि लौटाए जाने की कार्रवाई के निर्देश जिला प्रशासन दुर्ग को दिए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिटफंड कम्पनियों के निवेशकों के साथ न्याय करने के अपने वायदे को पूरा करने की शुरूआत सत्ता की बागड़ोर संभालते ही कर दी थी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में चिटफंड कम्पनियों के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के साथ ही 208 चिटफंड कम्पनियों के विरूद्ध प्रकरण कुल 462 प्रकरण दर्ज कर 700 डायरेक्टरों/पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया। राज्य में 99 प्रकरणों में चिटफंड कम्पनियों की 141.51 करोड़ रूपए की सम्पत्ति की कुर्की एवं नीलामी का आदेश न्यायालय द्वारा दिया जा चुका है, जिसके परिपालन में 55 करोड़ रूपए की राशि सम्पत्ति की नीलामी से पहले ही प्राप्त हो चुकी है। यश ड्रीम रीयल स्टेट कम्पनी की दुर्ग जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थित सम्पत्तियों की नीलामी से 42.77 करोड़ रूपए की राशि को मिलाकर शासन को लगभग 97.77 करोड़ रूपए की राशि शासन को प्राप्त हो चुकी है। न्यायालय में चिटफंड कम्पनियों की लगभग 68 करोड़ रूपए की सम्पत्ति की नीलामी के लिए कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# लंपी स्कीन रोग के संक्रमण से बचाव हेतु जिले में पशुपालन विभाग अलर्ट

## उदयपुर विकासखण्ड के 9814 पशुओं का हुआ टीकाकरण

पायनियर संवाददाता ❮ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

जिले में लम्पी स्कीन रोग से पशुओं के बचाव और उनके उचित उपचार के लिए पशुपालन विभाग अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के विशेष संज्ञान पर इस रोग से मवेशियों के बचाव और उपचार के लिए विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखंड उदयपुर में लंपी रोग से पीड़ित पशुओं के उपचार में लापरवाही की खबर का उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग ने खंडन किया है। उन्होंने बताया कि उदयपुर विकासखंड अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 39 हजार 783 पशुओं का टीकाकरण किया गया है और वर्ष 2023-24 में अब तक 9 हजार 814 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। अभी वर्तमान वर्ष 2023-24 में कुल एलएसडी संक्रमित पशु 104 है जिनमें से 101 पशु स्वस्थ है और 1 पशु की मृत्यु हुई है और 02 नये केस दर्ज हुए है, जिनका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि उदयपुर एलएसडी नियंत्रण हेतु दल गठित है जिनके नोडल डा. राहुल पेंड्रो वीएएस उदयपुर और सहायक नोडल हरकेश चौधरी एवीएफओ उदयपुर है। इनके द्वारा विकास खण्ड में निगरानी रखी जा रही है और सूचना प्राप्त होने पर त्वरित उपचार किया जा रहा है। पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक ने बताया कि लम्पी स्कीन रोग एक विषाणु (वायरल) जनित रोग है। जो मुख्यतः मच्छर मक्खी के काटने एवं दूसरे पशु के सम्पर्क में आने से फैलता है। लम्पी स्कीन रोग से रोकथाम एवं बचाव के उपाय टीकाकरण ही एकमात्र बचाव का तरीका है। इस रोग हेतु गोट पॉक्स टीका लगाया जाता है। पशुपालकों से अपील, संक्रमित मवेशी को अलग रखें, जिससे स्वस्थ मवेशियों में संक्रमण ना फैले - स्वस्थ पशुओं को अलग रखें और इस रोग से संक्रमित पशु को अलग रख के उसका उपचार करना चाहिए। उचित कीटनाशक का उपयोग कर मच्छर मक्खियों तथा अन्य बाह्य परजीवियों का भी नियंत्रण करना चाहिए।

# 2024 के चुनाव में महिला आरक्षण लागू होना चाहिए :दीपक बैज

## चुनावी सनसनी के लिये महिला आरक्षण बिल लाया गया : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com



मोदी सरकार के द्वारा पेश महिला आरक्षण बिल एक चुनावी जुमला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस इस बिल की पक्षधर है यह हमारा अपना बिल है। महिला आरक्षण 2024 के चुनाव में लागू हो जाना चाहिये। यह देश की करोड़ों महिलाओं और लड़कियों की उम्मीदों के साथ बड़ा विश्वासघात है। बिल पास होने के बाद भी आरक्षण के लिये इंतजार करना पड़ेगा। मोदी सरकार द्वारा पेश विधेयक में कहा गया है कि महिला आरक्षण अगली जनगणना के प्रकाशन और उसके बाद की परिसीमन प्रक्रिया के बाद प्रभावी होगा। इस प्रावधान के बाद सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि क्या 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले जनगणना और परिसीमन हो पायेगा? मोदी सरकार ने 2011 के बाद 2021 में होने वाली जनगणना को अभी तक नहीं करवाया है। ऐसे में 2024 के चुनाव के पहले जनगणना होने पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। यह विधेयक मोदी सरकार द्वारा सिर्फ चुनावी सनसनी के लिये लाया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आधी आबादी को उसका पूरा अधिकार देने की पक्षधर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल लाने के लिये प्रधानमंत्री मोदी से बात किया था। कांग्रेस की सरकारों ने समय-समय पर इस हेतु प्रभावी कदम भी उठाया है। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के प्रयास से ही आज देशभर में पंचायतों और नगर पालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं। यह 40 प्रतिशत के आसपास है। कांग्रेस ने अपनी कार्यसमिति में भी महिला आरक्षण के लिये प्रस्ताव पारित किया है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने यूपीए की चेयरपर्सन रहते महिला आरक्षण लागू करने के लिये अनेकों बार ठोस पहल किया, तब भाजपा विपक्ष के रूप में इस पर रोड़ा अटकाते रही है। वर्तमान में भी चुनावी हार को देखते हुये महिला आरक्षण बिल लाया गया है।

# पीएससी में गड़बड़ियां रमन राज में होती थी कांग्रेस सरकार में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही

## रमन राज में 15 साल में मात्र 9 बार पीएससी की परीक्षा हुई थी

### मुद्दाविहीन भाजपाई पीएससी की छवि खराब कर रहे-कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com



पीएससी को लेकर भाजपा स्तरहीन राजनीति कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में 5 सालों में 80 हजार से अधिक सरकारी नौकरियों में भर्ती से बौखलाई भाजपा भर्ती प्रणाली में सवाल खड़ा कर अपनी खीझ निकाल रही। कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुद्दों की कमी से जूझ रही भाजपा राज्य लोकसेवा आयोग की छवि को खराब करने का काम कर रही है। अपनी राजनैतिक दुकान चलाने के लिये भाजपा प्रदेश के युवाओं की विश्वसनीय संस्था पर गलत आरोप लगा कर राज्य में भ्रम का वातावरण बना रही है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सरकार ने पीएससी की पारदर्शिता समयबद्धता और निष्पक्षता को बनाये रखने का पुख्ता इंतजाम किया है। छत्तीसगढ़ राज्य लोकसेवा आयोग एक संवैधानिक एजेंसी है, यह एक स्वायत्तशासी संस्था है। कांग्रेस सरकार में हमेशा से ही संवैधानिक संस्थानों की मर्यादा और गरिमा के अनुरूप उनकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता को बनाए रखने की जिम्मेदारी, सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। भर्ती, परीक्षा और चयन प्रक्रिया में राज्य सरकार का सीधे तौर पर कोई हस्तक्षेप नहीं रहा है। संवैधानिक संस्थानों, केंद्रीय जांच एजेंसियों और राजभवन तक का राजनीतिक उपयोग भारतीय जनता पार्टी का चरित्र है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने रमन राज में 15 साल के कुशासन को भी भोगा है। रमन सरकार के दौरान 2003 और 2005 में पीएससी भर्ती घोटाला भी सर्वविदित है। 2003 के मामले में अभ्यर्थियों के शिकायत पर सुनवाई करते हुए बिलासपुर उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा था कि रमन सरकार के दौरान उक्त भर्ती में भ्रष्टाचार और गड़बड़ी साफ दिख रही है, जांच और स्कैलिंग में षडयंत्र पूर्वक किए गए गड़बड़ी को लेकर उच्च न्यायालय ने कड़े कमेंट किए और उस सूची को निरस्त कर मानव विज्ञान की कॉपीयों को पुनः जांचने और फिर से स्कैलिंग कर नई सूची जारी करने का आदेश दिया था। रमन सरकार के दौरान उक्त भर्ती की जांच में यह भी पाया गया कि किसी अभ्यर्थी को 50 नंबर के पूर्णांक के आधार पर तो किसी को उपकृत करने 75 नंबर के पूर्णांक के आधार पर कापियां जांची गई थी। वर्ष 2005 के पीएससी भर्ती के मामले में सभी चयनित अधिकारियों के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था।पीएसी के तत्कालीन चेयरमैन अशोक दरबारी सस्पेंड हुए, बिलासपुर हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने पूरी नियुक्ति सूची को ही निरस्त कर दिया था, लेकिन रमन सरकार की मिलीभगत से सुप्रीम कोर्ट से वह सूची बहाल करा दी गई। 2005 का मामला न्यायालय में लंबित है स्थानीय युवाओं के हक और हित का गला घोट ना रमन सरकार का चरित्र था। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह के कुशासन में 15 साल में 6 बार पीएससी की भर्ती निरस्त हुई केवल 9 बार ही भर्ती कर पाए। युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को आउटसोर्सिंग करके भाजपा की सरकार बेचती रही और आज जब भूपेश सरकार में सरकारी नौकरी में नियमित पद पर भर्ती के अवसर मिल रहे हैं, युवाओं में उत्साह है तो मुद्दाविहीन भाजपाई केवल राजनैतिक लाभ के लिए अनर्गल बयानबाजी करके संवैधानिक संस्थानों को भी बदनाम करने नहीं चूक रहे हैं।




# तेल मिल प्रोसेसिंग यूनिट में प्रोसेसिंग कार्य से समूह की महिलाएं हो रही हैं सशक्त

पायनियर संवाददाता ❮ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी रूरल इंडस्टियल पार्क (रीपा) योजनांतर्गत नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत कोलियारी (नेतानार) में बजरंगी स्व-सहायता के समूह अध्यक्ष फुलबती एवं सचिव प्रियंका तथा 10 सदस्य को रीपा से जोड़कर तेल मिल प्रोसेसिंग यूनिट में प्रोसेंसिंग एवं पैकेजिंग संबंधीत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर वे अच्छे प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग का कार्य कर रहे हैं। बजरंगी स्व-सहायता के समूह के द्वारा आसपास के किसानों से तिलहन फसल खरीद कर उसे प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग कर बड़े बाजार में बिक्री किया जाता है, जिसकी मांग बाजार में अन्य जिले व राज्यों में रहती है। समूह द्वारा अब तक 600 लीटर तक पैकिंग किया गया है, जिसकी किमत प्रति लीटर 250 रूपये है। समूह के द्वारा अब तक 1 लाख 50 हजार रूपये तक बिक्री किया जा चुका है। पहले समूह के सदस्य माह में एक से 15 सौ रूपये ही कमा पाते थे, लेकिन आज प्रत्येक सदस्य की मासिक आय 6 हजार रूपये तक हो गई है। इस समूह को वर्तमान में लगभग 10 लाख रूपये तक तेल का आर्डर मिल चुका है। बजरंगी समूह का कहना है कि तेल प्रोसेसिंग यूनिट कार्य के साथ-साथ हम अपने घर के कृषि कार्य व मनरेगा का भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करते हुये हमें बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि अच्छी आमदनी प्राप्त होने से परिवार के भरण पोशण में सहयोग मिल रहा है।

# नवाखाई के लिए ऐच्छिक अवकाश

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 20 सितम्बर 2023, बुधवार को नवाखाई के अवसर पर ऐच्छिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में आज सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। ज्ञात हो कि पूर्व में 22 सितम्बर 2023, शुक्रवार को नवाखाई के लिए ऐच्छिक अवकाश घोषित किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए 20 सितम्बर 2023 को ऐच्छिक अवकाश घोषित किए जाने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# नुआखाई पर्व पर डॉ. चरणदास महंत ने उत्कल समाज एवं प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ❮ रायपुर
www.dailypioneer.com



विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने प्रदेशवासियों और विशेष रूप से उत्कल समाज के लोगों को नुआखाई पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुये इस पर्व की विशेषता पर कहा की, पश्चिमी ओडिशा में नए चावल आने की खुशी में इस त्यौहार को मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी के ठीक एक दिन बाद नुआखाई पर्व मनाया जाता है। नुआ का मतलब होता है नया और खाई का मतलब होता है खाना। नुआखाई का मतलब यह है कि नए खाने की फसल उग आई हैं और इसी खुशी में हर साल नुआखाई त्यौहार पूरे उल्लास के साथ में मनाया जाता है। इस दिन चावल का पारंपरिक रूप से केक भी बनाया जाता है जिसे अरसा पीठा के नाम से जाना जाता है। इस दिन माँ समलेश्वरी देवी को नए चावल अर्पित किये जाते है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403